3 **राजधानी** केजरीवाल सरकार ने बुलाया विधानसभा सत्र

6 **अभिमत** भारत में मजबूत होता बीमा क्षेत्र

10 **विदेश** पूर्वी यूक्रेन पर रूसी हमला, सात की मौत

11 **राष्ट्रीय** कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी नोकझोंक



RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 273
नई दिल्ली, बुधवार, 9 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




विश्व एथलेटिक्स में नीरज को भारत की कमान

स्पोर्ट्स-12

# सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी बहस

## विपक्षी इंडिया का सवाल– मणिपुर पर प्रधानमंत्री मोदी चुप क्यों?

● सत्ता पक्ष बोला- गलत समय पर लाया गया प्रस्ताव, विश्व में बज रहा मोदी का डंका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा**



**लोकसभा** में मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पहले दिन पूरी बहस महीनों से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर पर केंद्रित रही। चर्चा की शुरुआत करते हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मणिपुर की हिंसा से लेकर चीनी घुसपैठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौन रहने पर सवाल उठाए और भाजपा के राष्ट्रवाद पर हमला बोला।

वहीं, चर्चा में भाग लेते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उन्हें जनता से जुड़े मुद्दों से सरोकार नहीं है और वे एक ऐसे प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं, जो गरीब परिवार से आते हैं और जिन्होंने गरीब जनता को मकान, शौचालय और पीने का पानी उपलब्ध कराया है। लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस ने मणिपुर में हिंसा को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव मजबूरी में लाना पड़ा ताकि इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मौनव्रत तोड़ा जा सके। सदन में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को चर्चा के लिए रखते हुए यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को अब तक पद पर क्यों बनाए रखा?

उन्होंने दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मौन रहना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें सिर्फ अपनी छवि से लगाव है और वह अपनी सरकार, गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की विफलताओं को सामने नहीं आने देना चाहते। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यही हमारी मजबूरी रही कि हमें यह अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा है। यह संख्या को लेकर नहीं है, बल्कि मणिपुर के इंसाफ के लिए है। आज मणिपुर इंसाफ मांगता है, मणिपुर के युवा, महिलाएं इंसाफ मागती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी मांग थी कि देश के मुखिया होने के नाते प्रधानमंत्री सदन में बयान दें और यहां से संदेश दिया जाए कि दुख की घड़ी में हम मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं। गोगोई ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं गए? उन्हें मणिपुर पर बोलने में लगभग 80 दिन क्यों लगे? जब बोले तो सिर्फ 30 सैकंड के (शेष पेज 9)

### प्रस्ताव गरीब परिवार से आने वाले प्रधानमंत्री के खिलाफ: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि उन्हें जनता से जुड़े मुद्दों से सरोकार नहीं है और वे एक ऐसे प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं, जो गरीब परिवार से आते हैं और जिन्होंने गरीब जनता को मकान, शौचालय और पीने का पानी उपलब्ध कराया है तथा उनके कल्याण की चिंता की है।

लोकसभा में कांग्रेस के गौरव गोगोई द्वारा सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि आज यह प्रस्ताव एक गरीब के बेटे के खिलाफ लाया गया है। यह प्रस्ताव उस व्यक्ति (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) के खिलाफ है जिसने गरीबों को मकान बनाकर दिए, जिसने गरीब जनता को पीने का पानी दिया, शौचालय दिए, जिसने गरीब के घर में उजाला लाने की कोशिश की।

दुबे ने कहा कि विपक्षी दलों का विरोध इस बात पर है कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में गरीब के घर में चूल्हा क्यों जल रहा है, विदेशी नेता प्रधानमंत्री का सम्मान क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभारत में द्रोपदी का चीरहरण हो रहा था और भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, धृतराष्ट्र आदि सब मौन धारण किए हुए थे। दुबे ने कहा कि इसी तरह आज जब विपक्ष प्रधानमंत्री का, गरीबों और किसानों के एक हितैषी का चीरहरण करेंगे तो जिस तरह उस समय भीष्म (शेष पेज 9)

## प्रस्ताव पर पीएम के जवाब से ठीक पहले बोलेंगे राहुल

● कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संसद के भीतर और बाहर मोदी बनाम राहुल की रणनीति पर कर रही काम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** संसद के भीतर और बाहर प्रधानमंत्री को घेरने के लिए एक के बाद एक रणनीति बुन रही है। दिलचस्प घटनाक्रम में कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में राहुल गांधी का नाम ऐन वक्त पर वापस ले लिया और तरुण गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

पार्टी के इस कदम से गुरुवार को मोदी बनाम राहुल मुकाबले के लिए संभावित मंच तैयार हो गया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अब गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने से ठीक पहले सदन को संबोधित करेंगे। कांग्रेस ने रणनीतिक रूप से प्रधानमंत्री के जवाब से ठीक पहले राहुल गांधी का भाषण रखा है, ताकि उन्हें अगले साल लोकसभा चुनाव में मोदी के खिलाफ सबसे प्रबल दावेदार के रूप में पेश किया जा सके। अंदरूनी सूत्रों से पता चला है कि इस रणनीतिक बदलाव पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर दिया।

जब स्पीकर ओम बिरला ने दोपहर में बहस शुरू करने के लिए कांग्रेस नेता गौरव गोगोई को बुलाया, तो संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि उनकी जानकारी के आधार पर स्पीकर के कार्यालय को सुबह 11.55 बजे एक पत्र मिला था, जिसमें संकेत दिया गया था कि राहुल गांधी स्पीकर के रूप में बहस शुरू करेंगे। गोगोई ने तुरंत तीखा जवाब देते हुए पूछा कि अध्यक्ष महोदय, क्या हमें यह भी बताना चाहिए कि आपके कार्यालय में क्या हो रहा है और क्या अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं? आप इस सदन के संरक्षक हैं। क्या हमें यह भी बता देना चाहिए कि प्रधानमंत्री ने आपके कार्यालय (शेष पेज 9)

## अविश्वास से भरा विपक्ष एकजुटता परख रहा: मोदी

● दिल्ली सेवा विधेयक पर मतदान में सेमीफाइनल जीत के लिए पार्टी के राज्यसभा सदस्यों को बधाई दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया खुद अविश्वास से भरा हुआ है इसलिए अपने घटक दलों के विश्वास को परखने के लिए वह उनके नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन को घमंडिया करार दिया और दिल्ली सेवा विधेयक पर मतदान में सेमीफाइनल जीत के लिए पार्टी के राज्यसभा सदस्यों को बधाई दी।

सूत्रों के अनुसार मोदी ने कहा कि कुछ विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा में मतदान को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले का सेमीफाइनल बताया था। दिल्ली सेवा विधेयक को सोमवार को संसद की मंजूरी मिल गई। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा के बाद हुए मतदान में 131 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 101 ने इसके खिलाफ मतदान किया।

बैठक में मौजूद भाजपा के एक सांसद के मुताबिक मोदी ने कहा, विपक्ष अविश्वास से भरा हुआ है... और अपने सहयोगियों का विश्वास परखने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ वह (शेष पेज 9)

## राहुल को पुराना सरकारी बंगला फिर हुआ आवंटित



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के एक दिन बाद मंगलवार को उनका पुराना सरकारी बंगला आवंटित करने का निर्णय किया गया है। सूत्रों ने बताया कि संसद की आवास संबंधी समिति ने इस बारे में निर्णय किया है।

राहुल गांधी को 12 तुगलक लेन स्थित उनका पुराना बंगला फिर से आवंटित किया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने मीडिया से कहा, मेरा घर पूरा हिन्दुस्तान है। कांग्रेस नेता के करीबी सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी को संपदा कार्यालय से इस बात की आधिकारिक पुष्टि प्राप्त हुई है कि उन्हें सांसद के रूप में दिल्ली में बंगला आवंटित किया गया है और (शेष पेज 9)

### भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से मेघायल तक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दूसरे चरण में गुजरात से मेघायल तक यात्रा निकाली जाएगी जो देश के पश्चिम से पूर्व के क्षेत्र को कवर करेगा। इस यात्रा का राजनीतिक मकसद विपक्षी दलों को एकजुट करना है। सितंबर में शुरू होने वाली यात्रा को अंतिम रूप मुंबई में दो दिवसीय 31 अगस्त से (शेष पेज 9)

## रास में हाईवोल्टेज ड्रामा, डेरेक का पहले निलंबन फिर बहाली

● सख्त हिदायतों के साथ सभापति ने तृणमूल सांसद को कार्यवाही में शामिल होने की दी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राज्यसभा** में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने को लेकर उस समय भ्रम की स्थिति बन गई जब उनके अशोभनीय आचरण के कारण मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया गया, लेकिन बाद में सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दे दी।

इस मुद्दे को निस्तारित करते हुए सभापति ने कहा कि सदस्य आगे से अपने आचरण को सदन की गरिमा के अनुरूप बनाएंगे। जैसे ही सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ हुई सभापति ने आज के दिन जन्म लेने वाले सदस्यों को बधाई दी और फिर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत मणिपुर पर चर्चा के लिए 51 नोटिस मिले हैं। उन्होंने बताया कि वह इस बारे में पहले ही व्यवस्था दे चुके हैं। इसके कुछ देर बाद व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए डेरेक ने नियम 267 के तहत मणिपुर हिंसा पर चर्चा शुरू किए जाने की मांग की। सभापति धनखड़ ने डेरेक के हावभाव, उनके आचरण एवं ऊंची आवाज में अपनी बात रखने पर आपत्ति जताते हुए उन्हें अपनी सीट पर बैठने को कहा।

धनखड़ ने इसके बाद कहा कि वह डेरेक का नाम लेते है। सभापति द्वारा जब किसी सदस्य का नाम लिया जाता है तो इसके साथ ही उसके निलंबन की कार्रवाई शुरू हो जाती है। इसके बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि डेरेक लगातार सदन की कार्यवाही को बाधित कर (शेष पेज 9)

### क्विक न्यूज

#### मणिपुर से असम राइफल्स को हटाकर किसी अन्य अर्द्धसैनिक बल की तैनाती का आग्रह

**इंफाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मणिपुर इकाई ने राज्य में तैनात असम राइफल्स को जनता के हित को ध्यान में रखते हुए हटाकर किसी अन्य अर्धसैनिक बल की तैनाती करने और यहां जारी जातीय अशांति का जल्द सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के लिए हस्तक्षेप करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया है। भाजपा की मणिपुर इकाई ने प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित एक ज्ञापन में कहा, जातीय हिंसा के संबंध में और राज्य में शांति बनाए रखने में असम राइफल्स की भूमिका काफी आलोचना की जा रही है और बल के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। पार्टी ने कहा, तीन मई को हिंसा के पहले दिन से ही असम राइफल्स राज्य में शांति बहाल करने के लिए तटस्थता बनाए रखने में विफल रहा है। पार्टी इकाई ने कहा, राज्य में बेहद नाजुक हालात और संवेदनशील जातीय अशांति में पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाने के लिए असम राइफल्स के प्रति जनता का आक्रोश और विरोध लगातार देखा जा रहा है।

## विपक्ष का गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस

● हंगामे के बीच पीयूष गोयल ने कहा, यदि उनकी टिप्पणी में कोई असंसदीय शब्द है तो उसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस के घटक दलों ने राज्यसभा में सदन के नेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की एक टिप्पणी पर उनसे माफी की मांग करते हुए मंगलवार को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया।

कांग्रेस महासचिव और उच्च सदन में पार्टी के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने यह जानकारी दी। रमेश ने कहा कि सदन के नेता गोयल ने विपक्षी को देशद्रोही कहकर संबोधित किया और इसके लिए उनकी माफी से कम कुछ स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, आज दोपहर एक बजे राज्यसभा में इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने सदन के नेता पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव दिया क्योंकि उन्होंने विपक्ष को 'देशद्रोही' कहकर संबोधित किया।

सदन के पटल पर उनकी ओर से माफी मांगने से कम कुछ भी नहीं चलेगा। राज्यसभा में मंगलवार को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर 12:45 बजे बैठक (शेष पेज 9)

## ईडी ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को किया तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/रांची



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि उन्हें 14 अगस्त को यहां संघीय एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। सोरेन को किस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 47 वर्षीय नेता से ईडी ने पिछले साल नवंबर में राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन के एक अन्य मामले में पूछताछ की थी।

## यूपी विस के नए नियम: मोबाइल, दस्तावेज फाड़ना और जोर से हंसना अब होगा वर्जित

● विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम 2023 लागू करने की हो रही तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में विधायकों को सदन में मोबाइल ले जाने और किसी भी तरह का दस्तावेज फाड़ने पर पाबंदी होगी। सदन में नए नियम पारित होने के बाद विधायकों को विधानसभाध्यक्ष की तरफ पीठ करके खड़े होने और जोर से हंसने पर भी मनाही होगी।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश सरकार विधानसभा में पुराने नियमों की जगह एक नया सेट पारित करने के लिए तैयार है। नए नियम यूपी विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम, 1958 की जगह उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम, 2023 स्थान लेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि नया नियम सोमवार को पेश किया गया था, बुधवार को इस पर चर्चा होने के बाद इसे पारित किया जाएगा। अब नये नियमों के तहत कोई भी विधायक सदन में कोई दस्तावेज नहीं फाड़ सकेंगे और भाषण देते समय गैलरी में किसी को इशारा या प्रशंसा नहीं कर सकेंगे।

इसके अलावा विधायक अध्यक्ष की ओर पीठ करके न तो खड़े हो सकेंगे और न ही बैठ सकेंगे। इसके अलावा सदन में हथियार नहीं लाने व प्रदर्शित करने पर पाबंदी होगी। इसी तरह विधानसभा सदस्य के धूम्रपान पर मनाही के साथ लॉबी में जोर से बात करने और हंसने पर भी पाबंदी होगी। नियमों में कहा गया है कि विधानसभा के सदस्यों (विधायकों) को अध्यक्ष की कुर्सी के प्रति आदर सम्मान दिखाने के साथ सदन में प्रवेश करते, लौटते समय या अपनी सीट पर बैठते व उठते समय पीठ नहीं दिखना चाहिए।

नए नियमों के अनुसार, राज्य विधानसभा का सत्र बुलाने की अवधि अब 14 दिनों से घटाकर सात दिन कर दी गई है। इसके अलावा सदस्यों को कार्यवाही से संबंधित कोई भी साहित्य, प्रश्नावली, पुस्तक या प्रेस टिप्पणियां अंदर ले जाने या पर्चियाँ वितरित करने की अनुमति नहीं होगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव की ओर से विधायकों को हर दिन के काम की सूची ऑनलाइन या ऑफलाइन उपलब्ध करानी (शेष पेज 9)

# न्यू नोएडा को मिलेगी हरी झंडी, 203 वर्ग किमी में बसेगा शहर

## 13 अगस्त को होने वाली प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा प्रस्ताव

- मास्टर प्लान 2041 तैयार, पहले फेज में 50 हजार लोगों को रोजगार



प्रतीकात्मक फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वेस्ट यूपी में निवेश का केंद्र अब दादरी नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन होगा। न्यू नोएडा नोएडा, बुलंदशहर और दादरी के 88 गांवों की जमीन अधिग्रहीत कर बसाया जाएगा। इसका मास्टर प्लान 2041 बनाया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी एसपीए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट को दी गई है।

ये करीब 21 हजार हेक्टेयर 203 वर्गकिमी में बसाया जाएगा। इसका मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। 13 अगस्त को होने वाली बैठक में इसे बोर्ड के सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। एक बार मास्टर प्लान पास होने के बाद इसका वित्तीय मॉडल तैयार किया जाएगा। वित्तीय मॉडल जमीन अधिग्रहण को लेकर बनाया जाएगा।

लैंड पूल के जरिए किसानों की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। 21 हजार हेक्टेयर का ब्रेकअप किया गया है। जिसमें 8 हजार हेक्टेयर जमीन औद्योगिक निवेश के लिए रिजर्व की गई है। यहां पहला आने वाला ग्रुप अडाणी का होगा। जो 5 हजार करोड़ का निवेश करेगा। इसके अलावा रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, पीएसपी इंस्टीट्यूशनल, फैसिलिटी/ यूटिलिटी, इंडस्ट्री, ग्रीन पार्क/ओपेन एरिया, रिक्रेशनल और वाटर बॉडी, ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन भी यहां होगा। इसकी कुल आबादी 6 लाख मानी जा रही है। जिसमें 3.5 लाख की आबादी माइग्रेट होगी। जिनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल रेजिडेंस एशल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा। न्यू नोएडा के मास्टर प्लान में कई बार संशोधन किया गया। इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण के जीएम प्लानिंग लीनू सहगल के पास है, जिन्होंने हाल ही में दिल्ली का मास्टर प्लान 2041 तैयार किया है।

कई बार संशोधन के बाद इसका फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इस ड्राफ्ट को बोर्ड के सामने रखा जाएगा। जिसे मंजूरी के बाद शासन को भेजा जाएगा। डीएनजीआईआर को चार चरणों में विकसित किया जाएगा। पहले चरण में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 8500 करोड़ रुपए से अधिक की जरूरत है। जिसमें 3000 हेक्टेयर जमीन शामिल हैं। पहले चरण में अनुमानित रूप से 40000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगाए जिससे 50000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

यहां भूमि अधिग्रहण और आंतरिक विकास के लिए 1000 करोड़ रुपए बजट आवंटित किया हैं। यह राशि इस साल फरवरी में यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दौरान साइन किए गए एमओयू के लिए नोएडा प्राधिकरण की भूमि आवश्यकताओं को पूरा करेगी। अधिकारियों के अनुसार, मांग करने वाली कंपनियों को स्मार्ट भौतिक बुनियादी ढांचे वाले शहर डीएनजीआईआर में आवंटन दिया जाएगा।

### हायर एजुकेशन के लिए 1 हजार 662 हेक्टेयर रिजर्व

**बेहतर शिक्षा के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। मास्टर प्लान में हायर एजुकेशन के लिए श्रेणी डिसाइड की गई है। इसके लिए 1 हजार 662 हेक्टेयर एरिया को रिजर्व किया गया है। ये एरिया पीएसपी इंस्टीट्यूशनल के लिए है। जिसमे संस्थागत श्रेणी की इंडस्ट्री भी काम करेंगी।**

### शिकागो इंडस्ट्रियल हब की तरह बनाएगा अपनी पहचान

शिकागो इंडस्ट्रियल हब मुख्यता सड़क, रेलवे हवाई मार्गो से जुड़ा हुआ है। यहां निवेशकों को बेहतर विकल्प मिलते हैं। इसी तरह डीएनजीआईआर की भी सामरिक क्षमता है। बुलंदशहर की ओर जाने वाले जीटी रोड व हावड़ा की ओर जाने वाली रेलवे लाइन के मध्य स्थित है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर दादरी से मुंबई तक है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लुधियाना से कोलकाता तक वाया खुर्जा प्रस्तावित है वहीं खुर्जा से एक एसपीयूआर दादरी तक निर्मित की जाएगी।

### काम में लापरवाही बरतने के आरोप में दो चौकी प्रभारी निलंबित

**नोएडा।** पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम हरिश चंदर ने बताया कि थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव के पास से हथियारबन तीन बदमाशों ने रणधीर नामक व्यक्ति से मारपीट करके मोटरसाइकिल और अन्य सामान लूट लिया था।

इस मामले में जांच में पाया गया कि बरौला चौकी प्रभारी मनोज कुमार यादव ने कार्य में लापरवाही बरती जिसकी वजह से यह घटना हुई। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष सिंह को भी निलंबित किया गया है। उनके क्षेत्र में हथियारबन बदमाशों ने कई लोगों से कर में बैठकर सोने की चेन, मोबाइल फोन और नगदी लूट की थी।

इस मामले में उज्जवल नामक व्यक्ति ने थाना सेक्टर.49 में मुकदमा दर्ज करवाया है। कार्य में लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी सेक्टर-62 को भी निलंबित किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती

- गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में चला विशेष अभियान, 93 पुलिस टीम गठित



पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश के बाद विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान तीनों जोन में 93 पुलिस टीम गठित कर अलग-अलग स्थान पर यह अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले और खुले में शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद कुलकर्णी के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त यातायात व तीनो जोन के डीसीपी द्वारा 93 पुलिस टीम गठित कर कमिश्नरेट के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी। इस दौरान विशेष अभियान चलते हुए तीन जॉन में विशेष कार्रवाई की गई। इन दौरान एमवी एक्ट से संबंधित कुल 739 चालान काटे गए, वही 33 चालान ड्रिंक एंड ड्राइव के काटे गए। इस दौरान करीब 21 वाहनों को सीज भी किया गया। इसके बाद पुलिस ने खुले में शराब पीने वाले के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और तीनों जोन में खुले में शराब पीने वाले 687 लोगों के खिलाफ करवाई की गई। इनके खिलाफ धारा 290 के तहत कार्रवाई की और हिदायत दी कि आगे से कभी भी खुले में शराब का सेवन न करें।

### दुकान का शटर उखाड़कर उड़ाया 5 लाख का माल

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना पुलिस की निष्क्रियता के चलते इस थाना क्षेत्र में लूट, चोरी, टप्पेबाजी और जालसाजी जैसी संगीन वारदातों की बाढ़ सी आ गई है।

आये दिन होने वाली ऐसी संगीन वारदातों की श्रंखला में एक कड़ी और उस समय जुड़ गई कि जब बेखौफ बदमाशों ने मकनपुर गांव में स्थित मोहित त्यागी की दुकान के ताले तोड़कर वहां से लगभग पांच लाख का माल चुरा लिया। इस वारदात का पता उस समय चला कि जब मोहित त्यागी सुबह के समय दूध लेने जा रहे थे। तब उन्होंने देखा कि उनकी दुकान का शटर उखड़ा हुआ था और वहां पर रखा लाखों का माल नदारद था।

# नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में हंगामा

- नगरायुक्त डॉ नितिन गौड ने कहा- सभी वार्डो में विशेष फॉगिंग अभियान व एंटी लार्वा स्प्रे अभियान किया जाएगा
- बैठक में पहला प्रस्ताव संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुआ था



बोर्ड बैठक में गाजियाबाद की मेयर सुनीत दयाल व अन्य अधिकारी गण।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम कार्यकारिणी की मंगलवार को दूसरी बैठक आयोजित की गई। मेयर सुनीता दयाल और नगरायुक्त डॉ नितिन गौड ने प्रस्तावों पर पार्षदों के साथ चर्चा की। बैठक में पहला प्रस्ताव संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर था।

इस प्रस्ताव पर चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया। नगरायुक्त डॉ नितिन गौड ने कहा कि सभी वार्डो में विशेष फॉगिंग अभियान व एंटी लार्वा स्प्रे अभियान किया जाएगा। नगरायुक्त ने कहा कि निगम के पास एंटी लार्वा का स्प्रे करने के लिए वाहनों की संख्या कम है, लेकिन जल्द ही वाहन खरीदे जाएंगे ताकि अभियान में कोई रूकावट न हो।

दूसरा प्रस्ताव निगम के वाहनों को डीजल मिलने से सम्बंधित है। मुद्दा रखा गया कि डीजल न मिलने की वजह से शहर में कूडा नहीं उठ पा रहा है। इस मामले में जवाब देते हुए नगरायुक्त ने कहा कि पेट्रोल पम्प के साथ कुछ भुगतान को लेकर समस्या थी। डीजल लेते हुए इलेक्ट्रोनिक पर्ची लेना अनिवार्य है लेकिन पेट्रोल पम्प संचालक इसे नहीं दे रहे थे। अब भुगतान का विवाद समाप्त हो गया है साथ ही पेट्रोल पम्प से डीजल मिलना भी शुरू हो गया है। ऐसे में वाहनों में अब डीजल की समस्या नहीं आएगी। आदिल मलिक ने 15वें वित्त आयोग के 149 करोड़ रुपए का मामला उठाया गया जिस पर हंगामा हुआ।

## कार्यकारिणी से पहले सदस्यों के साथ बैठक कर मेयर सुनीता दयाल ने मचा दी खलबली

**गाजियाबाद।** कार्यकारिणी की बैठक करीब 11 बजे से शुरू हुई। मगर इससे पहले मेयर सुनीता दयाल ने अपने कक्ष में सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को बैठक में बुलाया। इस बैठक में क्या कुछ बात हुई इसका तो पता नहीं चला। मगर माना जा रहा है कि कार्यकारिणी की बैठक को लेकर उन्होंने रणनीति बनाई होगी। वैसे ऐसा पहली बार है कि मेयर ने कार्यकारिणी की बैठक से पहले कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बैठक में बुलाया। इससे पहले करीब 11 दिन पहले हुई नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में कई मसलों को लेकर काफी विवाद हुआ था। उस बैठक के शुरू होने से पहले भी मेयर सुनीता दयाल की ओर से कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ कार्यकारिणी से पहले बैठक नहीं की थी। एक ही महीने के अंदर आज हो रही दूसरी कार्यकारिणी की बैठक से पहले ही मेयर सुनीता दयाल ने नई रणनीति तैयार की है। इसी रणनीति के चलते ही कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक से पहले अपने कक्ष में बैठक बुलाकर बात करना मेयर की खास रणनीति मानी जा रही है। अब देखना यह है कि क्या हर बैठक के बुलाने से पहले इस तरह की रणनीति पर अमल किया जाएगा या फिर नगर निगम में मेयर ने केवल इस कार्यकारिणी बैठक के लिए ही यह रणनीति तैयार की है।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद में आयोजित रोजगार मेले में शामिल हुए महिलाएं।

### महिलाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन

**गाजियाबाद।** गोविन्दपुरी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में एहसास महिला समिति द्वारा महिलाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ व्यवसायिक शिक्षा व कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व सांसद सत्यपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर एहसास संस्था की संस्थापक एवं चेयरपर्सन अनुप्रीत कौर ने बताया कि मेले में स्वावलंबी महिलाओं को एक बड़ा प्लेटफार्म देकर उनकी प्रतिभा को सबके सामने लाते हैं। मेले में फैंसी ड्रेस, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, हस्तशिल्प उत्पाद, हस्तनिर्मित सजावट की वस्तुएं, हस्तनिर्मित खाद्य पदार्थ सहित अनेक उपयोगी वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भी महिलाओं के लिए काफी काम कर रही है। एहसास संस्था द्वारा सभी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक डॉ मंजू शिवाच, पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव, रुचि विज, पूजा शर्मा, अर्चना आहुजा, सीमा कालरा, रजनी, शर्मा, प्रतिभा गांधी, कीर्ती महेश्वरी, चरनजीत कौर, आन्या कालरा आदि मौजूद रहे।

### आईएमएस ने की जीरो वेस्ट कैम्पस की पहल

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा ने इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन आईपीसीए के साथ जीरो वेस्ट कैम्पस की शुरुआत की। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईएमएस की निदेशिका डॉ कुलनीत सूरी के साथ आईपीसीए के उपनिदेशक राधा गोयल एवं उप प्रबंधक राहुल ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के दौरान कचरे से खाद बनाने के लिए एरोबिन मशीन की भी स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएमएस की निदेशिका डॉ कुलनीत सूरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं कूड़े से निजात पाने के लिए आईएमएस नोएडा ने एरोबिन मशीन की स्थापित की। संस्थान परिसर में आज से यह मशीन कचरे को कम्पोस्ट में बदल कर क्लीन कैम्पस एवं ग्रीन कैम्पस मुहिम में साथ निभाएगा। उन्होंने कहा कि सतत विकास की ओर संस्थान का यह सकारात्मक पहल है। वहीं आज के कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक एवं छात्रों को पर्यावरण संरक्षण एवं वेस्ट मैनेजमेंट की शपथ दिलायी गयी। वहीं राधा गोयल ने बताया कि आज हमने स्वच्छ भारत अभियान के तहत आईएमएस नोएडा कैम्पस में एरोबिन मशीन की स्थापित की।

### नगर निगम कर्मचारी संघ का धरना जारी

**गाजियाबाद।** नगर निगम कर्मचारी संघ का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी है। संघ को नगर आयुक्त नितिन गौड़ ने कल मांगे मान लेने के लिए आश्वस्त किया था। मगर संघ का कहना है कि जब तक मांगें मान नहीं ली जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ऐसे में आज भी नगर निगम में कर्मचारियों की हड़ताल रही। कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार कर कामकाज पूरी तरह से ठप रखा। इस धरने की अगुवाई नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने की। धरने पर इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। इस धरने के कारण नगर निगम मुख्य ऑफिस और नगर निगम के सभी जोनल ऑफिसों में कार्य पूरी तरह से ठप रहा। दरअसल नगर निगम कर्मचारी संघ ने इससे पहले पिछले महीने की 27 तारीख को आंदोलन की चेतावनी दी थी। तब नगर निगम प्रशासन ने डीपीसी की बैठक जल्द कराने सहित कई मांगों पर जल्दी ही फैसला लेने का आश्वासन दिया था।

## लूट के विरोध करने पर की थी बुजुर्ग की थी हत्या, 2 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव खिदौड़ा में हुई बुजुर्ग की हत्या का पुलिस ने देर रात खुलासा कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। लूटने के बाद बुजुर्ग की गला दबाकर हत्या की गई।

गांव खिदौड़ा निवासी 79 वर्षीय संतराम त्यागी उर्फ संता अविवाहिता थे। वह अपने भतीजे नितिन त्यागी व रिंकू त्यागी के साथ रहते थे। इस उम्र में भी खेत पर काम करने के लिए जाते थे। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम चार बजे के आसपास वह घर से चाय पीकर घेर में जाने की बात कहकर निकले थे। शनिवार शाम साढ़े चार बजे टिंकू त्यागी संतरात त्यागी को गांव ग्यासपुर गाय दिलाने की बात कहकर अपने साथ ले गया था। गाय दिलाने की बात कहकर टिंकू अपने साथी मोहित के साथ संतरात त्यागी को लेकर ग्यासपुर के लिए चल दिया। इसके बाद दोनों ने जबरदस्ती उनकी जेब में रखे एक हजार रुपए निकाल लिए। जब संतराम त्यागी ने विरोध किया तो गमछे से गला दबा दिया और मुंह मिट्टी में काफी देर तक दबाए रखा।

### गदर-2 के प्रमोशन में 16 मोबाइल चोरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फिल्म गदर.2 के प्रमोशन के दौरान करीब 16 लोगों के मोबाइल चोरी हो गए। इन लोगों ने थाना इंदिरापुरम में एफआईआर कराई है।

माना जा रहा है कि और भी मोबाइल चोरी हुए होंगे। पुलिस ने इस मामले में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। 6 अगस्त को इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित हैबिटेट सेंटर में गदर-2 के प्रमोशन में अभिनेता सनी देओल, अमीषा पटेल सहित पूरी टीम आई हुई थी। इन्हें देखने के लिए करीब 20 हजार लोग यहां पहुंचे थे। भीड़ की वजह से अव्यवस्थाएं भी हावी रही। भीड़ का जेबकतरों ने भरपूर फायदा उठाया।



उज्वला योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार से लिंक कराने के संबंध में नोएडा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए ट्रक, दो की मौत

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर मंगलवार दोपहर 12 बजे एसी व फ्रिज के सामान से भरा ट्रक हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। जिस कारण ट्रक में आग लग गई।

आग की चपेट में आकर ट्रक के अंदर मौजूद चालक व क्लीनर की मौत हो गई। दमकल की कई गाड़ी आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। बताया जा है कि ट्रक एसी व फ्रिज का सामान लेकर दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सेतली गेट के सामने से हिसली मार्ग की ओर मुड़ा। दस मीटर चलते ही ट्रक हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। हाईटेंशन लाइन से टच होते ही ट्रक में आग लग गई।

# छात्रा की हत्या का मामला यूपी विधानसभा में उठा

**शिव नाडर विवि हत्याकांड**

- मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सदन को बताया, मामले में चल रही कानूनी कार्रवाई



फाइल फोटो

पीएनएस। नोएडा/लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि ग्रेटर नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय में एक छात्रा की हुई हत्या के मामले में कानूनी कार्रवाई चल रही है।

विधानसभा के मॉनसून सत्र में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के एक प्रश्न के उत्तर में उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि जो हत्या हुई है उसके लिए कानूनी कार्वाई चल रही है। उन्होंने भरोसा दिया कि मामले से अवगत कराएंगे। नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में मंगलवार को प्रश्न किया कि ग्रेटर नोएडा के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में एक बेटी की हत्या कर दी गई, वह कानपुर की रहने वाली थी, आखिरकार क्या परेशानी थी, क्या कारण था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार दोषियों के खिलाफ, विवि प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यादव के प्रश्न का उत्तर देते हुए उपाध्याय ने कहा कि पहली बात तो नोएडा की यूनिवर्सिटी उच्च शिक्षा के अंतर्गत नहीं है, इंडस्ट्रियल डिपार्टमेंट (औद्योगिक विभाग) की है।

हालांकि, उन्होंने कहा, जो हत्या हुई है, उसके लिए कानूनी कार्रवाई जारी है और उससे हम अवगत हो जाएंगे। गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष ने 18 मई को ग्रेटर नोएडा के शिव नाडर विश्वविद्यालय में 21 वर्षीय छात्रा की उसके सहपाठी द्वारा परिसर में गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सदन में उठाया था, जिसके जवाब में मंत्री ने उपरोक्त जानकारी दी। ज्ञात हो किग्रेटर नोएडा के शिव नादर यूनिवर्सिटी परिसर मेंएक छात्र ने अपनी एक सहपाठी की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में उसने भी आत्महत्या कर ली। हत्या के बाद सुसाइड से पहले का वीडियो सामने आया है. दूसरी ओर पुलिस ने बताया कि दोनों विद्यार्थियों की उम्र करीब 21 साल थी और दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते थे।

## गाजियाबाद में सो रहे कुत्ते को गाड़ी ने कुचला, मामला दर्ज

- घटना सीसीटीवी में हुई कैद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की जिस ऑफिसर सिटी-2 कॉलोनी में एक हफ्ते पहले पांच कुत्तों ने मासूम बच्चे को घेर लिया था, वहीं पर एक गाड़ी ने स्ट्रे डॉग्स को कुचल दिया। उसकी मौत हो गई। ये घटना कैमरे में कैद है।

मामले में एनिमल लवर्स ने गाड़ी मालिक के खिलाफसोमवार देर रात थाना नंदग्राम में एफ आईआर कराई है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी.2 हाउसिंग सोसाइटी है। यहां रहने वाले प्रशांत तिवारी ने बताया, 30 जुलाई की रात करीब साढ़े 10 बजे एक गाड़ी ने सोते हुए कुत्ते के बच्चे को कुचल दिया। मुंह से खून निकलने के बाद उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद गाड़ी वाला तुरंत फरार हो गया। सिक्योरिटी गार्डों ने भी इस गाड़ी को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया।

प्रशांत तिवारी ने बताया, हादसे के अगले दिन मैंने घटनास्थल की फुटेज देखी। इसमें पता चला है कि हादसा करने वाली गाड़ी महिंद्रा नूवो स्पोर्ट है। फुटेज में गाड़ी का नंबर भी कैद हुआ है। प्रशांत तिवारी के मुताबिक, पिछले दिनों ऑफिसर सिटी-1 सोसाइटी में भी सिक्योरिटी गार्डों ने कुछ पिल्लों को बोरी में भरकर फेंक दिया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 9 अगस्त, 2023



# केजरीवाल सरकार ने बुलाया विधानसभा सत्र

## 16 से शुरू होने वाले दो दिवसीय सत्र में दिल्ली सेवा बिल पर आप-भाजपा के बीच घमासान होने के आसार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सेवा विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल सरकार विधानसभा सत्र बुलाने का फैसला किया है।

दिल्ली सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, विधानसभा का सत्र 16 और 17 अगस्त को बुलाया गया है। सत्र में सत्तापक्ष आम आदमी पार्टी और विपक्षी भाजपा के बीच हाल ही में आई बाढ़ के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 के मुद्दे पर गरमागरम बहस होने के आसार हैं।

राजनीति के जानकारों अनुसार, दिल्ली सेवा बिल को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच नए सिरे से टकराव का मंच सज गया है। वहीं अधिकारियों के एक वर्ग का मानना है कि इस कानून से संवैधानिक प्राधिकारियों के अधिकार क्षेत्र में स्पष्टता आएगी।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा ने सोमवार को 102 के मुकाबले 131 मतों से दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 को मंजूरी प्रदान कर दी थी। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पास हो चुका है। सोमवार को जैसे ही राज्यसभा से विधेयक पारित हुआ। इसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर पिछले दरवाजे से दिल्ली की सत्ता को हथियाने की कोशिश करने का आरोप मढ़ा। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली वालों के मताधिकार का अपमान है।

एक ओर केंद्र तथा उपराज्यपाल तथा दूसरी ओर दिल्ली में निर्वाचित आप सरकार के बीच सत्ता संघर्ष की जड़ 21 मई 2015 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना है जिसमें उपराज्यपाल को नौकरशाहों के तबादले तथा तैनातियों से जुड़े दिल्ली सरकार के सेवा मामलों पर निर्णय लेने का अधिकार दिया गया था।

यह अधिसूचना केजरीवाल के 14 फरवरी 2015 को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के करीब दो महीने बाद जारी की गई थी जिसे आप सरकार ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी। तब से पिछले आठ साल से उपराज्यपाल कार्यालय तथा आप सरकार के बीच शिक्षकों के प्रशिक्षण, निशुल्क योग कक्षाएं देने, डीईआरसी चेयरमैन की नियुक्ति, मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों की विदेश यात्राओं, सरकार द्वारा भर्ती किए गए 400 से अधिक विशेषज्ञों को हटाने तथा मोहल्ला क्लिनिक के वित्त पोषण समेत कई मुद्दों पर टकराव जारी है।

### भाजपा चड्ढा पर फर्जीवाड़ा करने का लगा रही आरोप : आप

*नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा पर दिल्ली सेवा विधेयक से जुड़े एक प्रस्ताव में कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि आप नेता ने दिल्ली सेवा विधेयक को चयन समिति को भेजने के प्रस्ताव में पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर किये। आरोपों का खंडन करते हुए आप पार्टी ने दावा किया कि नियमानुसार चयन समिति को प्रस्ताव भेजते समय हस्ताक्षर की कोई जरूरत ही नहीं होती है। आप के एक पदाधिकारी ने कहा, चूंकि किसी हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है, इसलिए जाली हस्ताक्षर के किसी भी आरोप का कोई सवाल ही नहीं उठता है। सूत्रों ने कहा कि पांचों सांसदों के नाम सद्भावना से दिए गए हैं, क्योंकि वे संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह विधेयक पर चर्चा में भाग लेते रहे हैं।*

# आतिशी को मिला सेवाओं सतर्कता विभाग का प्रभार

● दिल्ली सरकार ने संस्तुति के लिए उपराज्यपाल को भेजी फाइल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं और सतर्कता विभागों का प्रभार सौंपने का प्रस्ताव उपराज्यपाल वी के सक्सेना को भेजा है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इस समय दोनों विभाग दिल्ली के स्वास्थ्य एवं जल मंत्री सौरभ भारद्वाज के पास हैं। यह कदम दिल्ली सेवा विधेयक को संसदीय मंजूरी मिलने के एक दिन बाद आया है। यह विधेयक केंद्र को राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाही पर नियंत्रण देगा। संसद ने सोमवार को विवादास्पद दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 को मतविभाजन के बाद मंजूरी दे दी। यह विधेयक दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा।

उपराज्यपाल के कार्यालय में सूत्रों ने बताया कि उन्हें दिल्ली सरकार से इससे संबंधी एक फाइल मिली है। आतिशी दिल्ली कैबिनेट में एकमात्र महिला मंत्री हैं। वह अब 14 विभाग संभालेंगी। दिल्ली सरकार में सबसे अधिक विभागों का प्रभार उन्हीं के पास है।

मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफों के बाद भारद्वाज और आतिशी को मार्च में कैबिनेट में शामिल किया गया था।

एक सूत्र ने कहा, उन्हें सेवाओं और सतर्कता विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाएगा और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैबिनेट में फेरबदल की फाइल को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना के पास भेज दिया है। इस फेरबदल का कोई कारण नहीं बताया गया है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा कैबिनेट में फेरबदल के प्रस्ताव को जून में मंजूरी दिए जाने के बाद आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। उन्हें एक जून को जनसंपर्क विभाग का प्रभार सौंपा गया था। इससे पहले ये चारों विभाग परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पास थे।

आतिशी के पास वर्तमान में सार्वजनिक कार्य, वित्त, राजस्व, योजना, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कला, संस्कृति एवं भाषाएं, पर्यटन, बिजली, जनसंपर्क और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग हैं।

कालकाजी से विधायक आतिशी ने इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन के माध्यम से राजनीति में प्रवेश किया था। इस आंदोलन के बाद 2012 में आम आदमी पार्टी (आप) का गठन किया गया।

आतिशी ने स्कूली शिक्षा नई दिल्ली स्थित स्प्रिंगडेल्स स्कूल से ग्रहण की और उसके बाद उन्होंने 2001 में सेंट स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की। वह 2001 बैच में दिल्ली विश्वविद्यालय की सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा और दिल्ली विश्वविद्यालय इतिहास (ऑनर्स) में स्वर्ण पदक विजेता थीं।आतिशी को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर के लिए शेवनिंग छात्रवृत्ति मिली। कुछ साल शिक्षा क्षेत्र में काम करने के बाद, आतिशी को ऑक्सफोर्ड से शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री के लिए रोड्स छात्रवृत्ति के लिए चुना गया।

# खालिस्तान जिंदाबाद नारा लिखने के आरोपियों पर चलेगा मुकदमा

● एलजी विनय सक्सेना ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस साल के शुरुआत में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की ओर से कथित तौर पर खालिस्तान जिंदाबाद जैसे राष्ट्र विरोधी नारे दीवारों पर लिखने के आरोपी दो लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।

उन्होंने बताया कि आरोपी विक्रम सिंह और बलराम सिंह को दिल्ली पुलिस ने विकासपुरी, जनकपुरी, पश्चिम विहार, पीरागढ़ी, मीरा बाग और पश्चिमी दिल्ली के अन्य आसपास के इलाकों में खालिस्तान समर्थक कई नारे लिखने के आरोप में 19 जनवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे भगोड़े अलगाववादी और एसएफजे के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नून के निर्देश पर ऐसे कृत्यों में संलिप्त थे।

उन्होंने बताया कि उप राज्यपाल ने सीआरपीसी-1973 की धारा 196(1) के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी दी। जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से युक्त यूएसबी पेन ड्राइव, भुगतान के सबूत एकत्र किए और उन स्थानों पर उनके फोन की स्थिति का पता लगाया जहां पर देशविरोधी भित्तिचित्र बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो प्रसारित किए जा रहे थे जिसमें पन्नून ऐसी भित्तिचित्रों के जरिए अलगाववाद का समर्थन एवं प्रोत्साहन दे रहा था।

# डेंगू नियंत्रण कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे : भारद्वाज

● मंत्री ने लार्वा प्रजनन रोकने के लिए नगर निकायों को दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के सभी नगर निकायों को घरों में मच्छरों के लार्वा के प्रजनन की जांच के लिए डेंगू नियंत्रण कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजने के लिए कहा गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार को जारी नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में पिछले सप्ताह डेंगू के 105 ताजा मामले सामने आए हैं, जिससे मरीजों की कुल संख्या लगभग 350 हो गई है। हमने अस्पतालों में (डेंगू रोगियों के लिए) पांच प्रतिशत बिस्तर आरक्षित किए हैं। हमने अस्पतालों से कहा है कि वे इसके लिए विशेष इंतजाम करें। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली छावनी बोर्ड, एनडीएमसी को प्रजनन (लार्वा के) की जांच के लिए जांचकर्ताओं को घर-घर भेजने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बिना किसी का नाम लिए कहा, हम जागरूकता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, जिस विज्ञापन के बारे में हमने विभाग को बताया था, वह जानबूझकर जारी नहीं किया गया है।



शहीदी पार्क के उद्घाटन के मौके पर उपराज्यपाल विनय सक्सेना, मुख्यमंत्री केजरीवाल व मेयर शैली। फोटो: रंजन डिमरी

### हाईकोर्ट ने प्रदेश स्वास्थ्य सचिव को किया तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन न करने पर दिल्ली सरकार के सचिव (स्वास्थ्य) को अदालत में तलब किया है।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पिछले साल दिए गए आश्वासन के बावजूद, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज तक दिल्ली सरकार द्वारा एक स्थाई राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन नहीं किया गया है। दिल्ली सरकार ने नियमों की आवश्यकताओं के अनुसार राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

# पश्चिमी रेलवे के बहुमंजिला भवन के निर्माण का रास्ता साफ

● मुख्यमंत्री ने अरकपुर बाग मोची में पेड़ हटाने और प्रत्यारोपण को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मोती बाग के निकट अरकपुर बाग मोची में बनने वाले पश्चिमी रेलवे के बहुमंजिला आवासीय भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 96 पेड़ों को हटाने के उत्तर रेलवे के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा और सभी 96 पेड़ों को शकूरबस्ती के पास चयनित स्थल पर प्रत्यारोपित किया जाएगा। प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी है कि उत्तर रेलवे योजना के अनुसार 96 मौजूदा पेड़ों का प्रत्यारोपण और 960 नए पौधे लगाएगा।

उत्तर रेलव ने दिल्ली सरकार से मोती बाग के पास के स्थान पर कुल 162 पेड़ों में से 96 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का अनुरोध किया था। इसके बाद उत्तर रेलवे के अधिकारियों के साथ वन विभाग के अधिकारियों ने परियोजना स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। मामले पर एक रिपोर्ट पश्चिम वन प्रभाग के वृक्ष अधिकारी को दी गई, जिन्होंने इसकी जांच की। वृक्ष अधिकारी के अनुसार क्षेत्र में पेड़ों की कुल संख्या 162 है और इसमें से 96 पेड़ों को प्रत्यारोपण के लिए प्रस्तावित किया गया। साथ ही एक भी पेड़ को न काटने और न छांटने का प्रस्ताव दिया गया।

वहीं इसके एवज में 1.1136 हेक्टेयर क्षेत्र पर पौधारोपण किया जाएगा। यह जमीन मादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास रामपुरा, शकूरबस्ती और मस्जिद हजरत सैयद भूरेशाह के पास उपलब्ध है। साइट का निरीक्षण किया और पाया कि दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के अनुसार 960 पौधे लगाने के लिए यह जगह पर्याप्त है। दिल्ली सरकार ने उत्तर रेलवे से कहा है कि वह साइट पर उन पेड़ों के अलावा एक भी पेड़ को नुकसान न पहुंचाए, जिनकी सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गई है। यदि स्वीकृत पेड़ों के अलावा किसी भी पेड़ को नुकसान पहुंचाया जाता है तो दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के तहत अपराध माना जाएगा। उत्तर रेलवे के लिए पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपण के बदले में दस गुना ज्यादा पेड़ लगाना अनिवार्य कर दिया है। इन पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति जारी होने की तारीख से 3 महीने के भीतर चिन्हित भूमि पर लगाया जाएगा। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार उत्तर रेलवे की अगले सात वर्षों तक पेड़ों के रखरखाव की जिम्मेदारी होगी।

# धोखाधड़ी के आरोप में चार किशोर समेत नौ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि एक तंबाकू कंपनी का वितरक बनाने का वादा करके एक व्यक्ति से 50 लाख रुपये की ठगी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में चार किशोरों को भी पकड़ा गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान निशांत गुप्ता (27), सूरज (29), दीपक (27), संतोष (27) और सुनील शाक्य (41) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने अपने डोमेन नामों का उपयोग करके वास्तविक वेबसाइट से बेहद मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बनाईं। 25 अप्रैल को गुलशन चड्ढा नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें अज्ञात नंबरों से कॉल आईं। पुलिस ने बताया कि बाद में शिकायतकर्ता को अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) प्रशांत गौतम ने कहा कि आरोपी बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से काम कर रहे थे। पुलिस ने बिहार के पटना से चार किशोरों को पकड़ा।

### पॉक्सो मामलें में आरोपी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की के साथ परस्पर सहमति से यौन संबंध बनाने के सिलसिले में दर्ज किए गए एक पॉक्सो मामले में एक युवक को जमानत दे दी और कहा है कि एक नौजवान को दुर्दांत अपराधियों के बीच रखने से उसका भला होने के बजाय नुकसान अधिक होगा।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि घटना के समय नाबालिग लड़की में पर्याप्त रूप से परिपक्वता एवं बौद्धिक क्षमता थी और प्रथम दृष्टया यह आरोपी के साथ परस्पर सहमति से बना रोमांटिक संबंध है। न्यायमूर्ति महाजन ने कहा कि उनके बीच शारीरिक संबंध उनकी मर्जी से बने।

# काला जादू के संदेह में पड़ोसी की हत्या

● एक अन्य घायल, पड़ोसी ने चाकू माकर दिया वारदात को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के जाफरपुर कलां में एक व्यक्ति ने 47 वर्षीय एक किसान की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान विनोद के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, विनोद को संदेह था कि पीड़ित ने उस पर काला जादू किया है। यह घटना सोमवार को हुई। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्षवर्धन ने बताया कि विनोद ने अपने पड़ोसी सुनील पर चाकू से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य पड़ोसी राजपाल ने सुनील को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी चाकू से किए गए हमले में घायल हो गया। उन्होंने बताया कि राजपाल का उपचार जारी है।हर्षवर्धन ने बताया कि जाफरपुर कलां पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302 (हत्या) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है और सुरहेरा गांव के निवासी विनोद को गिरफ्तार कर लिया गया है। विनोद ने पुलिस को बताया कि उसे इस बात का शक था कि सुनील ने उस पर काला-जादू किया है, इसलिए उसने उस पर हमला किया।

हर्षवर्धन ने बताया कि विनोद द्वारा सुनील के खेत में शौच करने को लेकर एक सप्ताह पहले भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि सुनील एक किसान था और राजपाल सरकारी नौकरी करता है जबकि विनोद बेरोजगार है।

## संक्षिप्त समाचार



मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### मणिपुर हिंसा को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने मणिपुर में हिंसा, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर यहां प्रदर्शन किया और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को बर्खास्त करने की मांग की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि 90 दिनों से मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर चुप्पी साधे हुए हैं। कांग्रेस की युवा इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारत बचाओ संसद घेराव कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण कुमार पांडेय के अनुसार, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जब जंतर-मंतर से संसद की ओर घेराव के लिए बढ़े, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया और हिरासत में ले लिया।श्रीनिवास ने आरोप लगाया, मणिपुर में शांति बहाली की जगह केंद्र सरकार सच को कुचलने में लगी हुई है। बीते 90 दिन से मणिपुर जल रहा है, लेकिन पीएम मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा, मणिपुर आज इंसाफ मांग रहा है। अगर मणिपुर जल रहा है, तो भारत जल रहा है। इसलिए आज हम सिर्फ मणिपुर की नहीं, पूरे भारत के लिए संसद का घेराव कर रहे हैं।

# आंगनबाड़ी में बच्चों को मिल रही अच्छी शिक्षा: आतिशी

## बच्चों की पसंद के अनुसार बनाया जाए पौष्टिक आहार, खेल पिटारा किट के प्रभाव का भी हो मूल्यांकन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आंगनवाड़ियों में बच्चों को मिल रहा बेहतर अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन और पोषण। महिला एवं बाल-विकास मंत्री आतिशी ने मंगलवार लक्ष्मी नगर स्थित आंगनवाड़ी सेंटर का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आंगनवाड़ी की दीवारों को और रंग बिरंगा बनाने और उसपर बच्चों के अनुकूल चित्रकारी बनाने के निर्देश दिये। साथ ही इस पूरी प्रक्रिया में कम्यूनिटी और स्कूली बच्चों को शामिल करने की बात कही। मंत्री ने यहां बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से बातचीत की और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया तथा वहाँ मौजूदा सुविधाओं की पड़ताल की। मंत्री यहाँ बच्चों को मिल रहे भोजन की खाकर जाँच भी की और अधिकारियों को बच्चों के पसंद के अनुसार पौष्टिक आहार तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को हाल में ही जारी किए गये खेल पिटारा किट का बच्चों की लर्निंग पर क्या प्रभाव रहा है उसके प्रभाव का आंकलन भी करने का निर्देश दिया।आतिशी ने कहा कि, अपने स्कूलों को शानदार बनाने के बाद अब उनकी सरकार अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में काम कर रही है। वह अपनी आंगनवाड़ियों को उस हर जरूरी सुविधा से लैस कर रहे है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक बने। साथ ही इस दिशा में सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स के लिए खास प्रशिक्षण की भी तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि, 1-6 साल की उम्र में जब बच्चे आंगनवाड़ी में आते हैं तो वे कितने जिज्ञासु होते हैं। वे अपने आस-पास की हर चीज के बारे में जानने के लिए उत्सुक होते हैं। शोध से पता चला है कि एक बच्चे के मस्तिष्क का सबसे ज्यादा विकास 6 साल की उम्र के दौरान होता है। ऐसे में आंगनवाड़ी वर्कर्स ये सुनिश्चित कर रही है कि यहाँ आने वाले हर बच्चे को बेहतर शिक्षा और पोषण मिले ताकि वे सीखने के क्रम में पीछे न छूटे।



आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों से बातचीत करती महिला एवं बाल-विकास मंत्री आतिशी ।

### एम्स में एंडोस्कोपिक सेवाएं बहाल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की पुरानी ओपीडी इमारत के दूसरे तल पर आग लगने के एक दिन बाद मंगलवार को आपातकालीन और एंडोस्कोपिक सेवाएं बहाल हो गईं।

एम्स की मीडिया प्रकोष्ठ की प्रोफेसर प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि पुराने ओपीडी ब्लॉक में बाल और व्यस्क चिकित्सा संबंधी आपातकालीन सेवाएं बहाल हो गई हैं। द्वितीय तल पर एबी2 वार्ड में एंडोस्कोपी सुविधा बहाल हो गई है और आठवीं मंजिल पर ओटी परिसर में कामकाज फिर से शुरू हो गया है।ऑर्थोपेडिक ओटी को अस्थाई रूप से कैजुअल्टी ओटी में स्थानांतरित कर दिया गया है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि नुकसान के आकलन के लिए एक ऑडिट किया जा रहा है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **मॉडर्न फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड** के हाई-टेक उद्योग (IT/ITES/KBI) प्लॉट नंबर बी-15 लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया दिल्ली में प्रस्तावित भवन को राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण दिल्ली पांचवी मंजिल आईएसबीटी कश्मीरी गेट दिल्ली संख्या EC23B038DL179258 और ई सी लेटर नंबर SEIAA-D/C-445/EC-382/2023 दिनांक 03.08.2023 के माध्यम से पर्यावरण मंजूरी दी गई। निकासी पत्र की प्रतियाँ दिल्ली राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास उपलब्ध है और राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण दिल्ली की वेबसाइट www.parivesh.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

मॉडर्न फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड

# धार्मिक स्थल पर आगजनी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार, दो हैं फरार

## सभी धर्मों के लोग करते हैं इस धार्मिक स्थल पर पूजा-अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नूंह** हिंसा की आग को हवा देने के लिए गुरुग्राम में शनिवार की रात को एक धार्मिक स्थल पर आगजनी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके दो साथी अभी फरार हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करके गिरफ्तारी की गई है।

गौरतलब है कि शनिवार की रात को कुछ शरारती तत्व सेक्टर-37 में खांडसा गांव के नजदीक स्थित एक मजार (धार्मिक स्थल) के पास पहुंचे। वहां पर ताला लगा हुआ था।



गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए धार्मिक स्थल पर आगजनी के आरोपी।

उन्होंने अंधेरे का फायदा उठाकर धार्मिक स्थल में आग लगा दी और मौके से फरार हो गए।

लोगों ने जब मजार में आग लगी देखी वे आग बुझाने के लिए दौड़े। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नूंह हिंसा के चलते माहौल को देखते हुए इस मामले में त्वरित कार्रवाई की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान की गई।

एक तरह से आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है। क्योंकि वे आग लगाने के लिए पूरी तैयार के साथ आए थे। वहां पर आए पांच लोगों ने एक बोलत में ज्वलनशील पदार्थ धार्मिक स्थल पर फेंका और आग लग गई।

एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने सुबूत जुटाकर तीन युवकों गुलशन, विजय और ललित नामक युवक को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी नजदीक ही खांडसा गांव के ही रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। इस घटना में 5 युवकों की भूमिका है। दो अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। यह धार्मिक स्थल किसी एक धर्म की नहीं है। यहां सभी धर्मों के लोग पूजा-अर्चना करते हैं। वहां पर मुस्लिम भी इबादत करते हैं और हिंदुओं के देवी-देवताओं की मूर्तियां वहां पर स्थापित हैं। वहां लोग पूजा करते हैं।

# नगर निगम गुरुग्राम सीवर संबंधी शिकायतों का करेगा त्वरित समाधान

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो व सीवर ब्लॉकेज से संबंधित शिकायतों का समाधान भविष्य में तत्परता से किया जाएगा। इसके लिए 8 सुपर सकर मशीनें हायर की जा रही हैं, जो शिकायत प्राप्त होने के 2 घंटे में मौके पर पहुंचकर शिकायत का समाधान करेंगी। सुपर सकर मशीन हायर करने संबंधी निविदा की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा अगले सप्ताह कार्य अलॉट कर दिया जाएगा।

नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सीवरेज ओवरफ्लो या जाम की शिकायतें समय-समय पर नगर निगम गुरुग्राम को प्राप्त होती रहती हैं। पूर्व में इनके समाधान के लिए विभिन्न एजेंसियों को कार्य दिया जाता था, लेकिन एजेंसियों के पास पर्याप्त मशीनें ना होने के कारण शिकायतों का समाधान समय पर ना होने के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता था। पूर्व में ऐसी एजेंसियां भी कार्य के लिए टेंडर आवेदन कर देती थी, जिनके पास अपनी मशीनरी नहीं होती थी। इस वर्ष नगर निगम गुरुग्राम द्वारा टेंडर आमंत्रित करते समय मशीनरी का मालिकाना हक संबंधित एजेंसी को होने संबंधी शर्तें शामिल कर दी थी। शर्त के अनुसार टेंडर में भागीदारी करने वाली एजेंसी को मशीनरी के मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य किया गया। परिणाम यह निकला कि टेंडर में उन्हीं एजेंसियों ने अपनी भागीदारी की, जिनके पास स्वयं की मशीनरी है। इससे शिकायतों के समाधान के लिए पर्याप्त मशीनरी रहेगी और कम समय में शिकायत का समाधान हो सकेगा।

**सीवरेज ऑपरेशन एंड मेंटीनेंस :** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा निगम क्षेत्र में सीवरेज के ऑपरेशन एंड मेंटीनेंस का कार्य सभी वार्डों में तेज गति से चल रहा है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पूर्व में सभी आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व शहर के गणमान्य व्यक्तियों से आह्वान भी किया था कि वे उनके क्षेत्रों में चल रहे कार्य की निगरानी करें।

# सरपंचों ने नूंह हिंसा मामले में डीसी, सीपी के नाम सौंपे ज्ञापन



डीसीपी मुख्यालय को नूंह हिंसा मामले में ज्ञापन सौंपते सरपंच एसोसिएशन के सदस्य।

## विधायक मामन खान की सदस्यता रद्द करने की मांग पर सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** नूंह हिंसा को लेकर गुरुग्राम जिला सरपंच एसोसिएशन की ओर से लिए गए निर्णय अनुसार मंगलवार को डीसी व पुलिस आयुक्त के नाम डीसीपी मुख्यालय को ज्ञापन सौंपा गया। मांग की गई है कि विधायक मामन खान की सदस्यता रद्द होने के साथ उनके खिलाफ केस दर्ज किया जाए। दोनों होम गार्ड के शहीद जवानों के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

डीसी निशांत कुमार यादव के नाम तहसीलदार राकेश मलिक, सीपी कला रामचन्द्रन के नाम डीसीपी मुख्यालय दीपक गहलोत को सरपंच एसोसिएशन की ओर से ज्ञापन सौंपे गए। इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि नूंह हिंसा के लिए सबसे पहले जिम्मेदार हैं विधायक मामन खान। उन्होंने इस आग की शुरुआत की। विधानसभा में उकसाने वाली बात उन्होंने कहकर मुस्लिमों को हिन्दुओं के प्रति भड़काने का काम किया। उनके द्वारा की गई बातों से ही यह विवाद अब बृज मंडल यात्रा में फूटा और स्थिति भयानक हुई। बेकसूर धर्म यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर हमला किया गया। यह जघन्य अपराध है। सरपंचों ने मांग की है कि इस हिंसा में शहीद हुए दोनों होम गार्ड जवानों के परिवारों से सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही विधायक मामन खान के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो और उनकी विधानसभा से सदस्यता रद्द हो। सुंदर लाल यादव ने कहा कि इस हिंसा के बाद मेवात में कई और चीजें सामने आई हैं, जिससे यह साबित होता है कि इस सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने कहा कि गौरक्षक मोनू मानेसर का नाम भी इस घटना में बेवजह घसीटा जा रहा है। ना तो वे नूंह में उस दिन गए और ना ही उन्होंने कोई ऐसी बात कही जो विवादित हो।

## साहित्यकार हंसराज भारतीय को मिलेगा सम्मान पुरस्कार



**सोहना।** दमदमा निवासी साहित्यकार हंसराज भारतीय को उत्कृष्ट कलमकार सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साहित्यकार हंसराज भारतीय को यह सम्मान राजस्थान की मधुशाला प्रकाशन भरतपुर द्वारा 10 अगस्त को देगी। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राजस्थान के भरतपुर में स्थित मधुशाला प्रकाशन संस्था ने दमदमा निवासी साहित्यकार हंसराज भारतीय को उनके द्वारा रचित कविता मनुहार संग्रह उपलक्ष्य में 10 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। हंसराज भारतीय को सूचित करके उन्हें 10 अगस्त को यह सम्मान प्राप्ती के लिए बुलाया गया है।

# कर्नाटक की कल्याणकारी योजनाओं को हरियाणा में भी लागू करने की करेंगे सिफारिश : सत्यप्रकाश जरावता

## हरियाणा के छात्रों को टेबलेट देने की योजना को कर्नाटक सरकार के अधिकारियों ने सराहा

पायनियर समाचार सेवा। बंगलौर/गुरुग्राम



कर्नाटक विधानसभा में वहां के अधिकारियों के साथ बैठक करते हरियाणा विधानसभा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग विधानसभा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता।

**हरियाणा** विधानसभा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग विधानसभा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने कर्नाटक विधानसभा का दौरा किया। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता, चिरंजीव राव विधायक रेवाड़ी, शीशपाल विधायक कलावाली और लक्ष्मण नापा विधायक रतिया शामिल रहे।

बंगलौर विधानसभा में समिति के अध्यक्ष एवं पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने हरियाणा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कर्नाटक सरकार के अधिकारियों को दी। बैठक में विशेष तौर पर सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए दी जाने वाली निःशुल्क टेबलेट योजना पर चर्चा हुई। साथ ही गरीबों के लिए मकान, अन्तोदय परिवार उत्थान के लिए चिरायु योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी कमेटी ने कर्नाटक सरकार के अधिकारियों को अवगत कराया। कर्नाटक सरकार की तरफ से जानकारी देते हुए अनुसूचित जाति विभाग की प्रधान सचिव ने बताया कि कर्नाटक में अनुसूचित जाति के प्रत्येक छात्र को निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध कराया जाता है। यह भी जानकारी दी कि 2013 में एससी/एसटी कम्पलेंट के लिए विशेष कानून बनाया गया था, जो भी अधिकारी एससी बजट या एससी की कल्याणकारी योजना को लागू नहीं करेगा, उसको सजा का प्रावधान इस कानून में दिया गया है। कमेटी के सदस्य विधायक रेवाड़ी से चिरंजीव राव ने पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना की जानकारी ली। विधायक लक्ष्मण नापा ने घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए जानकारी हासिल की।

# केएसबी लिमिटेड ने 24.8 फीसदी बिक्री वृद्धि दर्ज की!

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एक, केएसबी लिमिटेड ने 2022 (जनवरी से जून 2022) की तुलना में (जनवरी से जून 2023) की अपनी हॉफ ईयरली सेल में 10,809 मिलियन रुपए की सेल वैल्यू के साथ 24.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की।

कम्पनी के अनुसार 2022 की पहली छमाही की तुलना में बिक्री में 24.8 फीसदी की वृद्धि हुई। दूसरे क्वार्टर में ऑर्डर इनटेक 6165 मिलियन रुपए के साथ 2022 की दूसरे क्वार्टर की तुलना में 26 फीसदी बढ़ा है। निर्यात कारोबार में तेजी देखी जा रही है। जोनल ऑफिस कोलकाता नए स्थान पर स्थानांतरित हो गया है। 10 जुलाई 2023 को नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सभी प्लांट में वेयर हाउस मैनेजमेंट का सफल कार्यान्वयन। कमोडिटी कीमतों में स्थिरता के संकेत दिख रहे हैं। अग्निशमन पंपों के लिए एफएम पैकेजर प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। सोलर व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि - एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) टेंडर में क्वालिफिकेशन। क्रिसिल द्वारा रेटिंग के अनुसार स्ट्रांग गवर्नेंस स्कोर 70 और ओवरऑल ईएसजी स्कोर 56 है। यह स्कोर 2022 को समाप्त वर्ष के लिए बिजनेस रिस्पांसिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट (बीआरएसआर) प्रकाशित करने से पहले 2022 में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध जानकारी पर आधारित है।

वर्ष 2023 के दूसरे क्वार्टर के प्रदर्शन को सारांशित करते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट श्री फारुख भथेना ने कहा, "केएसबी ने 2023 की दूसरे क्वार्टर के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन और महत्वपूर्ण विकास प्रदर्शित किया। हमारा लक्ष्य शेष वर्ष में भी एक मजबूत प्रदर्शन बनाए रखना है, जो 2023 की दूसरी तिमाही में 6165 मिलियन रुपए के अच्छे ऑर्डर इनटेक से प्रेरित है। हम मांग की स्थिति के बारे में आशावादी बने हुए हैं क्योंकि हमारे निर्यात व्यवसाय में लगातार बढ़ोतरी के रुझान देखने को मिल रहे है, जो वैश्विक बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करेगा। इसके अतिरिक्त, हमारे सोलर डिवीजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है, जो हमें भविष्य में सस्टेनेबल सॉल्यूशन पर फोकस करने के लिए इंस्पायर कर रही है।

हमने अपने सभी प्लांट में वेयरहाउस मैनेजमेंट को भी सफलतापूर्वक लागू किया है।

बिजनेस हाइलाइट्स

(सभी राशियां मिलियन रुपये में)

| Particulars | Q2 - 2023 (Apr'23-Jun'23) | Q2- 2022 (Apr'22 - Jun'22) | H1- 2023 (Jan'23-Jun'23) | H1- 2022 (Jan'22-Jun'22) |
|---|---|---|---|---|
| Sales | 5,913 | 4,484 | 10,809 | 8,661 |
| Expenses | 5,061 | 3,873 | 9,385 | 7,503 |
| Operating Profit | 852 | 611 | 1,424 | 1,158 |
| OPM % | 14% | 14% | 13% | 13% |
| Other Income | 121 | 166 | 214 | 261 |
| Interest | 9 | 14 | 17 | 23 |
| Depreciation | 120 | 111 | 237 | 226 |
| PBT | 844 | 652 | 1,384 | 1,180 |
| Net Profit | 637 | 483 | 1,037 | 873 |

# चीनी एप से लोन लिया, चुकाने को 40 लाख की चोरी

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ स्थित गांव नीमका में स्थित सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज से करीब 139 कंप्यूटर से प्रोसेसर चोरी हो गए हैं। पॉलिटेक्निक में काम करने वाले कर्मचारी द्वारा कर्ज उतारने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपी ने चीनी एप से लोन लिया था।

थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी किए गए प्रोसेसर की कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। एनएसआईसी कंद्र प्रमुख उमेश दीक्षित ने बताया कि उनकी टीम द्वारा पिछले सप्ताह गांव नीमका स्थित राजा जैत सिंह सरकारी पॉलिटेक्निक का निरीक्षण किया गया।

जिसमें पाया कि 100 से अधिक कंप्यूटर काम नहीं कर रहे हैं। इस मामले की सात अगस्त को कंप्यूटर एक्सपर्ट द्वारा जांच करवाई गई तो पाया कि 139 कंप्यूटर सिस्टमों में से प्रोसेसर गायब हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## नूंह घटना की पुनरावृत्ति न हो, सर्व धर्म समभाव करें प्रगाढ़



**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम एवं पंचनद समारक ट्रस्ट गुरुग्राम द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक बुधवार को एक शिष्टमंडल नूंह में पहुंचा। शिष्ट मंडल के सदस्यों ने दंगों से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें हर में हुए दंगों के पश्चात सांत्वना देने के लिए भेजा जाए। एक शिष्ट मंडल राम किशन गांधी और सुरिंदर खुल्लर की अध्यक्षता में नूंह गया। उनके साथ डॉ. वेद पाहवा, रवि मनोचा, सुभाष गांधी, रमेश मुंजाल, रमेश कामरा, ओमप्रकाश कालरा, सोहना से गुलशन आहूजा, अशोक नासा एवं मनमोहन चावला शामिल रहे। सबसे पहले शिष्ट मंडल गुलशन आहूजा के साथ सोहना में जहां दंगे हुए थे, वहां लोगों से मिला। उसके बाद शिष्ट मंडल नूंह पहुंचा, मगर कर्फ्यू की वजह से पुलिस के सीनियर अधिकारियों ने नलहड़ मंदिर न जाने को कहा, जिसे सभी ने मान लिया। नलहड़ मंदिर के अध्यक्ष एवं एक गुरुद्वारे के प्रधान गुरचरण सिंह ने अपने छोटे भाई सरदार मंजीत मलिक एवं बेटे गगन मलिक को शिष्ट मंडल से मिलने के लिए नूंह सीमा पर भेज दिया। शिष्ट मंडल ने उनसे पूरी जानकारी प्राप्त की और उनको पूरी सहायता देने का बोधराज सीकरी प्रधान और ओमप्रकाश कथूरिया, वरिष्ठ उप-प्रधान के आधार पर आश्वासन दिया।

## स्वतंत्रता दिवस की ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रिहर्सल शुरू



**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के भव्य ढंग से आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले समारोह को लेकर स्कूली बच्चों ने मंगलवार से रिहर्सल शुरू कर दी हैं। डीसी निशांत कुमार यादव समारोह को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पहले ही जिम्मेदारियां सौंप चुके हैं। बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के चयन के लिए एडीसी हितेश कुमार की अध्यक्षता में एक चयन कमेटी का गठन किया गया है। यह चयन कमेटी 10 अगस्त को सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन कर कुल पांच कार्यक्रमों का चयन करेगी। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने मंगलवार को स्टेडियम में जारी रिहर्सल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि सभी विद्यालय 10 अगस्त को अपनी पूरी तैयारी के साथ स्टेडियम आए। उस दिन जो भी 5 टीमें अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी, उनका चयन जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। एडीसी ने कहा कि देश में आजादी का अमृत काल शुरू हो चुका है ऐसे में जरूरी है कि समारोह की भव्यता भी इसी अनुरूप हो। उन्होंने बताया कि समारोह में राज्य पुलिस, होम गार्ड्स तथा एनसीसी के कैडेट्स शानदार मार्च पास्ट करेंगे। समारोह में पीटी शो, तथा डंबल तथा लेजियम का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार, शिक्षा विभाग के एईओ जगदीश अहलावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विभूतियों को मिलेगा सम्मान



**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत गुरुग्राम जिला में कला एवं संस्कृति के से जुड़ी विभूतियों को प्रोत्साहन देने के लिए स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कलाग्राम संस्था द्वारा द्वितीय कलाग्राम अवार्ड्स-2023 से सम्मानित किया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के समन्वय से कलाग्राम संस्था कला एवं संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत है। द्वितीय कलाग्राम अवार्ड्स-2023 के लिए मिले आवेदनों पर विचार विमर्श के लिए लघु सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पुरस्कारों के चयन के लिए गठित ज्यूरी के सदस्यों की बैठक हुई। ज्यूरी सदस्यों में कलाग्राम संस्था से शिखा गुप्ता, स्पिक मैके की पूर्व अध्यक्ष शिल्पा सोनल, आर्टिस्ट गोपाल नामजोशी, सबअर्ग की संपादक विनीता जयरथ, पत्रकार शरद कोहली, राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर-14 से संगीत विभागाध्यक्ष लोकेश शर्मा व डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने कलाग्राम अवार्ड्स कलाग्राम अवार्ड्स-2023 के लिए 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कलाग्राम संस्था से शिखा गुप्ता ने बताया कि यह आवेदन इंडियन क्लासिकल डांस, साहित्य, संगीत (गायन), संगीत (वादन), थिएटर, फोटोग्राफी, यूथ इंस्पिरेशन, कला एवं संस्कृति के प्रति समर्पण, विजुअल आर्ट, लाइफ टाइम अचीवमेंट, स्पेशल नीड व क्रिएटिव आर्ट फिल्म श्रेणी में मांगे गए थे।

# सबसे बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक, द मॉमप्रेन्योर्स शो का अनावरण किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारत** के अग्रणी टॉक्सिन-फ्री एवं प्राकृतिक पर्सनल केयर डी2सी मदर एंड बेबी ब्रांड, द मॉम्स एंड कंपनी ने भारत के पहले मॉमप्रेन्योर्स अभियान एवं शो - द हंट फॉर इंडियाज़ टॉप मॉम-लेड स्आर्टअप्स के लॉन्च की घोषणा की है। यह अभिनव अभियान पूरे भारत से मॉम माईक्रो एंट्रप्रेन्योर्स को सशक्त बनाने व मेंटर करने के लिए शुरू किया गया है। फिक्की फ्लो एंड एस्पायर फॉर हर के साथ साझेदारी में द मॉम्स कंपनी मॉमप्रेन्योर्स शो द्वारा यह ब्रांड एक ऐसा मंच प्रदान करना चाहता है, जो मॉमप्रेन्योर्स का सफर आसान बनाए, उनके विषय में महत्वपूर्ण वार्ताएं छेड़े, चुनौतियों को संबोधित करे, और एक ऐसे वातावरण का विकास करे, जिसमें माँएं आगे बढ़ सकें।

भारत में पहली बार सर्वोच्च नेतृत्वकर्ता और एंट्रप्रेन्योर्स, जो खुद एक माँ भी हैं, उनमें श्रीमती मनमीत कौर नंदा, (ज्वाइंट सेक्रेटरी डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ़ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री), अंजलि बंसल (फाउंडर, पार्टनर अवाना क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी फंड, बोर्ड मेंबर टाटा पावर, नेस्ले, ओएनडीसी), राधिका गुप्ता (एमडी एवं सीईओ, एडलविज़ एमएफ और वाइस चेयरपर्सन, एएमएफआई), लिज़ी चौपमैन (को - फाउंडर जेस्टमनी), सुहासिनी संपत (को - फाउंडर एवं सीईओ, योगा बार), सायरी चहल (फाउंडर एवं सीईओ, शीरोज़ एवं महिला मनी), राधिका घई (भारत की पहली महिला यूनिकॉर्न फाउंडर, फाउंडर और सीईओ, काइंड लाइफ), लक्ष्मी एन पोटलुरी(को - फाउंडर जबॉन्ग, बी कैपिटल में निवेशक), शिवानी पोद्दार (को - फाउंडर, फैबऐले), दीपशिखा देशमुख (प्रोड्यूसर, पूजा एंटरटेनमेंट), अंकिता वशिष्ठ (फाउंडर स्ट्रॉन्गहर वेंचर्स एवं साहाफंड), नीलू खत्री (को - फाउंडर, अकासा एयर) और सोनम जैन (पार्टनर, कॉन्विविलाइट वेंचर्स इंडिया) आदि इस पहल के एडवाईज़री बोर्ड का हिस्सा होंगे और अगले 12 हफ्तों में उभरते हुए मॉमप्रेन्योर्स को जज करेंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे, साथ ही उनमें सहनिवेश भी करेंगे। सलाहकार बोर्ड और जूरी में द मॉम्स कंपनी की को-फाउंडर मलिका सदानी के साथ-साथ गुड ग्लैम ग्रुप के को-फाउंडर और कई सीनियर लीडर भी शामिल होंगे, जिनमें प्रियंका गिल (ग्रुप को-फाउंडर, गुड ग्लैम ग्रुप और सीईओ, गुड मीडिया कंपनी), नईया सग्गी (ग्रुप को-फाउंडर, गुड ग्लैम ग्रुप और सीईओ, गुड कम्युनिटी), सुखलीन अनेजा (सीईओ, गुड ब्रांड्स कंपनी) और दिशा सांघवी (डायरेक्टर, गुड ग्लैम ग्रुप) आदि शामिल हैं। द मॉम्स कंपनी मॉमप्रेन्योर्स शो का उद्देश्य प्रतिबद्ध मॉमप्रेन्योर्स को एक मंच प्रदान करना है, जो उन्हें आत्मविश्वास के साथ उद्यमिता की ओर बढ़ने में मदद करे। द मॉम्स कंपनी शो भारत का पहला ऐसा रियलिटी शो है, जो पूरी तरह से मांओं पर केंद्रित है।

# बुजुर्ग महिला हो बेहाश कर पांच लाख पांच हजार ले गए



**फरीदाबाद।** आइटी पांच नंबर जी ब्लाक के मकान नंबर पांच में दिन-दहाड़े बदमाश 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बेहोश कर पांच लाख पांच हजार रुपये चोरी कर ले गए। घटना मंगलवार शाम पौने पांच से साढ़े पांच बजे के बीच की है। सूचना मिलने पर एनआइटी थाना पुलिस की टीम मौके पर आई और छानबीन शुरू की। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

यहां रहने वाले बब्बू सिंह की भांखरी औद्योगिक क्षेत्र में शीट-मेटल की फैक्ट्री है। उनकी पत्नी गुरमीत कौर रोज शाम को पांच से छह बजे के बीच में योग करने जाती हैं। बच्चे ट्यूशन चले जाते हैं। इस दौरान घर पर बुजुर्ग माता गुरदीप कौर रहती हैं। मंगलवार को गुरमीत को बाजार से घरेलू सामान लाना था, इसलिए योग करने नहीं गई। पौने पांच बजे गुरमीत बाजार गईं और जब साढ़े पांच बजे वापस घर पहुंचीं तो उन्हें वारदात की जानकारी मिली।

अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा हुआ था, जांच की तो अंदर से रुपये गायब थे। गुरमीत की सास अपने कमरे में लेटी हुई थीं। उनके हाथ पर अंगूठे के पास निशान मिले। जैसे किसी ने बेहोश करने के लिए कोई इंजेक्शन लगाया हो। बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसे इस बारे में कुछ नहीं पता। किसी को आते-जाते नहीं देखा। केवल अहसास हुआ कि कोई आया है।

# विशेषज्ञों ने सारकोमा की सही जांच की जरूरत पर दिया जोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**प्रायः** सारकोमा यानी बोन ट्यूमर के मामले बहुत कम होते हैं। इसी कारण से कई बार ऐसे मामलों में सही जांच और सही इलाज नहीं मिल पाता है, जो अंततः मरीज के लिए घातक सिद्ध होता है। सारकोमा अस्थियों और नरम ऊतकों (सॉफ्ट टिश्यू) का कैंसर होता है। गलत जांच और अनुचित इलाज के कारण बोन ट्यूमर के मामलों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चुनौतियों को लेकर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट (आरजीसीआई) ने पहली ओआरपी बैठक का आयोजन किया। यह आयोजन इंडियन मसकुलोस्केलेटल ऑन्कोलॉजी सोसायटी (आईएमएसओएस), दिल्ली मसकुलोस्केलेटल ऑन्कोलॉजी ग्रुप (डीएमएसओजी) और सारकोमा एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

आरजीसीआई के कंसल्टेंट एवं ऑर्थोपेडिक ऑन्कोलॉजी हेड और ओआरपी मीट के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु रोहेला ने कहा, दुर्भाग्य से हाथ-पैरों में सारकोमा ट्यूमर की अक्सर जांच नहीं हो पाती है या फिर गलत तरह से सर्जरी कर दी जाती है। ऐसे मामलों में हाथ या पैर के खराब हो जाने का खतरा रहता है, जिससे किशोरों या बच्चों की पूरी जिंदगी प्रभावित होती है। ओआरपी बैठक का आयोजन सामान्य ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं चिकित्सकों के बीच बोन ट्यूमर को सही तरह समझने, इसकी जांच और इलाज के उपलब्ध तरीकों, इससे जुड़ी सामान्य समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जागरूकता लाने के लिए किया गया।' वयस्कों में होने वाले कुल कैंसर में सारकोमा के मामले 3 प्रतिशत और बच्चों में 10 से 15 प्रतिशत तक होते हैं। जीवन बचाने और साथ ही हाथ-पैरों को सुरक्षित रखने के लिए इस बीमारी पर ध्यान देना आवश्यक है। ओआरपी बैठक में टाटा मेमोरियल, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट, मैक्स हॉस्पिटल, अपोलो हॉस्पिटल, भगवान महावीर हॉस्पिटल जयपुर, स्पर्श हॉस्पिटल बेंगलुरु, गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पारस हॉस्पिटल आदि जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञों ने पूरे देश से सारकोमा के 10 चुनौतीपूर्ण मामलों पर गहन चर्चा की।

ऑर्थोपेडिक सर्जन, पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट और छात्रों समेत 100 से ज्यादा लोगों ने इसमें हिस्सा लिया और चर्चा का लाभ उठाया। सारकोमा आमतौर पर कम उम्र में होता है और उस आयु में तंबाकू के सेवन या खराब जीवनशैली जैसे बड़े रिस्क फैक्टर आमतौर पर नहीं होते हैं। इसलिए जब इसका पता चलता है तो ज्यादातर माता-पिता सदमे में आ जाते हैं। एनसीआर क्षेत्र में बड़ी समस्या यह है कि बहुत कम अस्पतालों में ही सारकोमा के इलाज के लिए विशेषज्ञ टीम है। डॉ. रोहेला ने जल्दी जांच के महत्व पर जोर दिया।

# 25 साल बाद भी हुडा सेक्टर दो के लोग मार्केट सुविधा से वंचित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**25 साल** पहले पलवल के हुडा सेक्टर-2 का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, परंतु आज भी सेक्टर में मार्केट तक की सुविधा लोगों को उपलब्ध नहीं हो पाई है। निर्माण के समय ही मार्केट की जगह निर्धारित हो गई थी। लेकिन यहां पर निर्धारित साइट के लिए आज तक हुडा विभाग सड़कें, सीवर, लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाया है। जिससे सेक्टर में मार्केट का विकास नहीं हो पाया। इससे सेक्टर वासी जीवन यापन की वस्तुओं के लिए पलवल और दूसरे शहरों की मार्केट से खरीदारी करने

### लोग जीवनयापन की वस्तुओं की खरीद के लिए दूसरे शहरों की मार्केट जाने को मजबूर

को मजबूर होते हैं। जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

सेक्टरवासी द्रोणसिंह, जन्नत, गीता देवी, सौरभ रावत एडवोकेट, गरिमा, पूनम आदि कहना है कि 25 साल पहले पलवल के हुडा सेक्टर-2 का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। परंतु आज तक सेक्टर में मार्केट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है,



जिसकी वजह से आज भी सेक्टर वासी अपने जीवन यापन की वस्तुओं की खरीद के लिए पलवल और आस-पास के दूसरे शहरों की मार्केट जाने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर के निर्माण के समय ही सेक्टर के बीचोंबीच लगभग 20 एकड़ जमीन पर मार्केट साइट की जगह निर्धारित हो गई थी। सेक्टर का जहां 70 से 75 प्रतिशत विकास हो चुका है, वहीं पर मार्केट में दो से चार ही दुकान बनी हैं। लोगों का कहना है कि मार्केट की जगह हुडा विभाग ने निर्धारित कर दी है। परंतु वहां मार्केट के लिए सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाइट, बरसाती पानी आदि की निकासी के लिए आज तक भी हुडा विभाग ने कोई कार्य शुरू नहीं किया है। इसकी वजह से आज भी पलवल की हुडा मार्केट में दो से चार ही दुकान दिखाई देती हैं।

सेक्टर वासी अपने जीवन यापन के सामान की खरीदारी के लिए शहर की मीनार गेट मार्केट, बस अड्डा मार्केट, जवाहर नगर मार्केट, फरीदाबाद के15 सेक्टर की मार्केट, सेक्टर-10 की मार्केट, नंबर एक व दो की मार्केट से खरीदारी करने को मजबूर हैं। सेक्टर वासियों का कहना है कि हुडा विभाग के अधिकारियों के कुंभकरणीय नींद में सोने का नुकसान हुडा सेक्टर-2 के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। यहां के लोगों के धन व समय दोनों की बर्बादी होती है। सेक्टर वासियों का कहना है कि विभाग में प्लॉटों व दुकान आदि के विकास के लिए समय निर्धारित होता, उसके उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधन है। परंतु विभाग अपने बनाए नॉर्म्स पर खुद ही अमल नहीं कर रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए होंगी सभी आधुनिक सुविधाएं

### सुविधाओं पर लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत आएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के रेलवे स्टेशन पर जल्द ही यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं रेलवे द्वारा उपलब्ध करवाई जाएंगी। इन सुविधाओं के मिलने के बाद बल्लभगढ़ स्टेशन दिल्ली-मुंबई स्टेशनों की तरह दिखाई देने लगेगा। स्टेशन के सौंदर्यीकरण पर रेलवे मंत्रालय द्वारा 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिससे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को हर प्रकार की आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो। इसकी घोषणा केंद्रीय भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गत दिनों फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर लोगों को संबोधित करते हुए की। रेलवे की ओर से बल्लभगढ़ स्टेशन पर जल्द




ही यात्रियों के बैठने के लिए आधुनिक सीटें लगाई जाएंगी। जिससे यात्रियों को गाड़ियों का इंतजार खड़े होकर नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा स्टेशन पर बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए वेटिंग रूम में कूलर, पंखे व एसी सुविधा उपलब्ध होगी। यात्रियों के पीने के पानी के लिए हर प्लेटफार्म पर चार से अधिक वाटर कूलर लगाए जाएंगे। स्टेशन पर बेहतर और आधुनिक शौचालय बनाए जाएंगे। यहां पर दिव्यांगों के लिए अलग से शौचालय बनेंगे।

यात्रियों को बरसात, सर्दी व गर्मी से बचाने के लिए टीन शेडों की लंबाई बढ़ाई जाएगी। जिससे यात्रियों को हर मौसम में सुविधा रहे। स्टेशन के आसपास छोटे बच्चों के बैठने व खेलने के लिए पार्क विकसित किए जाएंगे। जहां बच्चे अपने खाली समय झूलों आदि का आनंद ले सकेंगे। यात्रियों को जल्द टिकट दिलवाने के लिए नई टिकट खिड़की के साथ-साथ यहां पर टिकट घर के बाहर वेंडिंग मशीन भी लगेंगी। जिससे यात्री खुद ही पैसे डालकर मैट्रो की तरह टिकट खरीद सकेंगे। वहीं स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियां भी लगेंगी। जिनकी सहायता से महिला, बुजुर्ग, बच्चे आसानी से एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आ जा सकेंगे। स्टेशन पर सफाई व्यवस्था दुरस्त व बेहतर करने के लिए सफाई मशीन भी आयेगी। यह मशीन प्रेशर से स्टेशन की सफाई करेगी, वहीं स्टेशन पर पड़े कूड़े को भर सकेगी। जिससे स्टेशन को साफ-सुथरा बनने में सहायता मिलेगी। स्टेशन आधुनिक बनने के बाद यहां से हर रोज यात्रा करने वाले करीब 24 हजार यात्रियों को फायदा मिलेगा।

## चाइना में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अनमोल जैन ने जीता कांस्य पदक



**फरीदाबाद।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ व्यापारियों तथा शहरवासियों ने अनमोल जैन व उनके कोच राकेश सिंह का अभिवादन किया। मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश बेहतर खेल निति की बदौलत ही हरियाणा के खिलाड़ी खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ मेडल जीत कर विश्व में परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर अनमोल का सेक्टर-64डी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों व स्थानीय निवासियों ने भी अभिवादन करते हुए उसे जीवन में तरक्की करने का आशीर्वाद दिया।

निशानेबाज अनमोल जैन ने 10 मीटर एयरपिस्टल में चाइना के चेंगडू शहर में आयोजित हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में टीम के साथ कांस्य पदक जीता था। बल्लभगढ़ बस अड्डा मार्केट में हरियाणा व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान प्रेम खट्टर द्वारा अंतराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन व उसके कोच राकेश सिंह के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, आरडी गुप्ता, व्यापारी महेश मित्तल, कपिल आर्य, विजय आर्य, विजय विरमानी, श्याम लाल छाबड़ा, विक्की कालड़ा, गोरधन राजपुरोहित, मनोज शर्मा, राजेंद्र कुमार जैन, प्रमोद कुमार जैन, सचिन, वेद कालड़ा, अमित जिंदल, रोशन लाल, विरेंद्र मनचंदा, रमेश छाबड़ा, सतीश हंस, बिट्टू पंजाबी, बिट्टू गांधी, रमेश छाबड़ा, लक्की अरोड़ा ने स्वागत किया।

## पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण का लेना चाहिए संकल्प : सीजेएम



**पलवल।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा सब डिविजनल न्यायालय परिसर हथीन में पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग, सब डिविजनल मजिस्ट्रेट पवन कुमार, सब डिविजनल बार एसोसिएशन के प्रधान धमेंद्र राजपूत, पब्लिक प्रोसिक्यूटर नवदीप सिंह सहित अधिवक्ताओं ने पौधारोपण किया।

कुनाल गर्ग ने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पलवल जिला व सब डिविजनल हथीन, होडल के विभिन्न गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्राधिकरण द्वारा चार हजार पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। पेड़ों से मानव को जीवंत रहने के लिए ऑक्सीजन मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण करने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। सभी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जागरूक करें।

## एक पौधा विश्वास का जरूर लगाएं प्रत्येक जनमानस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पर्यावरण** का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे लगाने बहुत जरूरी है। प्रत्येक जनमानस को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी करना चाहिए। यह बात जिला परिषद पलवल के सीईओ जितेंद्र कुमार ने सरकार द्वारा राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे स्वच्छ हरित पंचायत अभियान के तहत गांव मंडकोला की खेल परिसर में पौधारोपण करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार जिला के समस्त खेल परिसरों की चारदिवारी, वहां मौजूद शौचालय की मरम्मत तथा कच्चे ट्रेक का कार्य मनरेगा के तहत किया जाएगा। पलवल जिला की प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छ हरित पंचायत अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक पौधा विश्वास का व स्वच्छता सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित करवाई गई हैं।



उन्होंने कहा कि एक पेड़ विश्वास का कार्यक्रम के तहत जिला की समस्त ग्राम पंचायतों में 75 हजार पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा हैं। इसके अलावा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत भी जिला में 75 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत जिला में करीब डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पौधे लगाने का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ व हर भरा बनाना है। उन्होंने कहा कि वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए पेड़ों का होना बहुत जरूरी है। पेड़ पर्यावरण से अन्य जहरीली गैसों को अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जोकि मानव जीवन के लिए अत्यंत जरूरी हैं। इसलिए काटे गए पेड़ों के स्थान पर नए पौधे लगाए जाने बहुत जरूरी हैं, ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा स्वच्छ हरित अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद उन पौधे की देखभाल भी जरूर करें। घर में आयोजित होने

### सीईओ जिला परिषद ने स्वच्छ हरित पंचायत अभियान के तहत पौधारोपण कर पौधे लगाने का दिया संदेश

वाले प्रत्येक उत्सव व जन्मदिवस एवं वर्षगांठ के मौके पर एक पौधा अवश्य लगाएं और अपने परिवारजन एवं रिश्तेदारों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें, ताकि इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाए तथा हमारा वातावरण हरा भरा व स्वच्छ बना रहे।

इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हथीन परमिंदर, एससीपीओ अतर सिंह, पंचायत विभाग के उपमंडल अधिकारी अब्दुल रज्जाक, गंगाराम, पंच शमशेर, जयकुमार, अशोक कुमार, डॉ. जेपी, कमल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## बल्लभगढ़ से पलवल मेट्रो विस्तार शुरू होने से रियल एस्टेट सेक्टर में आएगी तेजी



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के चीफ सेक्रेटरी और हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष संजीव कौशल ने हाल ही में कहा था कि बल्लभगढ़ से पलवल तक लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय करने वाले प्रस्तावित मेट्रो विस्तार के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू हो गया है।

शहर की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने में यह मेट्रो रेल प्रोजेक्ट काफी अहम होगा। इससे न केवल आवागमन सरल होगा, बल्कि क्षेत्र का काफी विकास देखने को मिलगा। इस खबर से रियल्टी सेक्टर को उम्मीद है कि आने वाले टाइम में फरीदाबाद मार्केट का अच्छा डेवेलप होगा। इस पर अपनी प्रसन्ता व्यक्त करते हुए आरपीएस ग्रुप के डायरेक्टर, अमन गुप्ता ने कहा 25 किलोमीटर लंबी यह मेट्रो लाइन फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को अगले स्तर पर ले जाने में सहायता करेगी। इस बात में कोई संदेह नहीं कि जिस क्षेत्र में कनेक्टिविटी अच्छी होती है, वहां के रियल एस्टेट सेक्टर में काफी विकास देखने को मिलता है। फरीदाबाद इस बात का एक सटीक उदाहरण है। इस मेट्रो लाइन के आने से शहर में रेजिडनेशियल और ऑर्गनाइज्ड कमर्शियल प्रॉपर्टीज की भारी मांग देखने को मिलेगी।

एडोर ग्रुप के को-फाउंडर व डायरेक्टर जितेश गुप्ता के अनुसार, बल्लभगढ़ पलवल मेट्रो का व्यापक एनसीआर के दोनों उभरते शहरों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। 25 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन के कुल 4400 करोड़ रुपये के निवेश से बनने की उम्मीद है। यह परियोजना, जो अगले पांच वर्षों में चालू होने वाली है, रियल एस्टेट, विकास और रोजगार के अवसरों में निवेश बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा तैयार करेगी।

इस बीच, पलवल और फरीदाबाद के बीच आवागमन सुचारू हो जाएगा और प्रदूषण की समग्र दर कम हो जाएगी। यह सचमुच एक स्वागत योग्य कदम है। अधिक लोगों द्वारा अपने दैनिक आवागमन के लिए मेट्रो का उपयोग करने से क्षेत्र में यातायात भीड़ में कमी आने की संभावना है। मेट्रो स्टेशन की उपस्थिति पड़ोस की धारणा को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इसे विकास और प्रगति के संकेत के रूप में देखा जा सकता है, जो संभावित बायर्स और इन्वेस्टर्स को आकर्षित करेगा।

## दो भाइयों के पेट में घोंपी बीयर की बोतल, एक लाख लूटे

**फरीदाबाद।** बदमाशों ने दो युवकों के पेट में बीयर की बोतल घोंप कर एक लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित की बहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। एसी नगर निवासी ज्योति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार को बड़ा भाई प्रदीप, नितिन उर्फ काशी, पवन और सुमित मंडी चौक पर खड़े थे। इस बारे में जब बड़े भाई संदीप को पता चला तो प्रदीप को घर लेकर जाने लगा। आरोप है कि नितिन और पवन ने अन्य साथियों के साथ दोनों पर हमला कर दिया।

आरोपियों ने बोतल तोड़कर बारी-बारी दोनों भाइयों के पेट में घोंपकर घायल कर दिया और संदीप से 1.5 लाख रुपये थे लूट लिए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों को आसपास के लोगों की सहायता से नागरिक अस्पताल बीके में भर्ती कराया गया। यहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई। जांच अधिकारी राजेंद्र कसाना ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की तलाश के लिए दो टीमें लगाई गई हैं।

## सड़कें बनने से लोगों को आवागमन में होगी सुविधा



**पलवल।** हथीन विधायक प्रवीण डागर ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न तीन सड़कों के नारियल तोड़कर विधिवत शिलान्यास किए। प्रवीण डागर ने कहा कि इन सड़कों को बनवाने की यहां के ग्रामीणों की पुरानी मांग थी, जिसे पूरा करने के लिए शिलान्यास किए गए हैं। बहुत जल्द ही यह तीनों सड़क तैयार करके जनता को समर्पित कर दिए जाएंगे।

विधायक ने कहा कि हथीन से कोंडल तक की 3.22 किलोमीटर लंबी सड़क को एक करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से तथा मानपुर से बहीन तक की करीब 2.80 किलोमीटर लंबी सड़क को एक करोड़ 67 लाख रुपए और बहीन से गांव उदयपुर भंगूरी तक की लगभग 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क को 83 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से यहां के कई गांवों के

### विधायक प्रवीण डागर ने किए तीन सड़कों के शिलान्यास

लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान सरकार सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। इन विकास कार्यों को पूरा करवाने में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जा रही है। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक समेत अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कोंडल के सरपंच सुरेश, वकील कुलदीप, सचिव चरण, हरेंद्र कोंडल, पवन सहरावत, दीपक कोंडल, देवी सरपंच मानपुर, धनराज मानपुर, बीरेंद्र मानपुर, विक्रम, रतन बहीन, करण नंबरदार बहीन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समिति ने औषधीय पौधों का वितरण किया



**पलवल।** पुरुषोत्तम सावन माह के पांचवें सोमवार मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति ने प्राचीन शिवमंदिर, पथवारी मंदिर तथा श्रीशिव मंदिर बघेल धर्मशाला में दैवीय गुणों से युक्त तुलसी, हारश्रृंगार, घृतकुमारी, स्नेकप्लांट आदि औषधीय पौधों का वितरण किया। संस्था सदस्य मास्टर भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला झज्जर के गांव गौरिया स्थित पार्क, पशु चिकित्सालय, जलघर आदि में ग्रामीणों साथ पौधारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य रामकुमार बघेल ने बताया कि संस्था सदस्य देश व प्रदेश के विभिन्न जिलों में शहरी तथा ग्रामीण सभी क्षेत्रों के लोगों को प्रकृति पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर कार्य कर रहे हैं। कम स्थान तथा गमलों में छोटे पौधे एवं उचित स्थानों पर बड़े वृक्ष बनने वाले पौधों का रोपण व संरक्षण कर मानव धर्म का पालन करें। हम सभी को जल और वृक्षों को बचाना चाहिए। यह धरती के श्रृंगार और हम सबके जीवनदाता हैं। मास्टर भूपेंद्र ने युवाओं तथा बच्चों को पौधारोपण तथा संरक्षण के प्रति संदेश दिया। इस अवसर पर अमरपाल, वीरेंद्र, श्रीचंद, मंजीत, राहुल, डॉ. संजू, दीपक, पवन, अजय, सतीश, मनीष, हरीश, शिवम, योगेश, मोहित आदि युवाओं तथा बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**पलवल।** क्राइम ब्रांच होडल ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के तीन आरोपियों पर शिकंजा कसा है। होडल क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार के थाना कैंप पलवल में तैनात उप निरीक्षक संजय कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर रेलवे रोड पर मौजूद थे। जहां उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि दिनेश निवासी असावटी, रवि निवासी जनौली, रोहित निवासी खुंगई जिला झज्जर, राहुल निवासी गांव गढी सिसाना जिला सोनीपत अपने अन्य साथियों के साथ मिलीभगत करके टोनी निवासी सिसाना, सुनील निवासी असावटी पलवल, नवीन लोगों से सरकारी नौकरी लगाने की एवज में पैसे की ठगी करते हैं। सूचना पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा, आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है।

### 24 घंटे के महापड़ाव में सीटू लेगा हिस्सा, बनाई रणनीति

**फरीदाबाद।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों एवं कर्मचारी फेडरेशनों के अह्वान पर नौ और 10 अगस्त को 24 घंटे के महापड़ाव में सीटू हिस्सा लेगा। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को विभिन्न कंपनियों ने गेट मीटिंग की। बैठक की अध्यक्षता प्रधान चंद्रपाल ने की। वहीं, हरियाणा टैक्सप्रिंट मिल कमेटी की बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र मिश्रा ने की। इस दौरान सीटू जिला कमेटी के सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी और जनविरोधी नीतियों से लोग बहुत परेशान हैं। महंगाई लगातार बढ़ रही है, खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। मौसमी सब्जियों के मूल्य लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आशा वर्करों की होने वाली तीन दिवसीय हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार से हठधर्मिता का रास्ता छोड़कर उनकी मांगों को लागू करने का अनुरोध किया है। सभा को प्रवीण मिश्रा, राम सहाय, नरेंद्र आदि ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानीं गई तो बड़ा आंदोलन होगा।

### मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 में कंपनी के बाहर गाड़ी खड़ी करवा रहे एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कमल कांत हसीजा ने बताया कि वह सेक्टर-58 अशोक लीलेंड की एजेंसी के पास न्यू कमल रोडवेज कंपनी की गाड़ी को साइड में लगवा रहे थे। उसी दौरान मथुरा रोड की तरफ से दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर तेज रफ्तार में आए और पीछे बैठे युवक ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और खंदावली गांव की तरफ फरार हो गए। एएसआई नरेंद्र ने कहा कि केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ग्रामीणों ने भरोसा दिया, भाईचारा नहीं बिगड़ने दिया जाएगा



**फरीदाबाद।** हरियाणा उदय प्रोग्राम के अंतर्गत व हाल मे हुए नूंह के घटनाक्रम को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ की अध्यक्षता में थाना बीपीटीपी के अधिकार क्षेत्र गांव फरीदपुर के बैठक का आयोजन किया। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एरिया में रहने वाले हिंदू समाज व मुस्लिम समाज तथा सिख समाज के गणमान्य व्यक्ति जिनमें गांव सलीम प्रधान, दयाचंद प्रधान व समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रशासन की तरफ से एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, नायब तहसीलदार अजय, एसीपी सराय देवेंद्र यादव, एसएचओ सेंट्रल, एसएचओ बीपीटीपी मौजूद रहे। पीस मीटिंग में हिस्सा ले रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन का सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया तथा सभी गणमान्य लोगों ने सद्भावना कमेटी की बैठक में माहौल को एक अच्छे समाज की नींव रखने की भूमिका निभाने का का आश्वासन दिया। डीसीपी सेंट्रल ने पुलिस प्रशासन द्वारा लिए गए प्रबंध तथा लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी व्यवस्था मेंटेन करने लिए किए गए इंतजाम के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुलिस 24 घंटे एरिया में गश्त कर रही है, नाके लगाए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि फरीदाबाद की शांति बनी रहे। अगर कोई भी धार्मिक उन्माद में शामिल होना पाया गया तो संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा। जिसमें 14 साल तक की सजा का भी प्रावधान है। मेवात में हुई हिंसा में शामिल आरोपियों को किसी ने भी शरण दी तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मौजिज लोगों के साथ मिलकर मीटिंग कर लोगों को समझाया कि अफवाहों पर ध्यान न दें। इसके साथ ही उन्होंने नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया। अगर कोई नशा करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी व नाम गुप्त रखा जाएगा।

### पूरी गरीमा के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**पलवल।** जिला स्तर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूरी गरीमा के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से एसडीएम शशि वसुंधरा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन की सभी तैयारियों को समय से पहले पूरा कर लें। एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह देश का गौरवपूर्ण त्योहार है, इसे पूरे मान-सम्मान और आदर के साथ मनाना हमारा परम कर्तव्य है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट आदि की रिहर्सल, स्टेज व आंगतुकों के बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था, समारोह स्थल पर साफ-सफाई व सजावट, टैंट, चूना, झंडे, साजोसज्जा, रंग-रोगन, पारितोषिक वितरण, निर्बाध बिजली, पावर बैकअप के लिए साउंडप्रूफ जनरेटर आदि की जांच की। इस अवसर पर अनेक अधिकारीगण मौजूद थे। उन्होंने सभी तैयारियों व बेहतर प्रबंधन का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन होगा।

## इमरान गिरफ्तार
### पाकिस्तान में अशांति

**इमरान** खान की गिरफ्तारी से पाकिस्तान में अशांति फैल गई है जो वहां के कमजोर लोकतंत्र के लिए एक और झटका है। तेजी से बदलते घटनाक्रम में शनिवार को पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी से देश के राजनेता हतप्रभ रह गए हैं। इस गिरफ्तारी से पाकिस्तान में राजनीतिक परिवेश की स्थिरता तथा देश के भविष्य पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर महत्वपूर्ण सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान को 'तोशाखाने' मामले में इस्लामाबाद की एक अदालत ने तीन साल कैद की सजा सुनाई जिसका संबंध राजकीय उपहारों को गलत तरीके से हड़पने से है। इस फैसले का अर्थ है कि पाकिस्तान तहरीके इन्साफ-पीटीआई प्रमुख अगले पांच साल तक राजनीति के अयोग्य रहेंगे। अदालती कार्यवाही में अनुपस्थित रहने के बावजूद इमरान को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। इमरान के खिलाफ इस मामले की शिकायत शुरुआत में पिछले साल 21 अक्टूबर को हुई थी और उनको 10 मई को औपचारिक रूप से दोषसिद्ध पाया गया। अप्रैल, 2022 में अविश्वास प्रस्ताव पर पराजित होने के बाद इमरान को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके बाद उनके खिलाफ कुल 76 मामले दर्ज किए गए हैं। पूर्व क्रिकेटर व करिश्माई नेता इमरान खान एक दशक से अधिक समय से पाकिस्तानी राजनीति की प्रमुख हस्ती बने हुए हैं। 2018 के आम चुनाव में कड़ी टक्कर के बाद वे सत्ता में आए थे। उन्होंने प्रशासन, अर्थव्यवस्था व विदेश संबंधों में परिवर्तनकारी सुधारों का वादा किया था। उनकी गिरफ्तारी ऐसे परिदृश्य में हुई है जब उनकी पीटीआई पार्टी तथा सत्तारूढ़ पार्टी के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा था। सत्तारूढ़ दल ने इमरान पर चुनावी धोखाधड़ी व कुप्रबंधन के आरोप लगाए हैं।




इमरान खान की गिरफ्तारी के परिणाम बहुआयामी हैं। इससे पाकिस्तान में व्याप्त वर्तमान राजनीतिक विभाजन और गहरा हो सकता है। इमरान खान के समर्थक उनको आशा और सुधार का प्रतीक मानते हैं, जबकि विरोधी इमरान प्रशासन पर अनेक वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हैं। इस गिरफ्तारी से संभवत: पीटीआई और सरकार के बीच टकराव वाली राजनीति और गंभीर व तेज होगी। इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में लोकतंत्र को और झटका लगा है। हालांकि, इमरान को अपनी गिरफ्तारी का अनुमान था, लेकिन शायद उनको इस तरीके का अंदाज नहीं रहा होगा। सशस्त्र पुलिस के लगभग 200 जवान उनको एक अज्ञात स्थान पर ले गए। इस पूरी कार्रवाई से सरकार की घबराहट व उसकी असहज स्थिति स्पष्ट होती है। इस गिरफ्तारी से पाकिस्तान में लोकतंत्र की स्थिति के बारे में चिन्ता व्याप्त हो गई है। आलोचकों का कहना है कि प्रमुख नेताओं के खिलाफ किए जा रहे विधिक उपायों से लोकतांत्रिक संस्थान व प्रक्रियायें प्रभावित हो सकती हैं। यह स्थिति लोकतांत्रिक मानक तथा पारदर्शी विधिक कार्यवाही बनाए रखने का महत्व उजागर करती है। यदि उच्च न्यायालय उनको तोशाखाना मामले में राहत नहीं देता है तो यह देश की राजनीति में एक नया मोड़ होगा। इस गिरफ्तारी से विपक्षी दलों को एकजुट होने तथा सरकार को चुनौती देने के लिए ज्यादा समन्वित प्रयास करने का मौका मिल सकता है। इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान अपनी राजनीतिक यात्रा में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। आने वाले दिनों में जवाबदेही तथा विधिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता पर जनता के बीच विमर्श तेज हो सकता है। ऐसी स्थिति में लोकतांत्रिक सिद्धान्त बनाए रखने से आने वाले वर्षों में देश की राजनीतिक दिशा तय होगी।

# भारत में मजबूत होता बीमा क्षेत्र

**मध्यवर्गीय लोगों को आज स्वास्थ्य बीमा की ज्यादा जरूरत है। समय आ गया है कि बीमा क्षेत्र आम जनता के बीच अपना और विस्तार करे। उसे सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों को अपनी नीतियों व उत्पादों में लागू करना चाहिए।**

**निर्झर मजूमदार**
(लेखक, बीमा उद्योग विश्लेषक हैं)



भारत में जीवन बीमा उद्योग लगातार बढ़ रहा है। मुद्रास्फीति प्रभाव को दरकिनार कर इस क्षेत्र में 2021-22 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वैश्विक जीवन बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत थी। विकसित बाजारों में भी इसकी वृद्धि 5.4 प्रतिशत थी। जीडीपी प्रतिशत के रूप में नए व नवीनीकृत प्रीमियम के आधार पर बीमा विस्तार का आंकलन होता है। यह 3.2 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि वैश्विक औसत 3 प्रतिशत है। लेकिन बीमा कंपनियों के संदर्भ में ग्राहकों की वही समस्यायें बनी हुई हैं। हालांकि, उत्पाद का कोई विकल्प न होने के कारण लोग जीवन बीमा खरीदते रहते हैं, पर वे इसे बिना किसी भावनात्मक लगाव के मशीनी रूप से करते हैं। अन्य उत्पादों व सेवाओं में जिस प्रकार व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है, उसका सामान्य व जीवन बीमा में खासकर अभाव है।

ऐसे में क्या जीवन बीमा उद्योग को और मजबूत करने का कोई रास्ता हो सकता है? आम लोगों ने जीवन बीमा को हमेशा ऐसे उत्पाद के रूप में देखा है जिसका लाभ पालिसीधारक के बजाय केवल उसके वारिसों को होता है। यह अवधारणा उस समय के लिए ठीक थी जब परिवार के सदस्य एक दूसरे पर वित्तीय व भावनात्मक रूप से अधिक निर्भर थे। लेकिन आज हम ज्यादा 'व्यक्तिवादी' समाज में रह रहे हैं। यह वैश्विक परिघटना है और भारत स्वयं को इस दुनिया से अलग नहीं रख सकता है। आज पश्चिमी दुनिया के बीमा बाजार में जो हो रहा है, वह कल यहां भी होगा, भले ही इसमें थोड़ा समय लगे।

पश्चिमी दुनिया में लोगों की पसंद तेजी से यहां भी लोगों व खासकर नौजवानों की पसंद बनती जा रही है। लोग व्यक्तिगत जीवन तथा त्वरित लाभ पर विश्वास करने लगे हैं। जीवन बीमा करने वाले लोगों की बदलती पसंद के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास कर रहे हैं। वे प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण के लिए तकनीक का प्रयोग करते हैं। लेकिन उनको समझना चाहिए कि ग्रहक जीवन बीमा को नए दृष्टिकोण से देखते हैं। इसके बाद ही वे गौर करते हैं कि तकनीक इन उत्पादों के विकास तथा इसकी सेवाओं में मूल्य संवर्धन कैसे कर सकती है।

भारतीय बीमा कंपनियां आज क्या कर रही हैं? वे अपना ध्यान महानगरों तथा उनसे जुड़े क्षेत्रों में उच्च श्रेणी के ग्राहकों पर दे रही हैं। निजी बीमा कंपनियों के 74 प्रतिशत कार्यालय केवल महानगरों में ही हैं। सभी बीमा कंपनियां नए उत्पादों के साथ अपने एजेंटों से उन लोगों पर ध्यान देने को कह रही हैं जो फौरन ज्यादा लाभ दे सकते हैं। निजी बीमा कंपनियों की 37 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम आय केवल यूलिप से हो रही है और हम सभी जानते हैं कि यूलिप में बाजार जोखिम काफी है।

एजेंटों को यह लालच देकर बिजनेस में आकर्षित किया जाता है कि एनआरआई व एचएनआई ग्राहकों को बीमा पालिसियां बेच कर वे एमडीआरटी समूहों में शामिल हो जाएंगे। एजेंटों व खासकर युवा एजेंटों को आशा है कि वे अमीर वर्ग को कुछ उच्च मूल्य वाले बीमा उत्पाद बेच कर अमीर व लोकप्रिय हो जाएंगे। लेकिन इस माडल में गंभीर विकृतियां हैं। उच्च लाभ वाले बीमा उत्पाद, खासकर यूलिप मुश्किल से ही अल्पकालीन या दीर्घकालीन रूप से ज्यादा मुनाफा नहीं देते हैं। जो ग्राहक बीमा कंपनियों द्वारा किए गलत वादों को समझते हैं, उनकी दिलचस्पी जीवन बीमा उत्पादों में समाप्त हो गई है और लाक-इन पीरियड के बाद वे इन उत्पादों को छोड़ देते हैं। यही कारण है कि अधिकांश बीमा कंपनियों के लिए 'पालिसी पर्सिस्टेंस' बहुत कम है। जब इतने अधिक ग्राहक कमियों या पालिसी छोड़ने के कारण बीमा अनुबंध छोड़ रहे हों तो बीमा कंपनियों तथा बीमा एजेंटों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि बहुत से नए बीमा एजेंट बीमा एजेंसी लेने के चार साल के भीतर उसे छोड़ देते हैं। विडंबना है कि बीमा कंपनियां अभी भी समान संख्या में नए एजेंट भर्ती करने में सफल होते हैं और उनका वितरण नेटवर्क वही वादे करता रहता है।

ऐसे में सवाल है कि ऐसी अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में उद्योग कितने समय तक चल सकेगा? इसका कारण यह है कि देश की व्यापक बाजार तथा मध्यवर्ती बाजार पर मुख्य रूप से एलआईसी का वर्चस्व है। यह अब भी ऐसे वर्ग की सेवा कर रही है जिनकी खरीद शक्ति अधिक नहीं है और न उनकी जोखिम सहने की क्षमता अधिक है। कस्बाई व ग्रामीण क्षेत्रों में शेयर बाजार व म्यूचुअल फंड में निवेश अधिक लोकप्रिय नहीं हुआ है। इसका एक कारण यह भी है कि ऐसे पालिसीधारकों की संख्या बहुत बड़ी है जो पालिसी छोड़ने के बाद भी अपना पैसा बीमा उद्योग में पड़ा रहने देते हैं। लेकिन यह ऐसे देश में उद्योग विकसित करने का सही तरीका नहीं है जहां अब भी बीमा संरक्षण में 83 प्रतिशत की कमी है। हालांकि, बीमा कंपनियां काफी तेज गति से प्रगति कर रही हैं, पर वे बीमा के बारे में लोगों में समुचित दिलचस्पी व जोश पैदा नहीं कर सकी हैं।

बीमा कंपनियां अब भी इस कल्पना में विश्वास करती हैं कि अमीर बहुत तेजी से और अमीर बनना चाहते हैं। वे यह सरल तथ्य भूल जाती हैं कि अमीरों समेत सभी लोग अपनी मेहनत से कमाया धन परंपरागत रूप से सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसके बावजूद वे 'व्यक्ति केन्द्रित' बीमा उत्पाद चाहते हैं। जीवन प्रत्याशा हर जगह बढ़ रही है। आज सक्रिय कामगार जीवन से सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति भी बीस से तीस साल तक जीवित रह सकते हैं। उनका आत्मसम्मान दूसरों पर वित्तीय निर्भरता से रोकता है।

यदि उनको राज्य या सेवायोजक से पेंशन मिलती हो तो भी यह पेंशन उस धनराशि से कम होती है जो उनका इच्छित जीवन मानक बनाए रखने के लिए जरूरी हो। शायद नीदरलैंड व स्पेन को छोड़ कर पश्चिमी दुनिया में भी सेवानिवृत्ति के बाद वेतन के प्रतिशत में तेजी से गिरावट आती है। यूरोपीय बीमा व पेशेवर पेंशन अधिकरण-इयोपा बीमा कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है कि वह अखिल यूरोपीय पर्सनल पेंशन-पेप उत्पादों का विकास करे ताकि लोग सेवानिवृत्ति के पश्चात आराम से रह सकें। भारतीय बीमा कंपनियों के पास भी पेंशन उत्पाद हैं, पर इनको विभिन्न अन्य लाभ शामिल कर ज्यादा आकर्षक बनाने की आवश्यकता है। इससे वे सेवानिवृत्ति-पश्चात जीवन आकर्षक बना सकते हैं। बीमा कंपनियों को वर्तमान समस्याओं को समुचित रूप से संबोधित करना चाहिए। इनमें पेंशनों के घटने के साथ ही ज्यादा संख्या में लोगों के स्वास्थ्यरक्षा खर्च से राज्य की अनुपस्थिति शामिल है। भारत में अमीर लोगों को सेवानिवृत्ति के बाद भी बढ़ते स्वास्थ्यरक्षा खर्च से निबटने में किसी कठिनाई का अनुभव नहीं होता है। सबसे गरीब परिवारों को राष्ट्रव्यापी 'आयुष्मान भारत' योजना से उदारतापूर्वक सहायता मिल रही है। लेकिन मध्यआय वर्ग में समस्या गंभीर है जिसमें 80 करोड़ से अधिक भारतीय शामिल हैं। यह बीमा कंपनियों के लिए एक अवसर भी है कि वे बीमा विस्तार में सुधार करें। ऐसे में बीमा कंपनियां ग्राहकों हेतु प्रासांगिक बने रहने के लिए क्या कर सकती हैं?

पहला, सभी बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति तथा संपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आना चाहिए। इससे वे ग्राहकों के लिए ज्यादा लाभदायक सिद्ध होंगी। ग्राहक के सामने यह विकल्प होना चाहिए कि वह आयु बढ़ने के साथ जोखिम को घटा कर जीर्ण रोगों का कवर बढा सके। सारी दुनिया में स्वीकार किया गया है कि ग्राहकों की आयु बढ़ने के साथ ही उनका जोखिम मृत्यु के बजाय स्वास्थ्य व दीर्घकालीन देखभाल की ओर मुड़ता है। जीवन व विकलांगता बीमा कम आयु के लिए ठीक है। वृद्धावस्था में लोग जीर्ण रोगों तथा दीर्घकालीन स्वास्थ्य देखभाल के लिए बीमा कराना चाहते हैं। जब तक बीमा कंपनियां ज्यादा लचीले व लाभदायक उत्पाद नहीं विकसित करती हैं तब तक जीवन बीमा आकर्षक नहीं होगा।

भारतीय बीमा कंपनियों को पुराने पदानुक्रम ढांचे के बजाय कौशल-आधारित ढांचे पर जोर देना चाहिए। यदि उद्योग सर्वोत्तम प्रतिभा चाहता है तो उसे संगठनात्मक संस्कृति में व्यापक परिवर्तन करना होगा। इससे उद्योग ज्यादा आकर्षक बन सकेगा। मृत्यु से होने वाले लाभ के बजाय स्वास्थ्य व बेहतरी लाभों पर जोर देना होगा। अब 78 प्रतिशत मौतें जीवनशैली बीमारियों, जैसे मधुमेह हृदय रोग व फेफड़ों के कैंसर से होती हैं। ऐसे में बीमा कंपनियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले लोगों की सहायता करनी चाहिए। सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों के प्रयोग से भारतीय बीमा कंपनियां जीवन बीमा को भी आम जनता में और आकर्षक बना सकती हैं।

# परिवर्तनकारी है 'डिजाइन योर डिग्री' कार्यक्रम

> **"छात्रों को विभिन्न विषयों और विभागों से कौशल पाठ्यक्रमों के साथ-साथ शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने की अनुमति दी जाएगी।"**

**चंद्र भूषण शर्मा**
(लेखक, प्रोफेसर हैं)



वर्ष 2012-2014 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता की सच्ची भावना में – नवीन विचारों के साथ प्रयोग करने के लिए कई ऐतिहासिक प्रयोग किए थे। उन विचारों में से एक चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम (एफवाईयूपी) था जहां छात्र पढ़ाई के दौरान कौशल पाठ्यक्रमों सहित अपने स्वयं के पाठ्यक्रमों पर निर्णय ले सकते थे। इससे डिग्री कार्यक्रम के दौरान और उसके पूरा होने के बाद स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सकता है। इस विचार के पीछे दिल्ली विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रोफेसर दिनेश सिंह थे और कार्यान्वयनकर्ता डीयू के साउथ कैंपस के तत्कालीन निदेशक प्रोफेसर उमेश राय थे। किसी तरह इस बेहद इनोवेटिव योजना को 2015 में वापस ले लिया गया.

अब राय जम्मू विश्वविद्यालय (जेयू) के कुलपति हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) की सिफारिशों के अनुरूप, जम्मू विश्वविद्यालय ने डिजाइन योर डिग्री (डीवाईडी) नाम से एक समान प्रयोग शुरू किया है, जिसमें चार साल के डिग्री कार्यक्रम की भी सिफारिश की गई है और कौशल करना अनिवार्य कर दिया गया है। एनईपी 2020 के मल्टीपल एंट्री, मल्टीपल एग्जिट प्रावधान के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए पाठ्यक्रम। अठारहवीं शताब्दी तक प्रत्येक व्यक्ति ने कुछ उत्पादक कार्य करके अर्थव्यवस्था में योगदान दिया। पिछले एक हजार वर्षों में आक्रमणों और भारतीय शिक्षा प्रणाली के नष्ट होने के बाद ही भारत एक गरीब देश बन गया। 1835 की मैकाले की शिक्षा नीति के बाद से, शिक्षित लोग नौकरी चाहने वाले बन गए, न कि स्व-रोज़गार उद्यमी।

एनईपी 2020 ने पहली बार इस प्रवृत्ति को उलट दिया है और डीवाईडी उस अर्थ में एक ऐतिहासिक पहल है। एनईपी 2020 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विजन (दर्शन) है। वह इस विचार के पीछे का व्यक्ति है, वह विचार जो भारत को एक बार फिर विश्वगुरु का पद हासिल करने में मदद करेगा। विश्व स्तर पर स्नातक कार्यक्रम चार साल की अवधि के होते हैं और वास्तव में राधाकृष्णन आयोग ने उल्लेख किया था कि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी चार साल की डिग्री कार्यक्रम है लेकिन हमारा देश अभी इसके लिए तैयार नहीं है।

अंतत: एनईपी 2020 ने चार साल के डिग्री कार्यक्रम को भी मंजूरी दे दी और विश्वविद्यालय अब चार साल के डिग्री कार्यक्रम को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। जम्मू विश्वविद्यालय (जेयू) को अग्रणी माना जाएगा क्योंकि यह छात्रों को पाठ्यक्रमों के चयन का विकल्प देकर एक कदम आगे बढ़ गया है। डिज़ाइन योर डिग्री (डीवाईडी) की अनुशंसा का सार नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वालों को तैयार करना है। जेयू, डीवाईडी इस दर्शन पर आधारित है कि छात्रों को अपनी इच्छा से अध्ययन के पाठ्यक्रम चुनने की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि वे इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें और अंतत: इसे अपना जीवन भर का जुनून और पेशा बना सकें।

छात्रों को विभिन्न विषयों और विभागों से कौशल पाठ्यक्रमों के साथ-साथ शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने की अनुमति दी जाएगी। विभिन्न विभागों, विषयों और धाराओं के शिक्षक और छात्र प्रत्येक व्यक्तिगत शिक्षार्थी के रचनात्मक विचारों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। हमारे संस्थानों की प्रमुख आलोचना यह रही है कि वे साइलो में काम करते हैं और एक विभाग में शोध के निष्कर्षों को दूसरे विभाग के साथ भी साझा नहीं किया जाता है। डीवाईडी के माध्यम से शिक्षक और छात्र समान रुचियों वाले व्यक्तियों के समूह बनाएंगे और बहुत ही नवीन और नवीन विचारों के साथ आएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम में कल्पना की गई है कि पाठ्यक्रम केवल कक्षा आधारित नहीं होंगे बल्कि छात्र अपनी समस्याओं का समाधान खोजने के उद्देश्य से समाज या यहां तक कि उद्योग के सदस्यों के साथ किसी भी स्थान पर काम कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के शिक्षक केवल कक्षा शिक्षक न रहकर मार्गदर्शन करेंगे और मार्गदर्शक बनेंगे। एक बार जब डीवाईडी चालू हो जाएगा तो वास्तविक अंत:विषय अभ्यास सामने आएगा। छात्रों को डीवाईडी के तहत प्रवेश दिया जाएगा

2023 शैक्षणिक वर्ष से। प्रवेश सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परिणाम (10प्रतिशत), प्रवेश परीक्षा (60प्रतिशत), समूह गतिविधि (20प्रतिशत) और व्यक्तिगत साक्षात्कार (10प्रतिशत) को ध्यान में रखते हुए एक प्रक्रिया के माध्यम से होगा। प्रवेश मानदंड स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि प्रवेश के लिए डोमेन ज्ञान का परीक्षण नहीं किया जा रहा है, बल्कि प्रवेश के लिए अन्वेषण के लिए दृष्टिकोण और योग्यता का परीक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों का समूह मार्गदर्शक शिक्षक के साथ एक सेमेस्टर जमीन पर बिताकर काम करेगा और वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान ढूंढेगा। विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर 1 से 4 के लिए जिन पाठ्यक्रमों की योजना बनाई है उनमें स्वयं की खोज, परिवेश की खोज, दुनिया के चमत्कार, रचनात्मकता को व्यक्त करना, जीवन कौशल, संचार की कला और विज्ञान, डेटा के माध्यम से दुनिया को समझना, दुनिया को डिकोड करना शामिल हैं। डेटा, डिजिटल मानविकी आदि पाठ्यक्रमों से यह स्पष्ट होगा कि यह कार्यक्रम वर्तमान में विश्वविद्यालयों में निर्धारित सामग्री आधारित पाठ्यक्रमों के विपरीत शिक्षार्थियों को अन्वेषण और नवाचार करने का अवसर देगा।

कार्यक्रम का आदर्श वाक्य है- परिवर्तन करना सिखाओ, शिक्षित से सशक्त बनें; और नेतृत्व करना सीखें। विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता को अनुचित उपकार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। संस्थान नए और महान विचारों के लिए प्रयोग और नवप्रवर्तन तभी कर सकते हैं, जब उन्हें स्वायत्तता प्रदान की जाए।

## आप की बात

### छात्रों की आत्महत्या

**राजस्थान** का कोटा शहर अप्रिय घटनाओं के कारण अखबारों में चर्चा में है। देशभर में कोचिंग हब के रूप में पहचान बना चुके कोटा शहर में छात्रों द्वारा आत्महत्या का मुद्दा दिवंगत छात्रों के माता-पिता की चिंता, दुख और शोक तक सीमित नहीं है। कोटा मे कोचिंग ले रहे छात्रों के माता-पिता चिंतित है कि कोचिंग ले रहे छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति क्यों बढ़ती जा रही है। पिछले 2 दिनों में 2 छात्रों ने आत्महत्या कर अपना जीवन समाप्त किया है। जनवरी 2023 से अब तक 18 होनहार छात्र आत्महत्या कर चुके है जोकि राष्ट्र की भी क्षति है। स्थानीय शासन-प्रशासन, मनोवैज्ञानिकों, छात्रों और कोचिंग मालिकों को मिल बैठकर सोचना होगा और इस समस्या का समाधान निकालना होगा। घटते अवसरों तथा गलाकाट प्रतियोगिता के इस युग में कोचिंग क्लासों का धंधा भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए कलंक है। शिक्षाविदों व राजनेताओं को सोचना चाहिए कि आखिरकार अपनी कक्षा में निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ने व संबंधित गतिविधियां करने के बाद छात्रों को कोचिंगों की शरण में क्यों जाना पड़ता है। नई शिक्षा नीति संचालकों को कोचिंग नामक बीमारी समाप्त करने के बारे में विचार करना चाहिए, नहीं तो अनेक छात्र असमय मौत का शिकार होते रहेंगे।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### पाकिस्तान में उथलपुथल

**पाकिस्तानी** प्रजातंत्र की बदकिस्मती ही है कि देश के जन्म से लेकर अब तक वहां सही अर्थों में लोकतंत्र स्थापित नहीं हो पाया और पर्दे के पीछे से सेना ही शासन कर रही है। जब सेना को परेशानी महसूस हुई तो उसने भुट्टो की न्यायिक हत्या से भी परहेज नहीं किया। बीच में तो सैन्य प्रमुख ही तख्ता पलट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। इमरान खान भी उसी मानसिकता का शिकार हुए हैं। उन्हें जेल में डाल कर 3 साल की सजा व 5 साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाना उनके राजनीतिक जीवन को तहस-नहस कर देने के समान है। इमरान खान ने खुद शंका व्यक्त की है कि उनकी भी हत्या की जा सकती है। यह सब उठापटक आगामी चुनावों में इमरान खान को सत्ता से दूर रखने के साथ-साथ सेना की पसंद के दल को सत्ता पर काबिज करने की योजना का ही एक हिस्सा है। पाकिस्तानी जनता जहां गरीबी और भुखमरी के चलते त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है, वहीं पाक सरकार और सेना आतंकियों के पोषण में लगी है। भले ही दुनिया को दिखाने के लिए वहां चुनाव होंगे, मगर कुल मिलाकर सत्ता की कठपुतली सेना के हाथ में ही रहेगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महंगाई से समस्या

**विकास** जरुरी है, परन्तु बढ़ती महंगाई से आम लोगों को राहत भी आवश्यक है। दैनिक जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं के भाव तेजी से बढ़ रहे हैं। आम लोगों पर इससे आर्थिक भार भी बढ़ता जा रहा है। मूल्यवृद्धि से आमदनी होते हुए भी सिकुड़ रही है। सब्जी, दाल, अनाजों व गैस के भाव लोगों को याद आने लग गए हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव निम्न वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग तक पड़ रहा है क्योंकि उनकी आमदनी सीमित होती है। शानोशौकत की चीजें तो दूर, आवश्यक वस्तुओं तक के भावों में काफी वृद्धि हो चुकी है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम करने के उपाय सरकार को करने चाहिए। निश्चित रूप से देश का चौतरफा विकास हो रहा है किन्तु इसका लाभ आम आदमी तक पहुंचना चाहिए। इससे वह अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरी कर अपना जीवनस्तर बढ़ा सकेगा। सरकार जिस प्रकार प्रत्यक्ष व परोक्ष करों, जैसे जीएसटी से अपना राजस्व बढ़ाने का प्रयास करती है, उसी प्रकार उसे संगठित व असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लोगों की आमदनी बढ़ाने तथा उन पर महंगाई का बोझ कम करने का प्रयास करना चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### टहलने का महत्व

**आज** के व्यस्त जीवन की भाग दौड़ में व्यक्ति एक्सरसाइज, योग आदि को भूल चुका है। टहलना न केवल दीर्घ स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। वरन यह लोगों को साथ-साथ रहने का एक अवसर भी उपलब्ध कराता है। जीवन के भागमभाग में आप आज सुबह अकेले टहलने निकल पड़ें तो प्रकृति के वास्तविक रूप का आनंद ले सकते हैं। धरती की हरियाली, ताजी हवा तथा पक्षियों की चचहाहट दिमाग को तरोताजा कर देती है। शांत दिमाग सभी समस्याओं का समाधान खोज लेता है। उसी प्रकार प्रात: काल टहलने के परिणाम स्वरूप आप दिनभर शांत रहकर व स्वयं को खुशनुमा रखकर अपने कार्य निपटाएंगे। समस्याओं के कई नए सलयूशन और पहलू आपके सामने खुलते जाएंगे। यही नहीं परिवार को भी टहलने से आपके व्यवहार में एक सहज सरलता व उत्साह बढ़ा हुआ नजर आएगा जो कि आपके आसपास के हर शख्स को प्रभावित करेगा। इससे बीमारियां आपसे कोसों दूर रहेगी, शरीर का इम्यून सिस्टम व रोग प्रतिरोधक क्षमता स्ट्रांग होगी। टहलने का महत्व दूसरों को भी प्रेरित करेगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# महंगाई के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने किया वॉकआउट

**विधानसभा कार्रवाई**

## पटल पर रखी गई 1980 के मुरादाबाद दंगे की रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मानसून** सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही शांतिपूर्वक चली। महंगाई के मुद्दे पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के एक जवाब से सपा के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। मंगलवार को सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। आज ही विधानसभा में 13 अगस्त 1980 को मुरादाबाद में हुए दंगे की जांच रिपोर्ट विलम्ब के कारणों के साथ पटल पर रखी गयी।

सत्र के दूसरे दिन नेता सदन योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के बीच शिक्षा और बेरोजगारी को लेकर बहस होती दिखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेता विरोधी दल अखिलेश यादव को प्रदेश में बेरोजगारी और शिक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल पर आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा है कि नेता विरोधी दल को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी है। इसी को नियंत्रित करने के लिए हम लोग समान कानून की बात कर रहे हैं। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि समय के साथ समाजवादियों की सोच बदली है। विकास के बारे में सोचना अच्छी बात है और इस पर सोचना भी चाहिए। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के एक सदस्य ने बेसिक शिक्षा के विषय में एक प्रदेशए एक कोर्स और एक मूल्य को लेकर सवाल पूछा था। इसमें एक देश और एक कानून को भी जोड़ देते तो अच्छा होता। सदन में महंगाई के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से वाकआउट किया। सपा के सदस्यों का कहना था कि अनाजों के जो दाम सरकार द्वारा बताए जा रहे है वह बाजार भाव से बिलकुल अलग है। गरीबों की थाली से पहले रोटी अब दाल भी गायब होती जा रही है। दालों की कीमत आसमान छू रही है। सरकार की ओर आया जवाब सदन को गुमराह करने वाला है। समाजवादी पार्टी के सदस्य लालजी वर्मा, मनोज कुमार पारस, पंकज मलिक, शिव प्रताप यादव, मनोज कुमार पांडेय द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में जलशक्तिमंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा सडक काटकर पाइप डालने के बाद जबतक सडको की मरम्मत तब तक उसका भुगतान नहीं किया जाता है। इस प्रक्रिया मे शासनादेश के अनुसार कुछ दिन इंतजार करना पडता है कि पाइप में कोई लीकेज तो नहीं है। उसके उपरांत ही सडक की मरम्मत की जाती है। आज ही विधानसभा में 13 अगस्त 1980 को मुरादाबाद में हुए दंगे की जांच रिपोर्ट विलम्ब के कारणों के साथ पटल पर रखी गयी। अगस्त 1980 में हुए इस दंगें में 83 लोग मारे गए थे और 103 लोग घायल हुए थे। इसकी जांच के लिए एक सदस्यीय सक्सेना जांच आयोग का गठन किया था। आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि दंगे में सरकारी अधिकारी कर्मचारी और हिन्दू उत्तरदायी नहीं है। आयोग ने दंगे में आम मुसलमानों की भूमिका नहीं पाई है। दंगा के लिए मुस्लिम लीग के नेता डॉ. शमीम अहमद और डॉ हामिद हुसैन उर्फ डॉ अज्जी को जिम्मेदार को माना गया है। ईद की नामज़ के बाद साज़िश के तहत नमाजियों के बीच सुअर धकेलने की अफवाह फैलाई गई थी। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार 43 साल के बाद इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के लिए सामने लाई है। रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने का डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वागत किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 1980 के मुरादाबाद दंगों की रिपोर्ट जनता से छिपाई गई थी और इसे पेश किए जाने की जरूरत है। इस रिपोर्ट से प्रदेश ही नहीं देश की जनता को मुरादाबाद दंगों के बारे में सच्चाई जानने में मदद मिलेगी। डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि हर किसी को इस रिपोर्ट का स्वागत करना चाहिए क्योंकि इससे पता चल जाएगा कि दंगा कौन करता है। कौन इसका समर्थन करता है और कौन इसके खिलाफ लड़ता है।



## सपा मुखिया अखिलेश ने बेरोजगारी पर उठाया सवाल



**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को विधानसभा में जबरदस्त तरीके से बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी को लेकर बहुत से बातें रखी हैं लेकिन मैं सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि 2017 से लेकर 2022 तक जो 15 साल का एज ग्रुप है उसमें कितनी संख्या बढ़ गई है क्या उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए और उन्हें नौकरी दिलाने के लिए आपकी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी बेरोजगारी लोगों की संख्या बताएगी ? सपा मुखिया अखिलेश यादव का यह सवाल सत्ता पक्ष के विधायकों को रास नही आया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इस सवाल का जवाब देने के लिए स्वयं उठ खड़े हुए और समाजवादी पार्टी को ही निशाने पर लेते हुए कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि समाजवादी पार्टी के लोग भी अब जनसंख्या के बारे में सोचने लगे हैं।

## कांग्रेस विधायक ने उठाया बाढ़ व सूखा प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का मुद्दा

**लखनऊ।** विधानसभा में बोलते हुए आराधना मिश्रा मोना ने कहा की किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और अपने परिश्रम से पूरे देश का पेट भरते हैं। प्रदेश में अनियमित वर्ष की वजह से किसान, कहीं बाढ़ एवम कहीं सूखा दोनों की मार को झेल रहा है। प्रदेश में 41 जनपद ऐसे हैं जहां जून से अब तक बारिश बहुत कम हुई है जिसकी वजह से खरीफ फसल की रोपाई तय लक्ष्य से बहुत पीछे हैए तो कहीं बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ हमारी मांग है कि जहां कम बारिश हुई है वहां सूखाग्रस्त घोषित करने, तथा बाढ़ से हुई क्षति से पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाए। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश में रुहेलखंड धान उत्पादन में अग्रणी क्षेत्र है लेकिन कम वर्षा के कारण पीलीभीत और पूर्वांचल के संत कबीर नगर, मऊ, मिर्जापुर, देवरिया, कुशीनगर, कौशांबी ऐसे जिले हैं। जहां 99 फीसदी तक कम बारिश हुई है जिसकी वजह से धान की रोपाई नहीं हो पा रही हैं और 33 जिले जो पूर्वांचल से लेकर मध्य उत्तर प्रदेश, अवध क्षेत्र तक आते हैं, जहां भी वर्षा काफी कम हुई है। जिसकी वजह से खरीफ में तय लक्ष्य 96.20 लाख हेक्टेयर के मुकाबले मात्र 78.71 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में ही बोआई हो सकी है। इस साल धान का रकबा 58.50 लाख हेक्टेयर रखने का लक्ष्य था जो 27 जुलाई तक मात्र 50.35 लाख हेक्टेयर तक की हासिल किया जा सका है। जिसका कारण जलाशयों में पानी की भारी कमी है सिंचाई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में स्थित 71 जलाशयों की फुल पानी की क्षमता 10883.67 डब्ब है लेकिन इन जलाशयों में पानी की उपलब्धता मात्र 2868.41डब्ड ही है जिस वजह से सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

## साइबर क्राइम को लेकर भी योगी सरकार अपना रही जीरो टॉलरेंस पॉलिसीः खन्ना

● 2022 से मार्च 2023 तक साइबर क्राइम के दर्ज किए गए 13155 केस 4372 में दायर हुई चार्जशीट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में विपक्ष द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है, जिसका नतीजा ये हुआ है कि प्रदेश में अपराधों की संख्या में गुणात्मक सुधार आया है। इसी तर्ज पर योगी सरकार साइबर क्राइम को लेकर भी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत कार्य कर रही है। प्रदेश में साइबर क्राइम को लेकर जहां भी सूचना मिलती है, वहां पर न सिर्फ केस रजिस्टर किया जाता है बल्कि प्रभावी कार्रवाई को भी अंजाम दिया जाता है। विधानसभा में मंगलवार को एक सवाल के जवाब में सरकार की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने एक सवाल के जवाब में विधानसभा में कहा कि साइबर क्राइम के मामलों में हुई कार्रवाई के परिणाम बताते हैं कि हम काम कर रहे हैं। जहां कहीं भी सूचना मिलती है वहां मुकदमे भी दर्ज होते हैं और उस पर कार्रवाई भी होती है। 2022 से मार्च 2023 तक साइबर क्राइम के 13155 केस दर्ज किए गए हैं। इस दौरान 4372 में चार्जशीट दायर हुई है। 4606 में फाइनल रिपोर्ट लगाई जा चुकी हैए 45 खारिज हुएए जबकि 7570 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसमें 89 करोड़ 45 लाख 67 हजार 617 रुपए की रिकवरी भी की गई। ये उदाहरण है कि जहां कहीं भी साइबर क्राइम की सूचना मिलती है उसे रजिस्टर करके कार्रवाई की जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब से प्रदेश में योगी सरकार आई है तब से अपराधों में कमी हुई है। जहां अपराध हुए हैंए वहां सख्त से सख्त सजा दी गई है। कुछ मामलों में ऐसी सजा दी गई है जो उदाहरण प्रस्तुत करती है। एनसीआरबी का आंकड़ा हो या लोकल आंकड़ा, अपराधों के प्रति सरकार ने जो जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है वो पूरी तरीके से चरितार्थ किया गया है।

## गिरते भूजल के प्रति सतर्क और सजग है प्रदेश सरकारः स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** में भूजल पर विपक्ष द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देच सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोगों तक शुद्ध पीने योग्य पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ.साथ योगी सरकार भूगर्भ जल के संरक्षण को लेकर भी सजगता से कार्य कर रही है। सरकार ने भूगर्भ जल स्तर की गिरावट को रोकने के लिए अनेक उपाय किए हैं, जिनमें जल संचयन और भूगर्भ जल रिचार्ज के साथ.साथ भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण,प्रबन्धन एवं नियमन पर गंभीरता से कार्य किया गया है। मंगलवार को सरकार की ओर से भूगर्भ जल स्तर में गिरावट को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

विधानसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रदेश में गिरते हुए जल स्तर की समस्या के निदान के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 10 जनपदों चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, झांसी, मुजफ्फरनगर, शामली, ललितपुर, महोबा, बागपत एवं मेरठ में अटल भूजल योजना लागू की गई है। इसके अन्तर्गत विभिन्न सम्बन्धित कार्यदायी विभागों द्वारा कन्वर्जेन्स के माध्यम से अपनी.अपनी योजनाओं के अधीन वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज के विभिन्न कार्य कराये जाते हैए जिनमें चेकडैम का निर्माणए तालाबों का जीर्णोद्धार, आन.फार्म हार्वेस्टिंग, मेढबन्धी, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि संरचनाओं के कार्य सम्मिलित है। अटल भूजल योजना के तहत प्रदेश के अवशेष 65 जनपदों को आच्छादित करते हुए उत्तर प्रदेश अटल भूजल योजना लागू की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के समस्त जनपदों में लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम का निर्माण एवं तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जाता है।

## फसलों की सिंचाई में किसी प्रकार का संकट नहीं आयेगाः एके शर्मा

● किसी भी व्यक्ति को अब विद्युत कनेक्शन लेने में कोई व्यवधान नहीं पड़ता



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को विधान सभा में समाजवादी पार्टी के सदस्य लालजी वर्मा द्वारा निजी नलकूप के लिए किसानों को नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन देने को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए सदन में कहा कि किसानों की फसलों की सिंचाई को लेकर ऊर्जा विभाग पूरी तरह से सतर्क है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा और कृषि विभाग सिंचाई के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के मामले में किसी प्रकार का संकट नहीं आयेगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग सिंचाई की सुविधा हेतु किसानों के निजी नलकूपों को उनकी जरूरतों के हिसाब से संयोजन दे रहा है। यहां तक कि प्रदेश के डार्क जोन में भी किसानों को निजी नलकूप हेतु कनेक्शन दिये गये हैं। अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक एक वर्ष में 86425 निजी नलकूप कनेक्शन दिये गये। अप्रैल 2023 से विगत चार महीनों में 14000 निजी नलकूप कनेक्शन दिये गये हैं। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के उपभोक्ताओं को विगत चार महीनों में झटपट पोर्टल के माध्यम से 444434 नये कनेक्शन दिये गये हैं। किसी भी व्यक्ति को अब विद्युत कनेक्शन लेने में कोई व्यवधान नहीं पड़ता। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से कनेक्शन दिये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष की भीषण गर्मी में बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ गयी थी। यहां तक कि अभी जुलाई में 28824 मेगावाट पीक डिमांड रही है। इसके पहले वर्ष 2012 से 2017 तक 12000 से 13000 मेगावाट पीक डिमांड रही। वर्ष 2016.17 में ही अधिकतम पीक डिमांड 16000 मेगावाट थी। इसी प्रकार 01 अप्रैल 2017 में विद्युत ट्रांसफार्मर की कुल संख्या 1207541 थीए जबकि आज दोगुना से भी ज्यादा बढ़कर 2636333 ट्रांसफार्मर हो गयी है। उन्होंने कहा कि विद्युत की अत्यधिक मांग के कारण ट्रांसफार्मर व तारों में लोड बढ़ गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति में व्यवधान होता है। जर्जर तारों को बदलने और ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य लगातार चल रहा है। विगत चार महीनों में 5288 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गयी। 801 नये सब स्टेशन बनाये गयेए 6845 किमी. एबी केबिल लगायी गयी। गत वर्ष की अपेक्षा ट्रांसफार्मर जलने में भी कमी आयी है। अभी तक 0.55 प्रतिशत ही ट्रांसफार्मर जले हैं। जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य लगातार चल रहा है।

## विधानसभा में पेश किए गए 11 विधेयक

**लखनऊ।** विधानसभा में मंगलवार को कुल 11 विधेयक पेश किए गए। पेश किए गए विधेयकों में प्रमुख रूप से यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन का विधेयक, यूपी कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक, उत्तर प्रदेश दंड विधि संशोधन विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि विधेयक, नगरपालिका संशोधन विधेयक, उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी संसोधन विधेयक, निजी विश्वविद्यालय विधेयक, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय द्वितीय संशोधन विधेयक, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक सदन में पेश। इसके अलावा प्रमुख सचिव रैंक के सेवारत या अवकाश प्राप्त अफसर भी बन सकेंगे आयोग के अध्यक्ष, विश्वविद्यालयों के कुलपति और पूर्व कुलपति 3 वर्ष के प्रशासनिक अनुभव के साथ बन सकेंगे। आयोग के अध्यक्ष, किसी विश्वविद्यालय में 10 वर्ष तक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहे सेवानिवृत्त शिक्षक भी बन सकेंगे। आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष के साथ 12 सदस्य नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव, निगमित निकाय के तौर पर आयोग का मुख्यालय होगा प्रयागराज। यूपी उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग और माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग बोर्ड का स्टाफनए आयोग मे होगा स्थानांतरित। सचिव रैंक के सेवारत या सेवानिवृत्त अफसर बन सकेंगे सदस्य, एक सीट न्यायिक सेवा जिला न्यायाधीश स्तर के अफसर को दिया जाएगा। एक पद पर माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त निदेशक और एक पद पर बेसिक शिक्षा में संयुक्त निदेशक या ऊपर के अफसर की होगी तैनाती। आयोग में 6 सदस्य शिक्षाविद होंगे, यूपी सरकार ने यूपी कैबिनेट से आयोग के गठन को दी थी मंजूरी। यूपी में शिक्षकों के चयन और भर्ती संबंधी मामलों को देखेगा आयोग।

## सीमा के निकट बहुउद्देशीय हब के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएः मुख्य सचिव


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय व अन्तरराज्यीय सीमा के निकट बहुउद्देशीय हब का निर्माण कर उच्चतम गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाई जाए। ये हब राज्य की छवि को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। बहुउद्देशीय हब के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य में भी तेजी लाई जाए। आवास विभाग द्वारा अधिग्रहीत भूमि का ले-आउट प्लान तैयार कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किए जाने वाली सुविधाओं के लिए भूमि का आवंटन किया जाए। मुख्य सचिव मंगलवार को प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय व अंतरराज्यीय सीमा पर बहुउद्देश्यीय हब के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सीमा पर प्रवेश पर लोग अच्छा महसूस करें और वापस प्रदेश की अच्छी छवि लेकर जाएं। उन्होंने निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय हब को पहचान देने और ब्राण्डिंग के लिए एक अच्छा नाम रखने का सुझाव दिया। राज्य की सीमा पर स्थित विद्यालय, अस्पताल, बस स्टैण्ड, किसान मंडी, बाजार, मॉल, पर्यटक सुविधाओं व अन्य सुविधाओं का आवश्यकतानुसार उन्नयन व नवनिर्माण कराया जाए और उनके साइनेजज मार्गों पर लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 जनपदों के बार्डर पर गेट के निर्माण में तेजी लाई जाए। जिन गेट के निर्माण के लिये एनएचएआई स्तर पर एनओसी अपेक्षित है, उनमें एनएचएआई से संपर्क व समन्वय कर यथाशीघ्र एनओसी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाए। उन्होंने आगरा-जयपुर बार्डर पर भी एक गेट बनाने का सुझाव दिया।

# किसानों के मुद्दे पर वेल में आकर की नारेबाजी व सदन से बहिष्कार

**विधान परिषद की कार्यवाही**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मानसून** सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। प्रश्नकाल के दौरान किसानों के मुद्दे पर सपा ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के जवाब से असंतुष्ट होकर वेल में सभापति के आसन के सामने आकर सरकार विरोधी नारेबाजी और सदन से वाकऑउट किया।

विधान परिषद सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर प्रारम्भ होने पर सदस्यों ने तत्संबन्धित मंत्रियों से प्रश्न पूछे। प्रश्नों के क्रम में सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-2023 तथा 2023-2024 में किसानों की आय में वृद्धि के लिए कार्य योजना के संबंध में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से प्रश्न किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों के हित में तमाम योजनाएं चल रही है, किसानों की आय धीरे-धीरे बढ़ रही है, उन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है।

अनुपूरक प्रश्नों में सदस्य ने आलू की फसल से किसानों की आय में सरकार द्वारा वृद्धि की क्या योजनाएं है। इसके बारे में जानना चाहा। साथ ही सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी सरकार से कार्य योजना के बारे में जानकारी चाही। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सदस्य वेल में सभापति के आसन के सामने आ गए और सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी प्रारंभ कर दी। सभापति ने उन्हें शांत कराने का प्रयास किया और वापस अपने स्थान पर बैठने को कहा लेकिन सपा सदस्य नहीं माने और नारेबाजी करते रहे। इसके बाद सपा सदस्यों ने सदन का त्याग किया।

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने उप्र में समाज कल्याण विभाग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भागीदारी भवन, लखनऊ में निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था के संबंध में समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण से प्रश्न किया। अनुपूरक प्रश्नों में मंत्री ने जानकारी चाही जिस पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इसे दिखवा लेने के निर्देश दिए।

नियम-39 के अन्तर्गत भाजपा के उमेश कुमार द्विवेदी ने विधायक आवास दारूलशफ ा में व्याप्त अतिक्रमण व सुरक्षा व्यस्था आदि समस्याओं का निदान काराये जाने के संबंध में सूचना दी। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना को अग्राह्य करते हुए सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सपा के आशुतोष सिन्हा ने औचित्य का प्रश्न उठाते हुए उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के पूर्व सदस्यों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से गनर प्रदान किए जाने के संबंध में सूचना दी। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना को सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

नियम 59 (9) के अन्तर्गत डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों की समितियों में विधान परिषद के नामित सदस्यों को बैठकों में नहीं आमंत्रित किए जाने पर सरकार द्वारा आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सूचना दी। सभापति ने सूचना को सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। नियम 105 कार्यस्थगन के रूप में सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, नरेश चन्द्र उत्तम, डा. मानसिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, जासमीर अंसारी एवं शहनवाज खान ने 15 जुलाई 2023 को राली चौहान, मेरठ के नजदीक कांवडिया श्रद्धालुओं की करंट लगने से हुई मृत्यु का मामला उठाते हुए मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी एव घायलों की भी आर्थिक मदद किए जाने की मांग की। सूचना की ग्राह्यता पर मुकुल यादव, आशुतोष सिन्हा, शहनवाज खान एवं नरेश चन्द्र उत्तम ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराते हुए बताया कि सरकार पहले ही सभी मृतकों के परिजनों को छह-छह लाख रुपए मुआवजा दे चुकी है। सरकार की संवेदनाएं सभी पीड़ित परिवारों के साथ है। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के सहायिक शिक्षकों की समस्याओं का निदान कराए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राह्यता पर त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किए। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अधिष्ठाता डा. सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। अधिनियमों को सदन की मेज पर रखा गया। कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। अधिष्ठाता डॉ. सरोजनी अग्रवाल ने 3:25 बजे सदन की बैठक 9 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## सभी खेलों में यूपी की एक से अधिक टीमें बनाई जाएंः मोहसिन रजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** एमएलसी व प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने सदन के माध्यम से सरकार से उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा खेले जा रहे समस्त खेलों में प्रदेश की एक से अधिक यथासंभव टीम बनाए जाने की मांग रखी है।

पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने खेलों में उत्तर प्रदेश की सहभागिता बढ़ाई जाने के लिए प्रदेश की एक से अधिक संभव टीम बनाई जाने की मांग विधान परिषद में रखी। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश देश का आबादी के लिहाज से सांस्कृतिक रूप से समृद्ध व पर्यटन के क्षेत्र में भी बहुत आगे है। इसी साल हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ के प्रस्ताव आए, जिसमें खेल के क्षेत्र में भी निवेश आए हैं। उत्तर प्रदेश का युवा खेल के क्षेत्र में अपनी पूर्ण क्षमता तथा ऊर्जा लगाता है। जिसका जीता जागता प्रमाण हमें अभी हाल में खेलो इंडिया के तहत यूनिवर्सिटी गेम्स में आयोजित खेलों में देखने को मिला है। मोहसिन रजा ने देश के सभी खेल बोर्डों और संघों से यह मांग की है कि उत्तर प्रदेश को समस्त खेलों में एक से अधिक टीमों को खेलने का अवसर दिया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि गुजरात व महाराष्ट्र से एक से अधिक टीम रणजी क्रिकेट खेलती हैं। उत्तर प्रदेश की ज्यादा टीमें खेलती तो निश्चित तौर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश से खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या अधिक होती।

मोहसिन रजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को यदि आबादी के अनुपात में पर्याप्त मात्रा में अवसर प्राप्त होगा तो राज्य एवं देश खेल के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों प्राप्त करेगा। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा खेले जा रहे समस्त खेलों में प्रदेश की एक से अधिक यथासंभव टीम बनाए जाने की मांग रखी है।

## शिक्षक नेताओं व मंत्रियों के साथ बैठकर टीचरों की समस्याएं सुलझाए सरकार

● विधान परिषद में सभापति ने नेता सदन को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में सभापति ने सरकार को निर्देश दिए कि वह उच्च और माध्यमिक शिक्षा मंत्री के साथ शिक्षक नेताओं और शिक्षकों की वृहद बैठक कराकर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराए। सदन में कार्यस्थगन के तहत उठाई गई समस्याओं पर सभापति ने यह व्यवस्था दी। उन्होंने नेता सदन से कहा कि शिक्षक और स्नातक एमएलसी, तदर्थ शिक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ सभी मुद्दों को लेकर यह बैठक रखी जाए। शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने तदर्थ शिक्षकों के वेतन, पुरानी पेंशन, संस्कृत और मदरसा शिक्षकों की 16 सूत्रीय समस्याएं गिनाईं और कहा कि शिक्षक इनको लेकर प्रदर्शन करने जा रहे हैं। वहीं निर्दल समूह के नेता राज बहादुर सिंह चंदेल उच्च शिक्षा में कार्यरत संविदा शिक्षकों के मानदेय का मुद्दा उठाया। कई अन्य सदस्यों ने भी हस्तक्षेप करते हुए कहा कि वेतन के अभाव में तदर्थ शिक्षकों के सामने भीखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस पर सभापति ने नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बैठक के संबंध में निर्देश दिए।

# कटान प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने खीरी पहुंचीं आयुक्त

● आयुक्त ने विस्थापित परिवारों से की मुलाकात जाना कुशलक्षेम

● अवशेष 22 विस्थापित परिवारों को जल्द बसाए तहसील प्रशासनः आयुक्त

● नक्शे पर आयुक्त ने समझी पूरी वस्तुस्थिति



**लखीमपुर खीरी।** कटान प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने के उद्देश्य से मंगलवार को आयुक्त, लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब जनपद खीरी पहुंची, जहां उन्होंने डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम संग तहसील सदर व गोला के कटान प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। विस्थापित परिवारों को प्रशासन से उपलब्ध कराई जा रही सहायता की जमीनी हकीकत जानी। सर्वप्रथम आयुक्त डॉ रोशन जैकब डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ तहसील सदर, ब्लाक फूलबेहड़ के मिलपुरवा बंधे पर पहुंची, जहां उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया। आज रात पानी बढ़ा है, परंतु किसी भी घर में जलभराव नहीं है। आयुक्त के पूछने पर एसडीएम ने बताया कि अहिराना के 97, नरहर.03, गूम.02 कट गए। प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों को अनुमन्य सहायता उपलब्ध करा दी है। विस्थापित परिवारों को श्रीनगर में जमीन देकर बसाया गया है। अवशेष 22 विस्थापित परिवारों को जमीन दी जायेगी। आयुक्त ने निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को बसाकर उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। निर्देश दिया कि गांव में छिड़काव कराए, स्वास्थ्य टीमें परीक्षण करते हुए दवाएं वितरित करें। एसडीएम को निर्देश दिए कि भविष्य में बाढ़ की संभावनाओं के दृष्टिगत सभी मुकम्मल तैयारियां सुनिश्चित करते हुए पूरा प्लान चॉकआउट कर लें। सिंचाई महकमे के अफसरों ने नक्शे पर आयुक्त को पूरी वस्तुस्थिति बताई।

आयुक्त ने डीएमए एसपी के साथ ग्राम श्रीनगर में विस्थापित परिवारों को बसाए गए स्थल पहुंची, जहा स्थलीय निरीक्षण कर विस्थापित परिवारों से संवाद कियाए उनका कुशलक्षेम जाना। ग्रामवासियों ने प्रशासन के प्रयासों को सराहा। प्रशासन से 22 और परिवारों को बसाने के लिए कार्ययोजना जानी। निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को बसाने के लिए सर्वे कराते हुए जमीनों का चिन्हांकन कराए। इस दौरान ईई बाढ़ खंड राजीव कुमार, ईई खंड शारदानगर जेपी सिंहए बीडीओ फूलबेहड़ पीयूष सिंह, सीओ गोला प्रवीण यादव, प्रधान (जंगल नंबर.11) तेज लाल निषाद, प्रधान (करदहिया मानपुर) प्रीतम यादव, प्रधान (गूम) राजकिशोर, ब्लॉक प्रमुख प्रति विश्वनाथ सिंह मौजूद रहे।

लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ रोशन जैकब डीएम, एसपी, सीडीओ संग तहसील गोलाए ब्लॉक बिजुआ के ग्राम बझेड़ा पहुंची, जहां उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा कराए आपातरोधी कार्य का अवलोकन किया। आयुक्त ने ग्रामीणों से उनका फीडबैक जाना। ग्रामवासियों ने आयुक्त के समक्ष प्रशासन के प्रयासों को सराहा। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि सिंचाई विभाग ने समय रहते आपातरोधी कार्य कराए। इसी कारण आज उनका पूरा गांव सुरक्षित है। आयुक्त के पूछने पर ईई बाढ़खंड राजीव ने बताया कि बझेड़ा में फ्लड फाइटिंग, इरोजन वर्क, कटावरोधी कार्य करते हुए गांव सुरक्षित किया। वर्तमान में ग्राम समूह की आबादी कटान से पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसपर आयुक्त ने सिंचाई महकमे की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि इसकी सतत् निगरानी एव पर्वेक्षण किया जाए। आयुक्त के पूछने पर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि ग्राम कोरियाना में 31 (21 पक्के एवं 10 कच्चे घर), नयापुरवा में 19 (17 पक्के, 02 कच्चे) मकान कट गए।

# जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

● एसडीएम एवं सिटी मजिस्ट्रेट कमेटी गठित कर भिक्षावृत्ति उन्मूलन तथा बाल श्रम उन्मूलन के अन्तर्गत अभियान चलाकर करें कार्यवाहीः डीएम

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बाल सेवा योजना सामान्य तथा कोविड 19 की जिला टास्क फोर्स मिशन वात्सल्य के अंतर्गत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सखी वन स्टॉप सेंटर एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला टास्क फोर्स की सहित पीड़ित महिलाओं सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु नये आवेदानों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली।

जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने कमेटी के समक्ष कोविड.19 के अंतर्गत चयनित 4 नवीन बच्चो के आवेदनों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत चयनित 157 नवीन बच्चों के आवेदनों को स्वीकृति हेतु कमेटी के समक्ष रखा। उन्होने बताया कि सभी बच्चों की पात्रता जांच नियमानुसार कर ली गई है। श्री गौरव ने पीपीटी के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटरए मिशन वात्सल्यए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की प्रगति से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदनों की पात्रता की जांच के सम्बन्ध में भी प्रोबेशन अधिकारी से जानकारी ली। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य तथा कोविड.19 के लाभार्थियों की पात्रता की जांच गहनता पूर्वक करने के उपरांत ही स्वीकृति हेतु कमेटी के समक्ष रखा जाए। उन्होने निर्देश दिए कि मानसिक मंदित् महिलाओं एवं पुरुषों हेतु जिला चिकित्सालय में अलग से वार्ड का व्यवस्था की जाये तथा सखी वन स्टॉप सेंटर पर एक महिला उपनिरीक्षक 06 महिला होमगार्ड की तैनाती की जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशन में कमेटी गठित कर निरंतर भिक्षावृत्ति उन्मूलन तथा बाल श्रम उन्मूलन के अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने पास्को के अंतर्गत पीड़ित बालिकाओं का मेडिकल वरीयता के आधार पर निर्धारित समयावधि में कराए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अमितेश अमित द्विवेदी द्वारा अवगत कराया कि लखनऊ में बालिका गृहों में क्षमता न होने के कारण सोनभद्र भेजे जाने का आदेश किया गया था वर्तमान में यह पूरा प्रयास किया जा रहा है की जनपद शाहजहांपुर की बालिकाओं को लखनऊ में ही निरुद्ध कराया जाए। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने निर्देशित करते हुये कहा कि बालिकाओं को सोनभद्र भेजने के बजाय पास मे ही स्थित बालिका गृहों में उन्हे निरूद्ध कराना सुनिश्चित करें।

# मेरी माटी-मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान का किया जाएगा आयोजन

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में केंद्र सरकार की मेरी माटी–मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान को बड़े स्तर पर आयोजित करने की रुपरेखा बना ली गई है। इन कार्यक्रमों का शुभारम्भ 9 अगस्त से करने की तैयारी कर ली गई है। पहले चरण में पंच प्रण के जरिए स्वाधीनता की अलख जगाई जाएगी। इस दौरान ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों सहित औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचप्रण से संबंधित शपथ लेगें और स्वतंत्रता के अब तक सफर को लेकर गौरवान्वित हो सकेगें। केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की जो अवधारणा तय की गई है उसमें कुल पांच लक्ष्यों को प्रण के रुप में तय किया गया है। विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता व एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना के लिए प्रायसरत रहना एंव देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अधिकारियों, व्यापारियों संग बैठक की। डीएम ने बताया की जनपदवासी पंचप्रण की शपथ लेते हुए भारत सरकार की वेबसाइट पर पर सामूहिक और एकल सेल्फी अपलोड कर सकते है। डीएम अनुज सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में 14 व 15 अगस्त को आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। डीएम ने बताया की 14 अगस्त को प्रात: 7.30 बच्चों की दौड़ आयोजित की जाएगी। 9 बजे मलिन बस्ती की सफाई एंव प्रात: 10.00 से दिव्यांगों की तिपहिया दौड़ और भाषण निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। 15 को प्रात: 6 बजे मंदिर मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरिजाघर में सामूहिक प्रार्थना और फिर सात बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

# मानसिक बीमारियों से बचाव के लिए भरपूर नींद जरूरीः डॉ. अखिलेश शुक्ला

● सीएचसी गोला में मानसिक जागरुकता शिविर में मानसिक रोगियों को मिला इलाज



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अधीक्षक, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला डॉ. गणेश के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य व इससे जुड़ी अन्य बीमारियों के रोकथामए बचाव और इलाज पर अपने विचार रखे।

मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने 90 विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय उपचार प्रदान किया। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए व्यक्ति को नींद 6 से 8 घंटे लेना जरूरी है। प्रतिदिन व्यायाम, साफसफाई, शुद्ध और ताजा भोजन, धूम्रपान का सेवन न करना समेत अन्य जरूरी आदतों को को अपने दैनिक जीवन में जरूर शामिल करना चाहिएए इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा 10 मानसिक मंदित व्यक्तियों का मानसिक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय ने जनसामान्य को मानसिक बीमारियों के लक्षणों जैसे. नींद न आनाए उलझनए घबराहटए मिर्गी के दौरेए डिप्रेशनए सिर में दर्दए चक्कर आनाए आत्महत्या के विचार आनाएअपने आप से बात करनाए शक करनाए भूत प्रेत की छाया दिखनाए डर लगनाए पढ़ाई में मन न लगना आदि के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमजन मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी चिकित्सकीय उपचार व परामर्श के लिए जिला चिकित्सालयए मोतीपुर ओयल में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक आने की सलाह दी। शिविर में उपस्थित लोगों को फॉलोअप वा परामर्श के लिए जिला चिकित्सालय के मानसिक स्वास्थ्य हेल्प लाइन नंबर 9120984643 पर एवं किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या होने पर परामर्श के हेतु टेली मानस हेल्प लाइन नंबर 14416 पर संपर्क करने की सलाह दी गई।

# तालाब में डूबे ग्रामीण की मौत

**सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत से सटे ग्राम पंचायत के तालाब में मंगलवार की दोपहर तालाब में डूबने से शंभू की मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव को तलाश कर बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क़स्बे के वार्ड नं दो के निवासी शम्भू (30) पुत्र श्रीपाल दोपहर करीब 3 बजे भेरौड़ा ग्राम पंचायत के पुरैना तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी मे चले गए। और पानी मे डूबने लगा। आसपास के लोगों ने शोर मचाया लेकिन ग्रामीणों के आने तक वह डूब चुका था। ग्रामीणों नाव और रस्सी की मदद से खोज बीन शुरू की। तालाब गहरा और पानी अधिक होने के कारण किसी प्रकार से काफी मशक्कत के बाद शव को निकाला जा सका। प्रभारी थानाध्यक्ष संजीत तिवारी, हल्का लेखपाल जगदीश परसाद भी मौके पर पहुंच गए। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### खाली प्लाट में बंधी गाय और बछड़े के साथ दुष्कर्म

**बरेली।** एक शिक्षक के खाली प्लाट में बंधी गाय और बछड़े के साथ रात के समय अज्ञात लोगों ने दुष्कर्म किया सुबह होने पर घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ मौके पर लग गई गाय और बछड़े को इलाज के लिए अस्पताल भेज कर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुट गई ।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गणेश नगर निवासी मनोज मिश्रा प्राइवेट स्कूल में अध्यापक हैं आजमगढ़ की घटना के बाद आज सभी प्राइवेट स्कूल बंद थे जिसके चलते वह अपनी ड्यूटी पर नहीं गए थे और घर पर ही थे उन्होंने बताया कि उनका एक खाली प्लाट सर्वोदय नगर में स्टेट बैंक के पास है जिसमें वह अपनी गाय और बछड़ा बांधते है बीती रात लगभग 11 बजे वह गाय और बछड़े को बांधकर आए थे लेकिन रात में अज्ञात लोगों ने प्लांट में ही शराब और बीयर पीने के बाद उनकी गए और बछड़े के साथ दुष्कर्म किया सुबह होने पर लगभग 6 बजे वह प्लाट पर गाय और बछड़े को देखने पहुंचे तब उन्होंने देखा कि खाली प्लाट पर बीयर और शराब की खाली बोतल जमीन पर पड़ी है और गाय और बछड़े की हालत खराब है उन्होंने घटना की जानकारी आसपास रहने वाले लोगों को दी कुछ देर बाद ही लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और गाय और बछड़े को करेली स्थित अस्पताल ले जाया गया घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरूकर दी।

### युवक ने किला नदी में लगाई छलांग नहीं लगा सुराग

**बरेली।** एक अज्ञात व्यक्ति ने आज दोपहर किला नदी में छलांग लगा दी नदी किनारे कपड़े धो रहे तीन बच्चों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से व्यक्ति को तलाश किया लेकिन काफी तलाश में के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला । किला थाना क्षेत्र में मिनी बाईपास स्थित किला नदी में एक अज्ञात व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में छलांग लगा दी इस दौरान नदी किनारे मुदित, विनित समेत तीन बच्चे कपड़े धो रहे थे तीनों बच्चों ने बताया उनकी नजर जब व्यक्ति पर पड़ी तो उसकी सिर्फगर्दन दिख रही थी। वह चीखते-चिल्लाते सड़क पर पहुंचे और राहगीरों को घटना के बारे में बताया कुछ ही देर में थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन तब तक युवक पानी में लापता हो चुका था आनन फानन में गोताखोरों को बुलाकर अज्ञात व्यक्ति को तलाश गया, लेकिन चार घंटे बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला अज्ञात व्यक्ति के नदी में डूब जाने की खबर पल भर में आग की तरह फैल गई मौके पर तमाम राहगीर एकत्र हो गए गोताखोरों ने तलाश करने के तमाम प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली किला इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है ।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दो पशुओं की मौत

**बरेली।** बैलगाड़ी में जुड़े दो पशुओं की ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन बिजली की तार की चपेट में आने से मौत हो गई गाड़ी चला रहे दो ग्रामीण बुरी तरह झुलस गए पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और कार्रवाई शुरू कर दी। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव ज्योति जागीर निवासी सुरेंद्र पाल और यहीं के रहने वाले लीलाधर को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र पाल और लीलाधर आज सुबह लिप्टिस की लकड़ी लेने के लिए खेत पर जा रहे थे दोनों अलग-अलग बैल गाड़ियों को चला रहे थे लेकिन जब उनकी वैल गाड़ी नवादा ब्रह्मनान गांव के पास पहुंची तभी ऊपर से गुजर रहा था बिजली का हाई टेंशन तार उनके ऊपर गिर पड़ा और सुरेंद्र पाल व लीलाधर बुरी तरह झुलस गए उनकी बैलगाड़ी में जुड़े दोनों पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ग्रामीणों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया मामले की जांच शुरू करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

### अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया काला दिवस

बरेली । अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने सामान्य जाति पर हो रहे पक्षपात को लेकर जताया विरोध। त्रिभुवन शर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया।अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया और बताया कि भारत में सामान्य जातियों के प्रति हो रहे पक्षपात पूर्ण रवैया से उनका संगठन नाराज है भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है इस देश में बिना लैंगिक भेदभाव बिना जातीय धार्मिक भेदभाव के समान अवसर मिलने का अधिकार है बड़े दुख की बात है कि हमारे सांसद वोट बैंक के लालच में अनेक जातियों के अलग-अलग समूह बनाकर बोर्ड हासिल करने की नीति में लगे हुए हैं जिससे हमारे सामान्य जाति के युवाओं मजदूर किसानों महिलाओं छात्रों को न्याय नहीं मिल पा रहा है यहां तक की स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उनके संग अन्यायपूर्ण रवैया बनाया जा रहा है उन्होंने बताया कि आपको याद होगा सन 1990 में 22.50 प्रतिशत आरक्षण था जो जो 8 अगस्त 1990 को मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर 27 प्रतिशत कर दिया गया।

# नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने प्रात: काल मोण् जियाखेल व बहादुरंज मार्ग की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने मोण् जियाखेल में पार्षद वेद प्रकाश मौर्य के साथ क्षेत्र के मार्गए गलियों एवं नालियो का निरीक्षण कर सफाई की स्थिति को देखा। निरीक्षण के समय स्वच्छता कर्मी कार्य करते हुए पाए गए। उपस्थित क्षेत्रिय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चंद्रवीर सिंह सागर व सफाई नायक को निर्देशित किया कि आमजन की सुविधा हेतु सफाई के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इसके उपरांत बहादुरंज मार्ग व बहादुरंज स्थित पिंक टॉयलेट में भी सफाई की स्थिति को देखा गया। सफाई रखने के विशेष निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय क्षेत्रिय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव वर्मा उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ की घटना को लेकर एक दिवसीय स्कूलों की हड़ताल

**बरेली ।** आजमगढ़ के चिल्ड्रेन गर्ल्स कालेज में बीते 31 जुलाई को छात्रा के पास मोबाइल पकड़े जाने पर छात्रा ने स्कूल बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी उस मामले में स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लिया गया है ।इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन इसका विरोध करती है इसके विरोध में पूरे उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में एक दिन की हड़ताल करते हुए स्कूल इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष पारुष अरोरा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया ।अध्यक्ष पारुष अरोरा ने कहा आजमगढ़ के चिल्ड्रेन गर्ल्स कालेज में बीते 31 जुलाई को छात्रा के पास मोबाइल पकड़े जाने पर जो घटना हुई है घटना तदोपरान्त उस विद्यालय के प्रधानाचार्या और शिक्षक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह घटना बहुत ही दुखद है व हम सभी भगवान से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दे और अभिभावक को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। साथ हम बरेली के



समस्त निजी स्कूल प्रबन्धक, प्रधानाचार्य व शिक्षकगण आजमगढ़ के उक्त स्कूल के प्रधानाचार्या व शिक्षक की गिरफ्तारी से क्षुब्ध व चिंतित हैं कि भविष्य में अगर हमारे साथ इस तरह की घटना हो जाए तो हमें भी बिना जाँच हुए गिरफ्तार होना पड़ेगा व कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। जिला अधिकारी के माध्यम से हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि आजमगढ़ के उक्त स्कूल के प्रधानाचार्या व शिक्षक पर जाँच पूर्ण होने तक कार्यवाही न करें व रिहा करने की मांग की है जाँच के बाद ही कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

# सीतापुर के गंवई गांव के लाल ने फिर किया कमाल

● अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होनहार अमित कुमार का सम्मान

● जम्मू-कश्मीर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित हुए अमित ● जम्मू - कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री कविन्दर गुप्ता रहे समारोह के मुख्य अतिथि

● समाजसेवा, गायन, अभिनय व मीडिया क्षेत्र में योगदान के लिए किए गए सम्मानित

**सीतापुर।** सीतापुर के एक लाल ने गांव की तंग गलियों से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। जम्मू– कश्मीर में पहली बार आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सीतापुर के परसेण्डी ब्लॉक के छोटे से गांव सिहानी पारा के रहने वाले अमित कुमार को साउथ फिल्मों के सुपरस्टार सुमन तलवार ने सम्मानित करने के साथ पीठ थपथपा कर अमित की सराहना की। यूनीवर्सल फिल्म मेकर्स काउंसिल व हरमन कल्चरल एण्ड एजुकेशनल सोसायटी द्वारा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री कविन्दर गुप्ता, साउथ सुपरस्टार सुमन तलवार और अभिनेता यशपाल शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। फिल्म फेस्टिवल में कई दिग्गज अभिनेता व अभिनेत्री मौजूद रहे। दिवंगत पिता पूर्व स्टेशन अधीक्षक स्व. रामप्रसाद के सपने को साकार करने के लिए सीतापुर से मायानगरी मुम्बई पहुंचे अमित कुमार को यह सम्मान उनके सामाजिक कार्यों समाज सेवा, गायन, नृत्य व मीडिया क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। अमित को मुंबई में भी सम्मानित किया जा चुका है। आई इंडिया को अमित ने फोन पर बताया कि वह फिल्म इण्डस्ट्री में काम करने के साथ ही सिविल सेवा में अपना योगदान देना चाहते हैं और वह सिविल सेवा की तैयारी भी कर रहे हैं। अमित का कहना है कि गायन और एक्टिंग उनका शौक ही नहीं जुनून है, लेकिन पिता जी का सपना मुझे आईएएस अधिकारी बनते देखना था और उनका सपना पूरा करने के लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। सफलता का श्रेय अपने स्व. पिता रामप्रसाद, मां निशा देवी व परिवारीजन के साथ यूएफएमसी अध्यक्ष डा. एमए मुम्मिगट्टी भारतीय सिनेमा कला परिषद चेयरमैन रमेश जुगलान को देते हैं। दिल से की हुई मेहनत कभी असफल नहीं होती, देर से ही सही पर आपकी मेहनत जरूर रंग लाती है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल आदि देशों के प्रतिनिधि, अभिनेता यशपाल शर्मा, अभिनेत्री प्रीती शफ्रू, गार्गी दुग्गल, निर्माता व निर्देशक रमेश जुगलान, यूएफएमसी प्रेसीडेंट एमए मुम्मिगट्टी, अभिनेत्री अनुराधा सहित संयुक्त सीईओ माता वैष्णो देवी साइन बोर्ड डा. जगदीश मेहरा, एसडीएम कटरा दीपक दुबे, नगर पालिकाध्यक्ष विमल इंदु, राकेश वजीर के अलावा फिल्मी हस्तियां व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल से भीषण गंदगी का साम्राज्य

**संडीला ( हरदोई )।** नगर में सफाईकर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन जारी रही जिससे सारा नगर भीषण गंदगी की चपेट में आ गया है। यह हड़ताल नगर पालिका परिषद के एक सभासद द्वारा कथित रूप से अधिशासी अधिकारी एवं कतिपय सफाईकर्मियों के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पढ़ी को लेकर प्रारंभ हुई है। नगर के वॉर्ड सं0 9 के सभासद अजय द्विवेदी द्वारा कथित रूप से सफाई कर्मियों और अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध सोशल मीडिया में अमर्यादित टिप्पढ़ी की गयी थी। इसपर उक्त सभासद के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली में विगत रविवार को एफआईआर दर्ज करा दी गयी। इसके जवाब में सभासदों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें कहा गया है कि अवर अभियंता जलकल जिनके पास सफाई निरीक्षक का कार्यभार भी है, उनका कार्य एवं व्यवहार असंतोषजनक है तथा सभासदों के प्रति उनकी भाषा भी उचित नहीं है और उनही के इशारे पर सफाई कर्मियों द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई। ज्ञापन में मांग की गयी है कि अवर अभियंता को तत्काल स्थानात्रित किया जाए तथा इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करके इनके कार्यकाल की जांच की जाए और यदि ऐसा नहीं हुआ तो नगर पालिका परिषद के सभी सभासद त्यागपत्र देने के लिए बाध्य होंगे।

इस प्रकरण में अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ता ने बताया कि वॉर्ड 9 के सभासद अजय द्विवेदी द्वारा सामान्य शिष्टाचार की लगातार औहेलना की जाती है और सोशल मीडिया पर भी अशोभनीय टिप्पड़ियां की जाती हैं। उन्होनें कहा कि जब तक इस प्रकरण में आरोपी सभासद क्षमा याचना नहीं करते तब तक कोई समझौता नहीं होगा। दूसरी ओर इस संबंध में अवर अभियंता सुनील यादव का कहना है कि उनपर लगाए जा रहे सारे आरोप गलत हैं। उन्होंनें किसी के प्रति न तो अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया है और न किसी सभासद के कार्य संबंधी अनुरोध के प्रति उपेक्षा दर्शाई है। वे अपना सारा कार्य कर्मचारी सेवा आश्रण नियमावली के अनुसार संपन्न कराते हैं और आमजन की शिकायत निवारण को प्राथमिकता देते हैं।

दूसरी ओर सफाई कर्मियों की इस हड़ताल के चलते सारे नगर में भीषण गंदगी फैल रही है। नालियों के चोक होने से जगह–जगह पर जलभराव हो गया है जिसके कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने में भी कष्ट हो रहा है। वर्षा के मौसम में वैसे भी नगर में अनेक रोगों का प्रकोप है और इस हड़ताल के चलते यह समस्या और गंभीर हो रही है यदि इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई न हुई तो स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाएगी जिसकी कीमत नगर के लगभग डेढ़ लाख लोग चुकाने के लिए विवश होंगे। हालांकि इस हड़ताल को समाप्त कराने के लिए पिछले दरवाज़े से वार्ताओं का भी दौर चल रहा है। बताया जाता है कि भाजपा सांसद अशोक बाजपेयी के एक निकटस्त व्यक्ति दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं।

# मक्खियों के आक्रमण से परेशान ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़े

**संडीला ( हरदोई )।** पोल्ट्री फार्म की गंदगी से बड़ी संख्या में उत्पन्न मक्खियों के आक्रमण से पीड़ित आधा दर्जन ग्रामीण टंकी पर चढ़ गए और आत्हत्या की धमकी देने लगे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इस प्रकरण को सुलटाने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम नया गांव देवरिया में प्रतापनगर हरदोई मार्ग पर सांग्वान पोल्ट्री फार्म स्थित है। इस पोल्ट्री फार्म से प्रतिदिन तमाम तरह की गंदगी उत्पन्न होती है जिसके कारण असंख्य मक्खियों ने वहां डेरा डाल दिया है। इन मक्खियों के कारण ग्रामीणों की उठना– बैठना, खाना–पीना, सोना सब अव्यवस्थित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मक्खियों के कारण सारा गांव अनेक रोगों की चपेट में भी है। इस पोल्ट्री फार्म को बंद करने के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रदर्शन कर ज्ञापन भी दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित होकर आधा दर्जन ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए और आत्महत्या करने की धमकी देने लगे। इस घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश सिंह, अग्निशमन एवं स्वाथ्यविभाग की टीमें घटना स्थल पर पहुंच गई हैं। टंकी पर चढे ग्रामीणों को समझा बुझाकर नीचे उतारने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण टंकी से नीचे नहीं उतरे हैं।

# फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खाएं

● जिले में 10 से 28 अगस्त तक घर-घर खिलाई जाएगी दवा

● स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में मीडिया कार्यशाला हुई आयोजित



**लखीमपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 10 अगस्त से जनपद में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (आईडीए) शुरू हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर.घर पहुंचकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएगी। गंभीर बीमारी फाइलेरिया से सुरक्षित बनने के लिए दवा का सेवन जरूर करें। यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् संतोष गुप्ता ने कहीं। डॉ. गुप्ता स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से सोमवार को यहाँ एक निजी होटल में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डॉ. गुप्ता ने कहा . अभियान की सफलता को लेकर सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) वार आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों की टीम बनाई गई हैं, जो टीम 10 से 28 अगस्त के मध्य घर.घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरियारोधी दवा खिलाएंगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया को हाथी पांव भी कहते हैं। यह बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। यह एक लाइलाज बीमारी है और अगर किसी को हो गई तो यह ठीक नहीं होती है और व्यक्ति को आजीवन दिव्यांगता के साथ जीना पड़ता है। इस बीमारी का केवल प्रबंधन ही किया जा सकता है। इस बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल बाद दिखाई देते हैं। इससे बचाव का एकमात्र उपाय फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करना है। इस बीमारी से लटके हुए अंग जैसे अंडकोषए हाथए पैर और स्तन प्रभावित होते हैं। पेशाब के साथ सफेद रंग का द्रव्य आने लगता है जिसे काईलूरिया कहते हैं।

# स्काउट गाइड ने की कांवड़ियों की सेवा

बरेली। हिंदुस्तान स्काउट गाइड द्वारा सावन के पंचम सोमवार को जारी रहा समाज सेवा शिविर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा जी के निर्देशन में चल रहा समाज सेवा शिविर मैं स्काउट गाइड ने कावड़ियों की जल सेवा की लाइन में लगे भक्तों को दर्शन कराने में मदद की अलखनाथ मंदिर पर समाज सेवा शिविर लगाया। स्काउट गाइड ने कावड़ियों को जल चलाने में उनकी सहायता की शिव भक्तों को पैर में छाले आदि प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा उनको उपलब्ध कराई। स्काउट गाइड निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं सावन के प्रत्येक सोमवार को पुलिस प्रशासन के सहयोग से समाज सेवा शिविर आयोजित किया जा रहा है।हिमांशु सक्सेना प्रादेशिक संगठन आयुक्त के निर्देशन में चल रहे समाज सेवा शिविर के दौरान उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड ने अपने उद्देश्य को फलीभूत कर रहे हैं नर सेवा नारायण व सेवक चर बना देना संचालक अलका मिश्रा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ने बताया की जिन कावड़ियों को चलने में जल चढ़ाने में असुविधा हो रही थी जल चढ़ाने में स्काउट गाइड ने सहायता की ।स्काउट गाइड निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद नबी ने कहा मंदिर के मुख्य दर्शन स्थल से मुख्य मार्ग तक पूरी लाइन बनाकर भक्तजनों को जल चढ़ाने मे पूरा सहयोग दिया।

# आजमगढ़ घटना पर विद्यालयों में रही अभूतपूर्व बंदी, शिक्षकों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

● घटना के बाद बगैर जांच किए ऐसी कठोर कार्रवाई करना निंदनीय

संवाददाता। उरई, जालौन




**मंगलवार** को आजमगढ़ जनपद के चिल्ड्रन गर्ल्स पब्लिक स्कूल में हुई दुखद घटना के बाद बिना किसी जांच के कक्षा अध्यापक एवं प्रधानाचार्या की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश के समस्त निजी विद्यालय संगठनों के आह्वान पर जनपद जालौन के समस्त सीबीएसई विद्यालयों में अभूतपूर्व बंदी रही तथा अन्य बोर्डों के विद्यालय भी या तो बंद रहे या शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया।

शिक्षक नेता अशोक राठौर, इं. अजय इटौरिया प्रबंधक बीकेडी एल्ड्रिच, रजनीश सिंह प्रधानाचार्य मार्निंग स्टार ने संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे की मौत का जितना दुख बच्चे के माता-पिता एवं परिजनों को होता है उससे ज्यादा दुख विद्यालय परिवार को भी होता है। बच्ची की खुदकुशी की घटना अत्यंत कष्टकारक है तथा हम सभी उस बच्ची की आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं तथा परिजनों से गहरी संवेदना रखते हैं परन्तु बिना जांच एवं एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई का विरोध करते हैं। आज के परिवेश में बच्चों की देखभाल सही से न हो पाने के कारण एवं उनको जरा-जरा सी बात पर क्रोध आने से एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि समाज को दिशा देने वाला शिक्षक आज असमंजस की स्थिति में है। क्योंकि उसे पता है कि अगर डांटेंगे नहीं तो बच्चे में सुधार नहीं होगा और यदि डांटने पर कोई गलत कदम बच्चे ने उठा लिया तो फिर उसके खिलाफ अनचाही दण्डात्मक कार्रवाई होगी।

## छात्रा की मौत के चलते प्रधानाचार्य व शिक्षक की गिरफ्तारी पर जताया रोष



**फतेहपुर।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सहोदया संगठन के तत्वाधान में महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में एक आपात बैठक बुलायी गयी। जिसमें आजमगढ़ के चिल्ड्रेन गर्ल्स स्कूल में एक छात्रा की दुःखद मृत्यु एवं स्कूल की प्रधानाचार्या एवं शिक्षक की गिरफ्तारी पर चर्चा की गयी। बैठक में छात्रा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया। विद्यालय के शिक्षक के साथ ही प्रधानाचार्या की गिरफ्तारी पर विरोध दर्ज कराकर रोष व्यक्त किया गया। इसके साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे विद्यालयों के दिशा निर्देशों का पालन करने मे अपना सहयोग दें। इस समय छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुये विद्यालय में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं है फिर भी अभिभावक छात्र/छात्राओं को मोबाइल देते हैं।

# शिक्षिका से अश्लील हरकत करने वाले हेडमास्टर के खिलाफ जांच प्रारम्भ

**हमीरपुर।** शिक्षिका को जबरन अपना दोस्त बनाने व अश्लील हरकतें करने वाले प्रधानाध्यापक के खिलाफ बीएसए आलोक सिंह ने जांच शुरू करा दी है। बीएसए द्वारा गठित की गई तीन सदस्यीय टीम ने मंगलवार को स्कूल पहुंचकर पीड़ित शिक्षिका समेत प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षकों के बयान लिए हैं। विकासखंड कुरारा के एक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक ने शिक्षिका से दोस्ती करने का प्रस्ताव रखा था। जिसका शिक्षिका ने विरोध किया और इसकी जानकारी पति को दी थी। पति ने स्कूल पहुंचकर प्रधानाध्यापक को समझाया भी था। लेकिन प्रधानाध्यापक की हरकतों से परेशान होकर शिक्षिका ने जिलाधिकारी समेत पुलिस अधीक्षक व बीएसए को लिखित शिकायत देकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। हरकते उजागर होने के बाद हेडमास्टर अवकाश में चला गया था जांच टीम ने उसे घर से बुलवाकर बयान दर्ज किये हैं।

# आपदा से निपटने को डीएम ने एनडीआरएफ टीम से की वार्ता

● बाढ़ से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने के डीएम ने दिये निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने प्राकृतिक आपदा के संबंध में एनडीआरएफ टीम के साथ टेबल टॉक बैठक में एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर आरबी गौतम ने बताया कि जिले में 27 लोगों की टीम एनडीआरएफ की है। बरसात के समय में बाढ़ की संभावना को देखते हुए अभी से पुलिस, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, फायर सर्विस, राजस्व, आपूर्ति, विद्युत, सिंचाई आदि विभाग तैयारी कर लें, ताकि आपदा में सब मिलकर कार्य कर सकें।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि कृषि प्रधान देश में बरसात से बाढ़ आती है तो किसानों की फसलों को क्षति पहुंचती है। विभिन्न आपदाओं से निपटने को पूर्व में हुई घटनायें प्रोजेक्टर से सभी विभागों को अवगत कराया। आपदा के समय एनसीसी, एनवाईकेएस, स्काउट गाइड, स्वयंसेवी संस्थाओं का भी अच्छी भूमिका रहती है। इनकी भी मदद लेनी चाहिए। वॉलिंटियर उसे ही बनायें जो तैरना जानता हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तरह से कोविड के समय स्वास्थ्य विभाग ने अच्छा कार्य किया है, ठीक उसी प्रकार बाढ दौरान कोई आपदा आती है तो आपदा प्रबंधन कार्य करें। जिलाधिकारी ने एसडीएम राजापुर से कहा कि फ्लड के लिए यमुना नदी किनारे गांव एवं जो मंदाकिनी नदी से प्रभावित होते हैं, उनको चिन्हित कर एनडीआरएफ की टीम को दें। नाविक व मछुआरा भी चिन्हित कर लें।

## मेरी माटी-मेरा देश एवं हर घर तिरंगा का होगा आयोजन

**चित्रकूट।** डीएम की अध्यक्षता में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम की तैयारी आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन हेतु तिरंगे झंडे के वितरण तथा 9 अगस्त को पंचप्राण की शपथ विषयक कार्यक्रम के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर 9 से 15 अगस्त के मध्य 'मेरी माटी मेरा देश' एवं 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। तैयारियों को लेकर डीएम ने दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, व्यवसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट्स, शॉपिंग कंपलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना सहित प्रत्येक घरों में अनिवार्य रूप से तिरंगा फहराया जाएगा।

# श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करे सरकारः मदन गोपाल



संवाददाता। चित्रकूट

**पावनतीर्थ** अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि कानूनी संघर्ष के बाद सुरक्षित और संरक्षित हो रही है। अब आवश्यकता है कि प्रभु श्रीराम के चरित्र को जो श्री रामचरितमानस के रूप में लोकमानस में व्याप्त है। उसे भी संवैधानिक दर्जा देकर संरक्षित और प्रतिष्ठित किया जाए। कामदगिरि प्रमुख द्वार चित्रकूट के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के उदघाटन दिवस पर रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किये जाने की मांग की है। वहीं पद्म श्री से सम्मानित बुंदेलखंड के जल योद्धा उमाशंकर पांडेय ने बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय द्वारा चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि को लेकर विधर्मियों ने बहुत बवाल किया। अब इधर अधर्मी रामचरितमानस जैसे पुनीत ग्रंथ की निंदा कर रहे हैं। इससे जनमानस में श्रीराम की छवि धूमिल की जा रही है। ग्रंथ में समाहित सनातन मूल्य अर्थात मानव मूल्यों से भारतीय समाज को अलग कर हिंदुत्व को कमजोर किया जा रहा है। विधर्मियों के ऐसे कुत्सित प्रयासों पर तभी रोक लग सकती है, जब श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कर संवैधानिक दर्जा दिया जाए।

# लोधी बौद्धिक संगठन ने किया विविध प्रतिभाओं को सम्मानित



**फर्रुखाबाद।** लोधी बौद्धिक संगठन ने आठ सैकड़ा प्रतिभाओं को किया सम्मानित प्रतिभा सम्मान समारोह लोधी बौद्धिक संगठन के बैनर तले नवभारत ठंडी सड़क स्थित नवसभा भवन में आयोजित किया गया। जिसमे हाईस्कूल व इंटरमिडियट की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एन बी एस राजपूत संयुक्त सचिव भारत सरकार ने सबसे पहले 14 प्रतिभाओं 90: अंक पाने वाले को प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बाद में लगभग 800 हाईस्कूल, इंटरमीडियट के छात्र ,छात्राओं 70: अंक पाने वालो को भी सम्मानपत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एन बी एस राजपूत संयुक्त सचिव भारत सरकार ने प्रतिभाओं से कहा कि हमे मोबाइल का प्रयोग 12बी पास करने बाद ही प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का गहनता से अध्ययन करके आईएएस बना जा सकता है। मैं 1999 में आईएएस में सलेक्ट हो गया था।

# जहां काम समाप्त होता है, वहीं राम प्रारम्भ होता हैः जगदगुरु



**चित्रकूट।** चित्रकूट के श्रीतुलसी पीठ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि हिन्दू धर्म में पति-पत्नी का सम्बन्ध आत्मा और परमात्मा का सम्बन्ध होता है। आत्मा का कोई नाम नहीं होता और न ही परमात्मा का कोई ना होता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे का नाम नहीं लेते हैं। हिन्दू धर्म के अपेक्षा अन्य धर्मों में पत्नी का इतना सम्मान नहीं रहता है। भगवान श्री कृष्ण और गोपियों की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान का व्यक्तित्व बहुत ऊपर है। जहां काम समाप्त होता है, वहीं राम प्रारम्भ होता है। जीवन में वासना न होने पर ही उपासना होती है और वासना से दूर रहने वाले का पक्ष हमेशा भगवान लेते हैं। भगवान शंकर काम को जलाते हैं।

भगवान कृष्ण मोर का पंख इसलिए धारण करते हैं कि मोर की संतान तो होती है, किन्तु शरीर का सम्पर्क नहीं होता है। मोर नाचता है और नाचते समय मोर के आंखों से निकले प्रेम के आंसू मोरनी चुन लेती है जिससे गर्भ धारण हो जाता है।

# हर घर तिरंगाः एसपी को सौंपा राष्ट्रीय ध्वज



**फतेहपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा 2 अभियान के तहत डाकघर के सहायक अधीक्षक व विकास अधिकारी ने मिलकर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह को राष्ट्रीय ध्वज सौंपने का काम किया। एसपी ने सभी का आहवान किया कि स्वतंत्रता दिवस पर सभी लोग अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज ससम्मान फहरायें। बताते चलें कि स्वतंत्रता दिवस पर केंद्र सरकार की ओर से इस वर्ष भी हर घर तिरंगा 2 अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सार्थक बनाने की पहल भी शुरू हो गई है। मंगलवार को डाकघर के सहायक अधीक्षक एलपी साहू व भारतीय डाक जीवन बीमा के विकास अधिकारी अभय सिंह ने एसपी उदय शंकर सिंह से मुलाकात की। तत्पश्चात उन्हें राष्ट्रीय ध्वज सौंपा। एसपी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है।

## क्विक न्यूज

### दर्जनों तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त को भेजा जेल

**फर्रुखाबाद।** कंपिल पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसके पास से कई तमंचा व कई दर्जन कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में कंपिल पुलिस ने ध्रुव सिंह पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम जीजौटा बुजुर्ग के घर पर मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारा और तमंचा फैक्टरी से एक अध बना तमंचा,सात तमंचा व 28 खोका कारतूस एवम् 315 बोर एवम् एक जिंदा व 11 खोखा कारतूस 12 बोर , 2 जिंदा कारतूस 7.62 बोर एवम् एक कारतूस रखने की बेल्ट बरामद करके आवश्यक कार्यवाही करते हुए आर्म्स एक्ट में अभियुक्त का चालान कर जेल भेज दिया है।

### नदीगांव के प्राथमिक शिक्षकों ने बैठक में बनायी रणनीति

**कोंच, जालौन।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड नदीगांव की आवश्यक बैठक बीआरसी कनासी पर संपन्न हुई। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश निरंजन ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष शिक्षकों की मांगें मांग पत्र के माध्यम से लगातार रखीं गई लेकिन अब तक इस पर कुछ नहीं हुआ जिसके चलते अब संगठन ने आंदोलन का मार्ग चुना है। जब तक संगठन का 18 सूत्रीय मांग पत्र पर सरकार सकारात्मक रुख नहीं दिखाती है तब तक संगठन के प्रत्येक निर्णय को सफल बनाने हेतु सभी शिक्षकों को लगना होगा। उन्होंने कहा, 10 से 15 अगस्त के मध्य क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन दिया जाएगा, तत्पश्चात् प्रदेशीय नेतृत्व की अग्रिम रणनीति की प्रतीक्षा की जाएगी। शिक्षक अखिलेश व्यास ने 18 सूत्रीय मांग पत्र पढ़कर सुनाया गया जिसमें पुरानी पेंशन बहाली को उल्लिखित किया गया।

### मारकुंडी में विद्युत उपकेंद्र की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर तहसील अन्तर्गत मारकुंडी में पूर्व से प्रस्तावित विद्युत उपकेंद्र की स्थापना कराए जाने की मांग को लेकर समाजसेवी सचिन वंदन ने एसडीएम मानिकपुर को ज्ञापन सौपा है। उन्होने कहा कि इलाके में उपकेंद्र बनने से स्थानीय लोगों को विद्युत संकट से निजात मिलेगी। ज्ञापन में समाजसेवी सचिन वंदन ने बताया कि मानिकपुर विद्युत केंद्र पर क्षमता से अधिक विद्युत लोड और लाईन अधिक लंबी होने की वजह से ग्रामीण इलाकों मे बिजली का गहरा संकट है। आए दिन अधाधुंध विद्युत कटौती होने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। बरसात के दिनों में आये दिन अंधेरा होने के कारण ग्रामीण जहरीले कीडों के दंश का शिकार हो रहे है।समाजसेवी सचिन वंदन ने उपजिलाधिकारी मानिकपुर से कहा कि मारकुंडी गांव में विद्युत सब स्टेशन बन जाने से मानिकपुर सब स्टेशन में लोड कम होगा। वहीं मारकुंडी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में उपभोक्ताओं को बिजली मिलने लगेगी।

### ज्ञाना देवी की हत्या का पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कोंच, जालौन।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बावली में सोमवार की दोपहर हुई अधेड़ महिला ज्ञाना देवी की हत्या के मामले में मृतका के देवर की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धाराओं में नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस की अगर मानें तो जल्द ही उसके हाथ हत्यारे की गर्दन तक पहुंच सकते हैं और एक दो दिन में पूरे मामले का खुलासा हो सकता है। मृतका ज्ञाना देवी के देवर लालसिंह पुत्र मुलू निवासी ग्राम बावली ने गांव के ही जयप्रकाश कुशवाहा पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ नदीगांव थाने में आईपीसी की धारा 302 तथा 3(2)5 एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस की अगर मानें तो हत्यारोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं और कभी भी उसके हाथ हत्यारे की गर्दन तक पहुंच सकते हैं।

# जनसहभागिता से सफल होगा 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियानः डीएम

संवाददाता। उरई, जालौन

'**आजादी** का अमृत महोत्सव' के समापन समारोह के अंतर्गत 'मेरी माटी, मेरा देश, एवं 'हर घर तिरंगा-2023 अभियान को भव्य एवं सफल बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर समस्त विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत' जनपद में 'मेरी माटी, मेरा देश' (9 से 30 अगस्त 2023) एवं 'हर घर तिरंगा' (13 से 15 अगस्त 2023) अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन सहभागिता के मनाया जाना है। मीटिंग में जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों सहित समस्त संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि हर घर तिरंगा' कार्यक्रम प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण स्वयं सहायता समूहों एवं विभिन्न संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्राम प्रधानों को शत प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, राशन की दुकानों, नलकूपों इत्यादि पर तिरंगा झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाए तथा नगरीय एवं पंचायत स्तर पर लोगों को झण्डा क्रय करने एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जाए। डीएम ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत 2023 को पंच-प्रण की शपथ के संबंध में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि 9 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विकास खण्डों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों सहित औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों आदि को पंच-प्रण का शपथ दिलाई जानी है।

# विद्युत उपकरणों की चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**जालौन**, उरई। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में प्राइवेट कंपनी द्वारा जर्जर विद्युत तारों और विद्युत उपकरणों को बदलवाने का कार्य कराया जा रहा है। उक्त स्क्रेप को लौना रोड स्थित एक गोदाम में रखा जा रहा है। जिसे कुछ लोगों ने डीसीएम में भरकर चोरी कर लिया। कंपनी के कर्मचारी ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने डीसीएम व चोरी गए माल समेत तीन लोगों को पकड़ा है। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया। मंगलवार को तकरीबन सात लाख रुपये के सामान को कुछ लोग चोरी कर डीसीएम में भरकर ले गए। जब कंपनी के कर्मचारियों को इसका पता लगा तो कर्मचारी अनंत मिश्रा निवासी शिवपुरी प्रयागराज ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

# पेज एक का शेष

## सत्ता पक्ष...

लिए बोले। उन्होंने दावा किया कि अगर मणिपुर में वीडियो वायरल नहीं होता तो प्रधानमंत्री नहीं बोलते, चुप्पी साधे रहते। गोगोई ने दावा किया कि जब भी देश के समक्ष बड़े मुद्दे आते हैं तो प्रधानमंत्री मौन धारण कर लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आज तक प्रधानमंत्री की तरफ से संवेदना का कोई शब्द नहीं है, न शांति की गुहार लगाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी को कबूल करना होगा कि मणिपुर में डबल इंजन की सरकार विफल हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज भाजपा की इस राजनीति से दो मणिपुर बन गए हैं। मैं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का संदेश मणिपुर के मुख्यमंत्री को देना चाहता हूं कि राजधर्म निभाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सदन में आकर बयान दें, मणिपुर का दौरा करें और अपने साथ सभी दलों के लोगों को लेकर जाएं। गोगोई ने कहा कि आज भाजपा जितनी भी नफरत फैलाए, हम राहुल गांधी के नेतृत्व में जगह-जगह मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी ने कहा कि किसी भी सरकार का मूल्यांकन पांच बिंदुओं- आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, संस्थाओं की स्वायत्तता, कूटनीतिक रिश्ते और सांप्रदायिक सद्भाव पर किया जाता है, लेकिन इन पांचों बिंदुओं पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। चर्चा में हिस्सा लेते हुए तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार वादे पूरे करने में विफल रहने वाली और विनाशकारी नीतियों वाली सरकार है। सरकार संघीय ढांचे को नष्ट कर रही है और इसका नुकसान पश्चिम बंगाल झेल रहा है। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक के टीआर बालू ने कहा कि पिछले काफी दिनों से संसद सत्र चल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री सदन में नहीं आए, ऐसे में विपक्ष के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। द्रमुक सांसद ने कहा कि मणिपुर में गंभीर स्थिति है, राज्य में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। चर्चा में हिस्सा लेते हुए सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि जब महिलाओं के खिलाफ अपराध की बात होती है तो उत्तर प्रदेश की भी चर्चा होनी चाहिए। यादव ने दावा किया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में हर तीन घंटे में एक महिला का यौन उत्पीड़न होता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना मामूली नहीं। सपा सदस्य ने कहा कि मणिपुर के मुद्दे पर केंद्र सरकार का रवैया संवेदनाहीन है। चर्चा में भाग लेते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि मणिपुर में इतनी हिंसा हुई, महिलाओं पर अत्याचार हुए लेकिन केंद्र सरकार 70 दिन चुप रही। चर्चा में भाग लेते हुए शिरोमणि अकाली दल (एम) के सिमरनजीत सिंह मान ने कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा हो रही है जो चिंता की बात है। वहीं, बीजद के नेता पिनाकी मिश्रा ने कांग्रेस सदस्य गौरव गोगोई के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि उनकी पार्टी की स्थापना कांग्रेस के विरोध की बुनियाद पर हुई थी और वह कभी कांग्रेस के प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि बीजद को लगता है कि यह अविश्वास प्रस्ताव लाने का सही समय नहीं है। भाजपा की सुनीता दुग्गल ने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) को हिंदुत्व की याद उस वक्त नहीं आई जब वे 2019 में भाजपा को छोड़कर दूसरे दलों के साथ चले गए। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) के सदस्यों के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव गलत समय पर और गलत तरीके से लाया गया है। आज दुनिया में भारत का प्रभाव बढ़ रहा है और विभिन्न देश भारत के साथ काम करना चाहते हैं। रिजिजू ने पूर्ववर्ती सरकारों पर पूर्वोत्तर क्षेत्र को नजरंदाज करने का आरोप लगाया और कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद इस क्षेत्र का विकास हो रहा है और यह क्षेत्र भारत का विकास इंजन बनने की ओर बढ़ा है। वहीं, निर्दलीय सदस्य नवनीत राणा ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया।

## प्रस्ताव गरीब...

पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, धृतराष्ट्र में से कोई नहीं बचा, उसी तरह 2024 में आपमें से कोई नहीं बचेगा। हम 400 सीट के साथ सत्ता में वापस आएंगे। भाजपा सांसद ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में विपक्षी सदस्यों की भूमिका की तुलना महाभारत में द्रोपदी चीरहरण से की।

## प्रस्ताव पर...

में क्या कहा है? इस आरोप के जवाब में गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए गोगोई को चुनौती दी कि उनके पास जो भी जानकारी है, उसे साझा करें। जोशी ने शाह की प्रतिक्रिया का समर्थन करते हुए कहा कि गोगोई को प्रधानमंत्री और सभापति से जुड़े आधारहीन आरोप लगाने से बचना चाहिए। गोगोई ने स्पीकर के कार्यालय से संबंधित मामलों में गोपनीयता बनाए रखने के कांग्रेस पार्टी के इतिहास को दोहराया। अध्यक्ष बिरला ने गोगोई को याद दिलाया कि उनका कार्यालय सदन का अभिन्न अंग है और निराधार टिप्पणियां न करें। जोशी ने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने केवल वह जानकारी साझा की थी जो जनता को पहले से ही पता थी और उन्होंने किसी भी गोपनीय मामले का खुलासा नहीं किया। इसके जवाब में गोगोई ने जोशी की आलोचना करते हुए उनसे संसदीय कार्य मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को याद रखने और कार्यालय से चर्चाओं का खुलासा करने से बचने का आग्रह किया। मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में राहुल गांधी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द उनकी सदस्यता बहाल कराने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। गांधी की संसद सदस्यता एक दिन पहले सोमवार को ही बहाल कर दी गई थी। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने खुलासा किया कि राहुल गांधी ने मंगलवार को बाद के वक्ताओं द्वारा उन्हें निशाना बनाने की भाजपा की रणनीति से बचने के लिए मंगलवार को बहस शुरू नहीं की। भाजपा ने राहुल गांधी के जाने-माने आलोचक निशिकांत दुबे के साथ बहस की शुरुआत की थी, जिन्होंने पहले कांग्रेस पर चीनी धन प्राप्त करने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को इस विवाद से जोड़ने का प्रयास किया था। दिन में स्मृति ईरानी जैसी राहुल गांधी की आलोचना करने वाली अन्य हस्तियों का भी बोलने का कार्यक्रम था। लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह हमारी गुगली है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को भी लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर 3 से 4 घंटे की अच्छी-खासी बहस होने की उम्मीद है। यह बहस प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के साथ समाप्त होगी। उनका संबोधन गुरुवार को दोपहर 3-4 बजे के आसपास होने का अनुमान है।

## अविश्वास से...

अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। बाद में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मोदी के हवाले से कहा कि विपक्ष इस तथ्य के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव लाया कि सरकार के पास मजबूत बहुमत है क्योंकि उसके सदस्य देखना चाहते थे कि वे एकजुट हैं या नहीं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेता सामाजिक न्याय की बात करते हैं लेकिन उन्होंने वंशवादी, तुष्टिकरण और भ्रष्ट राजनीति से इसे सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह समय भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म करने का है। मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान सांसदों को रेल मंत्रालय से संबंधित कार्यों के लिए जोर नहीं देना पड़ेगा क्योंकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रस्तुति दी थी, जिसमें संकेत दिया गया है कि जारी विकास परियोजनाओं में उनकी मांगों का ध्यान रखा जाएगा। मेघवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से पार्टी के भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण भारत छोड़ो अभियान के संबंध में नौ अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने को कहा।

## राहुल को...

12 तुगलक लेन स्थित बंगले की पेशकश की गई है जो उन्हें पूर्व में आवंटित किया गया था। इसमें कांग्रेस सांसद को आठ दिन में जवाब देने को कहा गया है।

## भारत जोड़ो...

एक सितंबर तक विपक्ष दलों की बैठक के बाद दिया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण दक्षिण में कन्याकुमारी से उत्तर में कश्मीर तक आयोजित किया गया था। यात्रा के इस चरण का नेतृत्व राहुल गांधी ने किया, जो सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक लगभग 3500 किमी चले। यात्रा के पहले चरण के दौरान जनता व अन्य मंचों पर जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। जिसके बाद दूसरे चरण की योजना बनाई गई। कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने घोषणा की कि यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से मेघालय तक का मार्ग कवर करेगा। यह घोषणा राहुल गांधी के नेतृत्व में पहले चरण की सफलता के बाद की गई है।

## रास में...

रहे हैं और आसन की अवमानना कर रहे हैं। गोयल जब यह प्रस्ताव रख रहे थे, उस दौरान विपक्षी सदस्य हंगामा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव किया जाता है कि डेरेक ओ ब्रायन को अशोभनीय आचरण के लिए सदन की सेवाओं से सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए। सभापति ने कहा कि डेरेक को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया जाता है। उन्हें सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाता है। इस बीच हंगामा होता देख धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने डेरेक के निलंबन का मुद्दा उठाया और आसन से आग्रह किया वे उदारता दिखाते हुए उनका निलंबन वापस लें। डेरेक उस वक्त सदन में मौजूद थे और अपनी सीट पर बैठे थे। तिवारी को जवाब देते हुए धनखड़ ने सदन से सवाल किया कि क्या आपको लगता है कि निलंबित किए जाने पर सदन से जाने के बाद कोई सदस्य कार्यवाही में हिस्सा ले सकता है। सभापति ने कहा कि इस मामले में उन्होंने सदन की राय नहीं ली थी। उन्होंने कहा कि मैंने सोच-समझ कर और दूरदर्शिता से ऐसा किया और इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। अगर आदेश पूरी तरह पारित होता तो डेरेक को सदन छोड़ना पड़ता। वह सदन में फिर नहीं आ सकते थे। वह इसलिए सदन में मौजूद हैं कि निलंबन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर सदन की राय नहीं ली। इसके बाद धनखड़ ने कहा कि वह सदन चलाने की भरपूर कोशिश करते हैं और जरूरी होता है तो वह सदस्यों से अपने कक्ष में भी मिलते हैं। कांग्रेस के मुकुल वासनिक और जयराम रमेश ने मणिपुर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने इस मामले में बीच का रास्ता नहीं निकाला है। सभापति ने सदस्यों से कहा कि वे सदन में तृणमूल सांसद के अशोभनीय आचरण पर विचार करें। डेरेक के व्यवहार के बारे में पूछे जाने पर रमेश ने कहा कि आसन सर्वोच्च है और वह सदन के संरक्षक हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने विपक्ष के पूर्व नेता अरुण जेटली के शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि उन्होंने आसन के निकट जाने को एक वैध विपक्षी रणनीति और विरोध करने को विपक्ष का अधिकार बताया था। इसी विषय पर सदन के नेता गोयल ने कहा कि मैं आसन की उदारता की सराहना करता हूं कि मेरे प्रस्ताव पेश करने के बावजूद आपने अति सख्त कदम नहीं उठाए।

## विपक्ष का...

शुरू होने पर कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि सदन के नेता गोयल ने विपक्ष के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस दौरान कई सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे और गोयल से माफी मांगने की मांग करने लगे। सभापति जगदीप धनखड़ ने आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे पर गौर करेंगे। हंगामे के बीच ही सदन के नेता गोयल ने कहा कि यदि उनकी टिप्पणी में कोई असंसदीय शब्द है तो उसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए।

## यूपी विस...

होगी। गौरतलब है कि पिछले 6 दिसंबर को, सपा विधायक अतुल प्रधान को रामपुर उपचुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही का फेसबुक लाइव पर लाइव स्ट्रीमिंग करते हुए देखा गया था, जिस पर स्पीकर को गुस्सा आ गया था और उन्होंने उन्हें बाहर जाने के लिए कहा था। उत्तर प्रदेश में 403 सदस्यीय विधान सभा है।

# मोदी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायती राज का सबलीकरण हुआ : नड्डा

भाषा। फरीदाबाद



**भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायती राज का जिस प्रकार सबलीकरण हुआ है, ऐसा अतीत में कभी नहीं हुआ। सूरजकुंड स्थित राजहंस कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार को भाजपा के दो दिवसीय क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद की बैठक का विधिवत समापन करते हुए नड्डा ने कहा, विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायती राज का जिस प्रकार सबलीकरण हुआ है, ऐसा पूर्व में कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया और जेएएम पोर्टल का उपयोग करते हुए योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता लाई गई। पारदर्शिता के माध्यम से पंचायती राज संस्थानों को आज आर्थिक दृष्टि से बहुत बड़ी ताकत मिली है, जिससे योजनाएं सही तरीके से कार्यान्वित भी हो रही हैं। नड्डा ने कहा कि पंचायती राज परिषद की इस बैठक में पंचायतों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को काफी कुछ सीखने को मिला है जिसका उन्हें लाभ मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने भी पंचायती राज अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गांवों में भारत बसता है और गांवों को सशक्त और उन्नत बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने जो पहल की है, वह सराहनीय है। कृषि मंत्री ने सभी पंचायती अध्यक्षों व उपाध्यक्षों से आह्वान किया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हरियाणा के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

### नाम बदलने से किसी के कर्म नहीं बदलते: भाजपा का विपक्ष पर निशाना

**नई दिल्ली।** विपक्ष के गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें कक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले एक छात्र को इस उम्मीद के साथ अपना नाम बदलते हुए दिखाया गया है कि इससे उसके परीक्षा के अंकों में सुधार होगा और वह कक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेगा। भाजपा ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर पोस्ट किए गए 1.11 मिनट के वीडियो के साथ लिखा, नाम बदलने से कर्म नहीं बदलता। भाजपा ने विपक्ष के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अपना नाम बदल लिया है क्योंकि संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है।

### संवेदक और इंजन के काम न करने पर भी विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतर सकेगा : इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग कर सकेगा, भले ही इसके सभी संवेदक और दोनों इंजन काम न करें। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने मंगलवार को यह बात कही। गैर-लाभकारी संस्था दिशा भारत द्वारा आयोजित चंद्रयान-3: भारत का गौरव अंतरिक्ष मिशन विषय पर एक बातचीत के दौरान सोमनाथ ने कहा कि लैंडर विक्रम का पूरा डिजाइन इस तरह से बनाया गया है कि यह विफलताओं को संभालने में सक्षम होगा।सोमनाथ ने कहा, अगर सब कुछ विफल हो जाता है, अगर सभी सेंसर नाकाम हो जाते हैं, कुछ भी काम नहीं करता है, फिर भी यह (विक्रम) लैंडिंग करेगा। इसे इसी तरह डिज़ाइन किया गया है - बशर्ते कि प्रणोदन प्रणाली अच्छी तरह से काम करे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में 14 जुलाई को प्रक्षेपित हुआ और यह पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया।

# मप्र में कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी नोकझोंक

### चौहान के खराब सड़कों के बारे में बोलने के बाद मामला गरमाया

भाषा। भोपाल

**मध्य प्रदेश के** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपने पूर्ववर्ती कमलनाथ की आलोचना करते हुए इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर राज्य की विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया।भाजपा के वरिष्ठ नेता चौहान ने सोमवार को नीमच जिले में एक कार्यक्रम के दौरान कमलनाथ के नेतृत्व वाली राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार (दिसंबर 2018 से मार्च 2020) के समय सड़कों की खराब स्थिति पर आलोचनात्मक टिप्पणी की, जिस पर विपक्षी दल की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया जताई गई।कार्यक्रम में चौहान ने कहा कि आजकल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ राज्य में उनके 18 साल के शासन का हिसाब मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए कहा, अरे कमलनाथ, जब आपकी पार्टी सत्ता में थी तो हमें गड्ढों में सड़कें ढूंढनी पड़ती थी। तब ढंग की सड़कें नहीं थीं और आप मुझसे बात कर रहे हैं ? चौहान पर पलटवार करते हुए कमलनाथ ने ट्वीट किया, शिवराज जी आपने मेरे लिए कहा, तेरी पार्टी की सरकार थी। और भी शब्द बोले जिनका लहजा बेहद अशोभनीय था। आप क्यों इस तरह बौखला रहे हैं ? आपने कुछ दिन पहले मुझे गालियां भी दी थीं। गालियां देकर कोई जनता का दिल नहीं जीत सकता। माना कि आप हार रहे हैं और बुरी तरह हार रहे हैं लेकिन ओछी भाषा का इस्तेमाल करने से क्या हासिल होगा ? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह कभी भी चौहान के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। कमलनाथ ने कहा, जनता हमारी न्यायाधीश है, वह अच्छे और बुरे का फैसला करेगी और न्याय करेगी। चौहान की आलोचनात्मक टिप्पणियों पर कमलनाथ की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर, राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि अतीत में कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है और कुछ उदाहरण दिए।विधानसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के गोविंद सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी के सहयोगी कमलनाथ, चौहान से 12 से 14 साल बड़े हैं और उनके बड़े भाई की उम्र के हैं। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना भाजपा की संस्कृति है। क्या यही भाषा है जो शिवराज सिंह की डिक्शनरी (शब्दकोष) में है?

## क्विक न्यूज

### कार दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत, एक घायल

**देहरादून।** देहरादून जिले मे सुवाखोली मसूरी मार्ग पर मंगलवार को एक कार के गहरी खाई मे गिरने से उसमें सवार एक महिला समेत दो व्यक्तियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यहां बताया कि सुवाखोलीमसूरी मार्ग पर बाटाघाट पुलिस चौकी से पांचछह किलोमीटर आगे एक कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 400 मीटर गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और घनघोर अंधेरे में रस्सी की सहायता से खाई में उतरकर शव बाहर निकाले। पुलिस ने बताया कि कार सवार एक अन्य व्यक्ति हादसे मे गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे पहले ही निकाल कर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि घायल की पहचान उत्तरकाशी जिले के धारकोट के रहने वाले मयंक नौटियाल (26) के रूप में हुई है जबकि उसकी पत्नी रेश्मी नौटियाल की हादसे में मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि एक अन्य मृतक की पहचान टिहरी गढ़वाल जिले के उनियाल गांव निवासी संदीप उनियाल (48) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय कार में तीन व्यक्ति सवार थे जो उत्तरकाशी की ओर जा रहे थे।

### बंगाल : अदालत ने विश्वभारती की ओर से अमर्त्य सेन को जारी बेदखली नोटिस पर रोक लगाई

**सूरी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले की अदालत ने विश्वभारती द्वारा नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को 0.13 एकड़(5,500 वर्ग फीट) जमीन खाली करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लगा दी है। विश्वविद्यालय का दावा है कि सेन ने उस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया है। जिला न्यायाधीश सुदेशना डे (चटर्जी) ने यह भी निर्देश दिया कि बेदखली नोटिस पर तबतक अमल नही होगा, जबतक कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के शांति निकेतन परिसर स्थित जमीन के मालिकाना हक से जुड़े मुख्य मामले का निस्तारण नही हो जाता। उन्होंने कहा कि मुख्य मामले की सुनवाई 16 सितंबर को इस अदालत मे होगी। अदालत ने यह रोक लगाने का आदेश सेन द्वारा दाखिल पर अर्जी पर सुनवाई के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने बेदखली नोटिस को चुनौती दी है। विश्व भारती ने 19 अप्रैल को सेन को बेदखली नोटिस भेजा और उनसे शांति निकेतन मे 1.38 एकड़ क्षेत्र मे बने पैतृक आवास प्रतीची के 0.13 एकड़ हिस्से को छह मई तक खाली करने को कहा।

### स्वतंत्रता दिवस पर जोड़ेंगे देश के धागे

**मुंबई।** टाटा टी प्रीमियम स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी सामाजिक देश का गौरव पहल के ज़रिए भारत और यहां की कला, संस्कृति और विरासत का जश्न मना रहा है। पिछले साल टाटा टी प्रीमियम ने भारत के स्वतंत्रता के बाद के 75 वर्षों की यात्रा के महत्वपूर्ण क्षणों का जश्न मनाया था। इस साल टाटा टी प्रीमियम ने अपने श्देश के धागेश् अभियान के ज़रिए देशवासियों को देश के गौरव के रंगीन और खूबसूरत सफर पर ले जाने की योजना बनाई है। देश के धागे् अभियान में टाटा टी प्रीमियम भारत की समृद्ध हैंडलूम्स विरासत को सम्मानित कर रहा है। भारत की समृद्ध और सांस्कृतिक कलात्मक विरासत में कई विविध कलाएं और संगीत परंपराएं शामिल हैं। भारतीय हैंडलूम्स इस विरासत को सबसे अधिक स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। टाटा टी प्रीमियम के लिमिटेड एडिशन पैक कलेक्शन का हर पैक एक शानदार कैनवास है जो भारतीय कारीगरों के अद्वितीय कौशल और कृतियों को प्रदर्शित करता है। उत्तर प्रदेश के शानदार बनारसी सिल्क से लेकर तमिलनाडु के बेहद खूबसूरत कांजीवरम तक असम के मोहक मुगा सिल्क से लेकर महाराष्ट्र की राजसी पैठनी तक हर हैंडलूम सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। पहल पर टिप्पणी करते हुएए टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेज़ भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्षए पुनीत दास ने कहा स्वतंत्रता दिवस पर देश का गर्व पहल के तहत टाटा टी प्रीमियम देश के निपुण कारीगरोंए उनके समर्पण, कौशल और देश की सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को सम्मानित कर रहा है। इस अभियान में हर भारतीय को हमारे देश के विविध हैंडलूम्स को और देश के गर्व को बुनने वाले धागों को सम्मानित करने के लिए प्रेरित करना चाहते

### सिंगिंग स्टार्स अभियान की शुरुआत

**मुंबई।** भारत का सबसे बड़ा शॉर्ट वीडियो ऐप मौज 7 अगस्त से मौज सिंगिंग स्टार्स अभियान शुरू किया, जो 13 अगस्त तक चलेगा। सप्ताह भर चलने वाली गायन प्रतियोगिता में देश भर के क्रिएटर तीन रोमांचक राउंड में अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और रोमांचक कैश पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। शाम 7 बजे आयोजित होने वाले प्रत्येक राउंड में पुराने जमाने के गानों, दर्शकों की पसंद और 90 बनाम 2000 के दशक जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जैसे-जैसे प्रतियोगी फाइनल में पहुंचेंगे, तीव्रता और उत्साह बढ़ता जाएगा। वर्चुअल गिफ्ट के माध्यम से, मौज दर्शक अपने पसंदीदा क्रिएटर्स को सपोर्ट कर सकते हैं और उन्हें जीत के एक कदम और करीब ले जा सकते हैं।अभियान के बारे में बात करते हुए शशांक शेखर, वरिष्ठ निदेशक, कंटेंट व स्ट्रैटेजी, मौज एवं शेयरचैट ने कहा, संगीत प्रेमियों और उनके फैन्स को एकजुट करने का एक बढ़िया जरिया है लाइव संगीत कार्यक्रम। मौज सिंगिंग स्टार्स एक अनोखा संगीतमय प्रोग्राम प्रस्तुत करता है जहां हमारे असाधारण क्रिएटर्स भारत के सबसे प्रतिष्ठित गायन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मौज में, हम हमेशा युवा भारत के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक समावेशी मंच तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इसके अलावा, पूरे दौर में उपहार देने वाले टॉप दर्शकों को अपने उपहारों पर कैशबैक प्राप्त करने का मौका मिलेगा। क्रिएटर्स और उपहार देने वालों को रोमांचक नकद पुरस्कार जीतने का भी मौका मिलेगा।

### नवाचार के स्मार्ट डिवाइस करेंगे आकर्षित

**मुंबई।** विश्व के उभरते हुए स्मार्ट डिवाइस ब्रांड रेनो-10 5 जी ने घोषणा की है कि उसका रेनो 10 5 जी 27 जुलाई से मात्र 32,999 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह हैंडसेट रात 12 बजे से ओपो ई-स्टोर के साथ - साथ फ्लिपकार्ट और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर भी मिल सकेगा। अल्ट्रा-स्लिम बॉडी वाला रेनो 10 5 जी आइस ब्लू और सिल्वर ग्रे रंग में उपलब्ध होगा। यह एक 3डी कवर्ड बॉडी के साथ वज़न में हल्का और पकड़ने में आसान होगा। साथ ही, आपको बेहतर सराउंड साउंड अनुभव के लिए इसमें डिराक द्वारा परीक्षण किए गए रियल ओरिजिनल साउंड टेक्नोलॉजी के साथ ड्युअल स्टीरियो स्पीकर भी हैं। रेनो 10 5 जी एक शक्तिशाली कैमरा सिस्टम के साथ आता है, जिसमें अल्ट्रा-क्लियर मुख्य कैमरा, टेलीफोटो पोर्टट कैमरा, , अल्ट्रा-वाइड कैमरा और अल्ट्रा-क्लियर सेल्फी कैमरा भी शामिल है।

### सोमैया औंधे मुंह गिरे : लोकायुक्त रिपोर्ट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब ने कहा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल परब ने साई रिसॉर्ट के संबंध में मंगलवार को कहा कि भाजपा नेता किरीट सौमैया औंधे मुंह गिर गए है। लोकायुक्त रिपोर्ट में डापोली के विवादास्पद साई रिसॉर्ट के साथ उनका कोई संबंध नही होने का जिक्र होने का दावा करते हुए परब ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त ने कहा है कि जांच उसके दायरे मे नही है क्योंकि रिसॉर्ट के मालिक सदानंद कदम है तथा वह कोई सरकारी सेवक नही है।पूर्व सांसद सोमैया ने आरोप लगाया था कि रत्नागिरि जिले मे तट के सामने की यह संपत्ति पूर्व मंत्री परब और सदानंद कदम की है।

# सीतामढ़ी में माता सीता के मंदिर, क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने को लेकर हुई बैठक

भाषा। नई दिल्ली

**बिहार के** सीतामढ़ी में रामायण रिसर्च परिषद की ओर से स्थापित की जाने वाली माता सीता की प्रतिमा तथा संबंधित क्षेत्र को पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने को लेकर केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट की अध्यक्षता में मंगलवार को संसद भवन परिसर में एक बैठक की।भट्ट के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इस बैठक में विभिन्न राज्यों से कई महिला सांसदों ने हिस्सा लिया तथा अपने विचार रखे।बयान में कहा गया, महिला सांसदों ने परिषद के इस प्रयास की सराहना की तथा आश्वस्त किया कि जहां भी उनकी आवश्यकता होगी, वह बढ़-चढ़कर इस कार्य में हिस्सा लेंगी और माता सीता की प्रतिमा की स्थापना की दिशा में भी हरसंभव प्रयास करेंगी। बैठक में प्रयागराज से सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सीधी से सांसद रीति पाठक, केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, शिवहर से सांसद रमा देवी, भिण्ड से सांसद संध्या राय, छोटा उदयपुर से सांसद गीताबेन राठवा, भरतपुर से सांसद रंजिता कोली, गुवाहाटी से सांसद क्वीन ओझा, टेहरी गढ़वाल से सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, रायगढ़ से सांसद गोमती साय, राजसमंद से सांसद राजकुमारी दिया कुमारी, बदायूं से सांसद संघमित्रा मौर्य, रायगंज से देबोश्री चौधरी, फूलपुर प्रयागराज से सांसद केशरी देवी समेत कई महिला सांसदों ने हिस्सा लिया।बयान के अनुसार भट्ट ने महिला सांसदों से राजनीति से परे होकर आगे आने की अपील की और इस कार्य को सफल बनाने के लिए एक साथ मिलकर देश की महिलाओं को जागरूक बनाने का आह्वान किया।इस दौरान भट्ट ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लिए 500 वर्षों के संघर्षकाल पर आधारित 1108 पृष्ठ के लिखे जा रहे एक ग्रंथ पर भी चर्चा की, जिसे हिंदी के अलावा 10 अन्य अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जाना है तथा कई देशों में इसका विमोचन किया जाना है। बैठक के दौरान रामायण रिसर्च काउंसिल के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# नूंह की स्थिति का सही तरीके से आकलन नहीं हुआ : दुष्यंत चौटाला




भाषा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को संकेत दिया कि नूंह में स्थिति का आकलन करने में प्रशासनिक चूक हुईं, जहां 31 जुलाई को धार्मिक शोभायात्रा के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। चौटाला ने कहा कि अतिरिक्त डीजीपी (कानून-व्यवस्था) ने कहा था कि आयोजकों ने 3,200 लोगों के साथ शोभायात्रा निकालने की अनुमति ली थी और उसी के अनुसार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। पत्रकारों ने यहां चौटाला से पूछा कि क्या हालात का आकलन करने में खुफिया चूक हुई थी, इसपर उन्होंने कहा, ...प्रशासन के पास मूल्यांकन की कमी थी। वह इस पूरे प्रकरण का ठीक से आकलन नहीं कर सका। (अब स्थानांतरित हो चुके) नूंह के पुलिस अधीक्षक 22 जुलाई से छुट्टी पर थे। उनके पास अतिरिक्त प्रभार था। जिन अधिकारियों से (शोभायात्रा के लिए) अनुमति ली गई थी, वे भी इसका ठीक से आकलन नहीं कर सके। यह एक ऐसा पहलू है, जिसकी जांच की जा रही है। चौटाला ने एक अन्य संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि बलों को ठीक से तैनात नहीं किया गया था। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता चौटाला ने पहले कहा था कि नूंह में भीड़ के हमले का शिकार हुई धार्मिक शोभायात्रा के आयोजकों ने जिला प्रशासन को अपेक्षित भीड़ के बारे में सही जानकारी नहीं दी थी। यह एक चूक है, जिसकी वजह से हो सकता है कि हिंसा हुई हो। नूंह में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की शोभायात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद भड़की सांप्रदायिक झड़प में दो होम गार्ड और एक मस्जिद के नायब इमाम समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हरियाणा इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को नूंह का दौरा कर जिले की स्थिति का जायजा लेगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हरियाणा भाजपा प्रमुख ओपी धनखड़ करेंगे और इसमें हरियाणा के मंत्री बनवारी लाल व पार्टी के कुछ विधायक भी शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल नूंह में कई स्थानों का दौरा करेगा और वहां के लोगों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लेगा।पुलिस ने बताया कि मंगलवार को हरियाणा कांग्रेस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को नूंह जिले के हिंसा प्रभावित गांवों में प्रवेश करने से रोक दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने क्षेत्र में लगाए गए कर्फ्यू और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि प्रतिनिधिमंडल को रोजका मेव गांव में रोका गया।

### नूंह में बेघर हुए लोगों के पुनर्वास का अनुरोध करते हुए जमीयत ने न्यायालय में दी याचिका

**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हरियाणा के नूंह मे हुई सांप्रदायिक हिंसा मे छह लोगो की हत्या के बाद अधिकारियो द्वारा मकान ढहाए जाने से बेघर हुए लोगो के पुनर्वास के लिए निर्देश जारी करने के अनुरोध के साथ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। जमीयत ने एक बयान मे कहा है कि यद्यपि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने सोमवार को हिंसाग्रस्त नूंह मे मकान ढहाए जाने की कार्वाई पर रोक का आदेश तो दिया है, लेकिन इसने विस्थापित और बेघर लोगो के पुनर्वास तथा मुआवजे को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया है।जमीयत के प्रेस सचिव फजलुर रहमान कासमी ने कहा, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्वतः कार्वाई करते हुए हरियाणा के नूंह जिले मे मुस्लिम संपत्तियो पर बुलडोजर की क्रूर कार्वाई पर रोक तो लगा दी है, लेकिन ढहाए जा चुके लगभग साढ़े छह सौ कच्चे और पक्के घरो के निवासियो के पुनर्वास, मुआवजे और मुश्किल वक्त मे उनके प्रवास के लिए न तो कोई निर्देश जारी किया गया है, न दोषी अधिकारियो के खिलाफ कार्वाई के लिए कोई आदेश जारी किया गया है।

# बिलकिस मामला : न्यायालय ने कहा- सार्वजनिक आक्रोश का न्यायिक फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में दी गई छूट की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक आक्रोश उसके (शीर्ष न्यायालय के) न्यायिक फैसलों को प्रभावित नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट कर दिया कि आंदोलनों और समाज के आक्रोश का उसके फैसलों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वह केवल कानून के अनुसार ही चलेगी। पीठ ने बिलकिस की ओर से पेश वकील शोभा गुप्ता से कहा, "सार्वजनिक आक्रोश हमारे न्यायिक निर्णयों को प्रभावित नहीं करेगा। हम केवल कानूनी दलीलों पर विचार करेंगे तथा इस घटना पर जनता के गुस्से के अनुसार नहीं चलेंगे। मान लीजिए, कोई सार्वजनिक आक्रोश नहीं है। क्या हमें आदेश को बरकरार रखना चाहिए? यदि कोई जनाक्रोश है तो क्या इसका यह मतलब है कि यह गलत आदेश है? पीठ की यह टिप्पणी उस वक्त आई, जब बिलकिस की वकील शोभा गुप्ता ने कहा कि दोषियों को सजा में छूट देने पर विचार करते वक्त सार्वजनिक आक्रोश पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में दोषियों की रिहाई के बाद समाज में आक्रोश फैल गया और देश भर में आंदोलन हुए। मंगलवार को जैसे ही सुनवाई शुरू हुई, बिलकिस बानो के वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि गुजरात के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जेल और सुधार उपाय प्रशासन ने दोषियों को छूट दिए जाने के बारे में अपनी नकारात्मक राय दी थी और उनमें से एक-राधेश्याम शाह की समय से पहले रिहाई की सिफारिश नहीं की थी। उन्होंने पीठ को बताया कि गुजरात सरकार की नौ जुलाई, 1992 की छूट नीति के तहत समय से पहले रिहाई की मांग करने वाली राधेश्याम शाह की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय ने अस्वीकार कर दी थी, जिसके बाद उसने राहत के लिए रिट याचिका के जरिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने पीठ से पूछा, इस अदालत के समक्ष यह रिट याचिका कैसे कायम रखी जा सकती है, जबकि उसने पहले ही अनुच्छेद 226 के तहत (उच्च न्यायालय के समक्ष) अपने अधिकार का इस्तेमाल कर लिया है।

# पुणे की अदालत ने आतंकी मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस से एनआईए को सौंपने का आदेश दिया

**पुणे।** पुणे की एक विशेष अदालत ने कथित आतंकी साजिश मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस से लेकर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया। इस मामले में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। लोक अभियोजक विजय फरगाडे ने बताया कि विशेष अदालत ने एटीएस को सभी पांच आरोपियों को एनआईए की हिरासत में दे देने का भी निर्देश दिया और केंद्रीय जांच एजेंसी को उनकी ट्रांजिट रिमांड भी सौंपी। एनआईए ने गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के अलावा भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुंबई में नए सिरे से मामला दर्ज किया है। फरगाडे ने बताया कि अदालत ने जांच तथा मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान (23), मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी (24) , जुल्फिकार अली बड़ौदावाला और कादिर दस्तगीर समेत पांच संदिग्धों की हिरासत एनआईए को सौंपने का आदेश जारी किया। एक अन्य गिरफ्तार संदिग्ध का नाम नहीं बताया गया है।पांच आरोपियों में चार को महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार किया था, जबकि बड़ौदावाला एनआईए की हिरासत में था।खान और साकी को पिछले महीने पुणे के कोथरूड क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चुराते हुए पुलिस ने पकड़ा गया था, जबकि अन्य संदिग्ध शाहनवाज आलम भाग गया था। जांच में खुलासा हुआ है कि साकी और खान राजस्थान में आतंकी साजिश से जुड़े मार्च 2022 के मामले में एनआईए द्वारा वांछित थे और वे कथित तौर पर अल सूफिया संगठन के सदस्य थे। एनआईए के इस मामले में कुछ गिरफ्तारियां करने के बाद ए रतलाम से भाग गए थे। जांचकर्ताओं ने यह बात कही थी। एनआईए ने पुणे की अदालत से कहा था कि उसने मुंबई में नया मामला दर्ज किया है।

### धंसाव से प्रभावित निवासियों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा: सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कहा कि राज्य में हाल में आई बाढ़ के चलते धंस रहे कुट्टी गांव के निवासियों को किसी और जगह स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होने अधिकारियों को उनके पुनर्वास के लिए उचित भूमि की पहचान का निर्देश दिया। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार कुट्टी से स्थानांतरित किए जाने वाले लोगों को घर निर्माण के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। सुक्खू राज्य मे हुई मूसलाधार बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए शिमला जिले के दो दिवसीय दौरे पर है। उन्होंने दिन मे चौपाल विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया।

### टीवीएस का इनीशियल पब्लिक ऑफर 10 को

**नई दिल्ली।** टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड कंपनी 10 अगस्तए 2023 को इक्विटी शेयरों का अपना इनीशियल पब्लिक ऑफर ऑफरष् खोलने का प्रस्ताव रखा है। एंकर निवेशकों के लिए बोली की तारीख बोली से एक कार्य दिवस पहले है। ऑफर खुलने की तारीख यानी बुधवार 9 अगस्त 2023। बोली ऑफर बंद होने की तारीख सोमवार 14 अगस्त 2023 होगी। ऑफर का प्राइस बैंड 187 रुपए प्रति इक्विटी शेयर से रुपए 197 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 76 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 76 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।ऑफर में 600 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों की इतनी संख्या का एक नया इश्यू फ्रेश इश्यूऔर 14,213,198 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

### आरोपी पादरी को अग्रिम जमानत दी

**पणजी।** गोवा की एक अदालत ने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज पर कथित टिप्पणी करने के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे कैथोलिक ईसाई धर्म के फादर बोलमैक्स फिडेलिस परेरा को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। अपर सत्र न्यायाधीश क्षमा जोशी ने फादर परेरा को अग्रिम जमानत दी जिनके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राहुल करेंगे गुजरात से मेघालय की पदयात्रा, महाराष्ट्र में प्रदेश इकाई खुद की यात्रा निकालेगी : पटोले

भाषा। मुंबई

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी गुजरात से मेघालय तक की पदयात्रा करेंगे और इस दौरान पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के नेता एवं कार्यकर्ता राज्य में पदयात्रा निकालेंगे। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पटोले ने कहा कि उनका दल लोगों से बातचीत करने और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार और महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार को बेनकाब करने के लिए अगले महीने एक बस यात्रा भी करेगा। भाजपा महाराष्ट्र में शिंदे सरकार का हिस्सा है। पटोले ने कहा कि गांधी जब अगस्त के अंत में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक के लिए मुंबई पहुंचेंगे तो पार्टी द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

### शर्मिला ने राहुल गांधी को बधाई दी, कांग्रेस के साथ दोस्ती की अटकलें गर्म हुईं

**हैदराबाद।** वाईएसआर तेलंगाना कांग्रेस की संस्थापक वाईएस शर्मिला ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने पर उन्हे मंगलवार को बधाई दी। इससे इस बात को लेकर अटकलों को बल मिला है कि तेलंगाना के राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की बहन की पार्टी वाईएस कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकती है।

# खरगे और राहुल की असम के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक

● लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

भाषा। नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को पार्टी की असम इकाई के नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में चर्चा की गई।पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी महासचिव एवं असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन बोरा, सांसद गौरव गोगोई, अब्दुल खालिक और कई अन्य नेता मौजूद थे।बैठक के बाद खरगे ने ट्वीट किया, असम में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। हम संगठन को फिर से मजबूत कर रहे हैं। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को लोगों तक पहुंचना चाहिए और भाजपा के कुशासन और अक्षमता को उजागर करना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने असम का निर्माण किया और राज्य में शांति, प्रगति और कल्याण सुनिश्चित किया। आज असम प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ रणनीति बैठक में राज्य के सामने आने वाले कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, "अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बैठक के दौरान असम कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात की।

